सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 40.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-300 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025
26 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




### सर्वदलीय बैठक : पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार को मिला विपक्ष का साथ

# आतंक के खिलाफ देश एकजुट : रिजिजू

- समूचे विपक्ष ने की एक स्वर में घटना की निंदा
- दोषियों को सख्त सजा देने की उठी मांग
- सरकार ने हमले के बाद उठाए गए कदमों से विपक्ष को कराया अवगत



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले को लेकर गुरुवार को दिल्ली में आयोजित सर्वदलीय बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं ने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की मांग की। बैठक में विपक्षी सांसदों ने सुरक्षा चूक का मुद्दा भी उठाया। हालांकि, उन्होंने सरकार को आश्वासन दिया कि वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उसके साथ हैं।

वहीं सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को पहलगाम आतंकवादी हमले की जानकारी दी और उनके विचार सुने। बैठक शुरू होने पर पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के सम्मान में कुछ देर का मौन रखा गया। सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू मौजूद थे। राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी उपस्थित रहे। बैठक में हिस्सा लेने वाले अन्य नेताओं में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की सुप्रिया सुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन औवेसी, बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के लावु श्रीकृष्ण देवरायलु, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सुदीप बंदोपाध्याय, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रेमचंद गुप्ता, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी शिवा और समाजवादी पार्टी (सपा) के रामगोपाल यादव शामिल हैं। सर्वदलीय बैठक के एक दिन पहले सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा की थी। सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला बुधवार को लिया गया था। इस दौरान किरेन रिजिजू ने कहा, सभी ने इस बात पर सहमति जताई है कि भारत को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए। भारत ने पहले भी आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और आगे भी करता रहेगा। सरकार की तरफ से सर्वदलीय बैठक में इस पर चर्चा की गई है। आईबी, गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने घटना के बारे में जानकारी दी कि घटना कैसे हुई और कहां चूक हुई। सभी दलों ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में वे सरकार के साथ हैं।

# पीएम मोदी ने बिहार को 13,500 करोड़ रुपये की दी सौगात

- चार नई ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी
- आतंकियों को ढूंढकर निकालेंगे और न्याय करेंगे : प्रधानमंत्री



**मधुबनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां करीब 13,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन चार नयी ट्रेनों में सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल, पिपरा-सहरसा तथा सहरसा-समस्तीपुर के बीच चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

अपने संबोधन में पहलगाम में आतंकी हमले की घटना के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से आतंकियों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में इस हमले की साजिश रचने वालों और इसे अंजाम देने वालों को चेताते हुए कहा कि उन्हें सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है। वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था।

## यूपी बोर्ड का 10वीं और 12वीं का आज जारी होगा परिणाम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 का परिणाम कल जारी किया जाएगा। बोर्ड दोपहर 12.30 बजे परिणाम घोषित करेगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस संबंध में पत्र जारी कर जानकारी साझा की है। इसी के साथ कल करीब 54 लाख से अधिक विद्यार्थियों का इंतजार समाप्त हो जाएगा। यूपी बोर्ड शुक्रवार, 25 अप्रैल को नतीजे प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ऑनलाइन मोड में जारी करेगा। आप अमर उजाला पर सबसे पहले रिजल्ट देख पाएंगे। यूपी बोर्ड की 10वीं कक्षा में प्राची निगम ने 591 अंक प्राप्त करके पहला स्थान हासिल किया था। दीपिका सोनकर ने 590 अंक प्राप्त किए, जबकि नव्या सिंह, स्वाति सिंह, और दीपांशी सिंह ने 588 अंक प्राप्त किए।

# प्रदेश के 12 लाख पेंशनरों का बढ़ा डीए

- एक जनवरी से दरें 53 से बढ़कर हुई 55 फीसदी
- तीन लाख रुपये के वार्षिक आय वाले भी सामूहिक विवाह योजना के लिए पात्र
- अब मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर करेंगे वाहनों की जांच



**लखनऊ।** राज्य सरकार ने पेंशनरों की महंगाई राहत की दर भी दो प्रतिशत बढ़ा दी है। इसका शासनादेश बृहस्पतिवार को जारी हो गया। बढ़ी हुई महंगाई राहत दर का लाभ प्रदेश के 12 लाख से ज्यादा पेंशनरों को मिलेगा। ये वृद्धि एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। इसी के साथ महंगाई राहत की दर 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो गई है।

ये आदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों और सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। उनके संबंध में संबंधित विभागों द्वारा अलग से निर्देश जारी किए जाएंगे। केंद्रीय सेवाओं के पेंशनरों के संबंध में अलग से आदेश पहले से जारी किए जा चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ पाने के लिए निर्धारित 2 लाख रुपये वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर 3 लाख रुपये करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह योजना वंचित वर्ग के लिए बड़ा संबल बनी है। ज्यादा से ज्यादा परिवार योजना से लाभान्वित हों इसके लिए पात्रता के लिए निर्धारित अधिकतम वार्षिक आय सीमा को बढ़ाना जरूरी है। वे बृहस्पतिवार को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नए वित्तीय वर्ष से सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र नवविवाहित जोड़ों को 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इसमें से 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में जमा किए जाएं, नवविवाहित जोड़े को 25 हजार रुपये के उपहार दिए जाएं और शेष 15 हजार रुपये वैवाहिक समारोह में व्यय हों। उन्होंने इस व्यवस्था को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षकों (आरआई) का पदनाम बदलकर मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) कर दिया गया है। वे अब यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच व जुर्माना लगा सकेंगे। परिवहन विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। विभाग की ओर से 22 अप्रैल को जारी अधिसूचना में तत्कालीन प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने ये पॉवर एमवीआई को दी है। एमवीआई अब वाहन स्वामी से रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, परमिट स्वस्थता प्रमाण पत्र, डीएल, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र की चेकिंग कर सकेंगे। एमवीआई को वाहनों की जांच का अधिकार मिलने पर अब सड़क पर अनफिट चल रहे वाहनों पर कार्रवाई में तेजी होगी।

## दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन, मुर्दाबाद के लगे नारे




**नई दिल्ली।** पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के विरोध में आज गुरुवार को दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के पास सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर सैलानी थे। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए और तख्तियां लेकर पड़ोसी देश के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की और पाकिस्तान पर भारत में आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता भी शामिल थे। साथ ही 'एंटी-टेरर एक्शन फोरम' जैसे कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। 'एंटी-टेरर एक्शन फोरम' के एक सदस्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ''इससे पहले सरकार ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' की थी। हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए फिर से उसी तरह की कार्रवाई की मांग करते हैं। यह निर्दोष पर्यटकों पर एक शर्मनाक हमला था।

## सिंधु जल संधि रोकने से बौखलाया पाकिस्तान भारत के लिए बंद किया हवाई क्षेत्र



**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक की। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से स्थगित किए गए। पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किए। एनएससी बैठक के बाद पाकिस्तान ने कहा, पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह 240 मिलियन पाकिस्तानियों के लिए जीवन रेखा है। भारत ने पानी रोका तो उसे युद्ध जैसा कृत्य माना जाएगा। पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग में स्थित सैन्य सलाहकारों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा है।

## अटारी बॉर्डर ग्राउंड रिपोर्ट : वापस लौटे 104 पाकिस्तानी 29 भारतीय भी आए, बिना गेट खोले हुई रिट्रीट सेरेमनी

- बॉर्डर बंद होने से व्यापार होगा प्रभावित
- हुसैनीवाला व सादकी बॉर्डर पर हुई रिट्रीट सेरेमनी



**अमृतसर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर वापस जाने के आदेश दिए थे। वीरवार सुबह करीब आठ बजे से ही अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिक पहुंचने शुरू हो गए। उन सभी नागरिकों के दस्तावेज चेक करने के बाद बीएसएफ अधिकारियों ने उन्हें बॉर्डर क्रॉस करवा दिया गया। शाम करीब पांच बजे तक 104 पाकिस्तानी नागरिक अपने देश लौट गए। इसी तरह 29 भारतीय पाकिस्तान से भारत लौटे।

रोजाना की तरह वाघा बॉर्डर पर बीएसएफ ने रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन किया, लेकिन इस दौरान गेट बंद रखे गए। दोपहर तक सेरेमनी में पहुंचने वाले पर्यटकों को वापस भेजा जा रहा था लेकिन बाद में आदेश जारी कर बॉर्डर तक पहुंचे पर्यटकों को सेरेमनी की परमिशन दे दी गई। आम तौर पर रोजाना 25 हजार से ज्यादा पर्यटक सेरेमनी देखने आते हैं, लेकिन वीरवार को यह संख्या केवल तीन से चार हजार थी। अटारी बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तानी लौटे महमूद अहमद ने कहा कि कुछ दिन पहले वह भारत अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए आए थे। वह चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच शांति बनी रहे और दोनों तरफ के लोग आपस में मिलते रहे। कानपुर से आई सीमा नामक महिला को अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं मिली। सीमा ने रोते हुए कहा कि उसकी बहन चंदा आफताब कराची में है और वह गंभीर बीमार है। उससे मिलने के लिए पाकिस्तान से वीजा प्राप्त किया था। अब मुझे उस पार नहीं जाने दिया जा रहा। आतंकियों की क्रूरता के कारण इन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने आईसीपी को भी बंद करने के आदेश जारी किए हैं। भारत का अफगानिस्तान के साथ व्यापार होता है। इसके लिए ट्रक वाया पाकिस्तान आते हैं। फिलहाल जो ट्रक आईसीपी पर पहुंच गए हैं, उन्हें आने दिया जा रहा है। मगर आने वाले दिनों में यह पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। जिससे स्थानीय व्यापारियों को काफी ज्यादा घाटा होगा। ऐसे में अब व्यापारियों को किसी अन्य मार्ग से अफगानिस्तान से माल मंगवाना होगा, जिससे कीमत बढ़ने की संभावना है। फिरोजपुर के हुसैनीवाला बॉर्डर और फाजिल्का के सादकी बॉर्डर पर वीरवार को बीएसएफ और पाकिस्तान रेंजर्स के बीच रिट्रीट सेरेमनी हुई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर रिट्रीट सेरेमनी में बीएसएफ जवानों ने अपना गुस्सा जाहिर किया। परेड में लोग काम आए थे। क्योंकि सोशल मीडिया पर यह खबरें चल रही थी कि रिट्रीट सेरेमनी नहीं होगी।

## भीषण गर्मी के चलते लखनऊ में स्कूलों का बदला समय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा एक से आठ तक के सभी परिषदीय स्कूलों का समय बदल दिया गया है। इसके लिए शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने सभी स्कूलों को आदेश का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया है। प्रदेश में शुक्रवार से सभी स्कूलों का संचालन अग्रिम आदेश तक सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 तक किया जाएगा। अभी तक लखनऊ में प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 तक विद्यालय संचालित किए जाते थे। जबकि शिक्षक सुबह 7:30 से लेकर दोपहर 01:30 बजे तक रुकेंगे। बच्चों की छुट्टी के बाद शिक्षक अन्य जरूरी काम पूरा करेंगे। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को यह पत्र जारी किया है।

# 27 अप्रैल तक भारत छोड़ दें पाकिस्तानी नागरिक

- मोदी सरकार ने दिया अल्टीमेटम



**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर इस्लामाबाद के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के तहत बृहस्पतिवार को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। इसने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध रहेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा अवधि समाप्त होने से पहले देश छोड़ देना चाहिए। इसने भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने का परामर्श दिया और पाकिस्तान में मौजूद लोगों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की सलाह दी। पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई थी, जिसमें इस कायरतापूर्ण हमले के प्रति भारत के जवाबी कदमों को अंतिम रूप दिया गया तथा सुरक्षा बलों को ''उच्च सतर्कता'' बनाए रखने का निर्देश दिया गया। भारत ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए उसके साथ राजनयिक संबंधों में व्यापक कटौती, छह दशक से ज्यादा पुरानी सिंधु जल संधि स्थगित करने और अटारी चौकी को बंद किए जाने समेत कई फैसले किए थे।

### युद्धाभ्यास — आतंकियों के खात्मे का काउंटडाउन शुरू

# राफेल और सुखोई का 'आक्रमण' अभ्यास

- पूर्व से कई लड़ाकू और ट्रांसपोर्ट विमान पहुंचे
- कई शीर्ष पायलट भी अभ्यास में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दियाहै। वायुसेना ने इस अभ्यास का नाम आक्रमण रखा गया है। वायुसेना के इस युद्धाभ्यास में मुख्य लड़ाकू विमानों की टुकड़ियां हिस्सा ले रही हैं। इसमें सबसे आगे राफेल लड़ाकू विमान हैं। भारतीय वायुसेना के पास राफेल विमानों की दो स्काड्रन हैं, जो अंबाला (हरियाणा) और हाशिमारा (पश्चिम बंगाल) में तैनात हैं।

इस युद्धाभ्यास में पायलट पहाड़ी और जमीनी दोनों ही लक्ष्यों पर हमला करने के मिशन को अंजाम दे रहे हैं। युद्ध अभ्यास के लिए पूर्वी क्षेत्र से भी कई लड़ाकू और ट्रांसपोर्ट विमान पहुंचाए गए हैं। इस युद्धाभ्यास के तहत भारतीय वायुसेना के पायलट लंबी दूरी की उड़ानें भर रहे हैं। पायलटों को वास्तविक युद्ध जैसा अनुभव देने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस अभ्यास की शीर्ष स्तर पर भी निगरानी के जा रही है। यह युद्धाभ्यास ऐसे समय हो रहा है जब भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद तनाव बढ़ा है। यह युद्धाभ्यास एयर हेडक्वार्टर्स की कड़ी निगरानी में हो रहा है। इसमें वायुसेना के शीर्ष पायलट भाग ले रहे हैं, जिन्हें अनुभवी प्रशिक्षकों की निगरानी में अभ्यास कराया जा रहा है। बता दें कि, फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक में भी भारतीय वायुसेना की अहम भूमिका रही थी। तब वायुसेना ने मिराज-2000 विमानों का उपयोग किया था, लेकिन उसके बाद से वायुसेना में कई फोर्स मल्टीप्लायर शामिल किए गए हैं। आतंकवादियों ने मंगलवार 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन मैदान में पर्यटकों पर हमला किया, जिसमें 25 भारतीय नागरिक और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। इस हमले के बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद के समर्थन के लिए पाकिस्तान के खिलाफ कड़े जवाबी कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखने का फैसला किया जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता और एकीकृत अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया है।

# डीएम, एसपी और विधायक ने किया घाघी नाला और रपटा पुल का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने गुरुवार को विधायक निघासन पटेल शशांक वर्मा के साथ तहसील निघासन के अंतर्गत लुधौरी के मजरे रानीगंज स्थित घाघी नाला का दौरा किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने न सिर्फ मौके की वस्तुस्थिति का जायजा लिया, बल्कि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं। इस दौरान भाजपा नेता राज राजेश्वर सिंह, एसडीएम राजीव कुमार निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे विधायक और डीएम, एसपी ने सिंचाई विभाग के अफसरों से नक्शों के माध्यम से पूरी वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएं, ताकि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।डीएम ने आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और बाढ़ से बचाव के लिए सभी जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन की सक्रियता की सराहना की और अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद जताई।

## फ्यूचर चैम्प पब्लिक स्कूल में अज्ञात कारणों से लगी आग, स्कूल में खड़ी दो गाड़ियां जलकर राख

**लखीमपुर-खीरी।** थाना क्षेत्र के खखरा में स्थित फ्यूचर चैम्प पब्लिक स्कूल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे स्कूल में खड़ी दो गाड़ियां जलकर राख हो गई और मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग से स्कूल में खड़ी दो चार पहिया वाहन जल गए। आग बच्चों की छुट्टी होने के बाद लगभग करीब 2:15 बजे लग गई। धुआं उठने पर लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। इससे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाती। इससे पहले ही स्कूल परिसर में के गैरज में खड़ी एक मारुति वैन और एक इको गाड़ी जल गई। दमकल कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## खाना बनाते समय लगी अचानक भीषण आग

**लखीमपुर-खीरी।** ओयल कस्बे के मोहल्ला जगतिया में गुरुवार की दोपहर खाना बनाते समय अचानक भीषण आग लग गई। इससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। कस्बे के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। सूचना के पौन घंटे बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। समय से फायर ब्रिगेड के न पहुंचने से लोगों में काफी रोष दिखा कस्बा ओयल के मोहल्ला जगतिया में मजदूरी पेशा लोग अपने कामों पर गए थे। घरों में महिलाएं और बच्चे थे। बताया जाता है कि पवन पुत्र रमेश के घर दोपहर करीब 12 बजे चूल्हे पर खाना बन रहा था। इसी बीच उड़ी चिंगारी से आग लग गई। परिजनों ने शोर-शराबा करते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन हवा तेज होने के कारण वे असफल रहे और आग की लपटें उठने लगीं। यह देख घरों और मोहल्ले में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई शोर-शराबा होने पर कस्बे के बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। हवा के झोंके से आग की लपटें एक के बाद दूसरे घर को अपनी चपेट में लेकर आगे बढ़ रही थीं। इससे मोहल्ले के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लोग बदहवास हालत में अपने घरों में रखा सामान निकालकर उसे सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की कोशिश करने लगे मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सूचना के करीब पौन घंटे बाद फायर ब्रिगेड और यूपी 112 पुलिस पहुंची। इससे पहले ही कस्बे के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पा लिया और उसे बढ़ने से रोक लिया। इस अग्निकांड में रामलखन, खिलावन, अंकित, विष्णु और मंगू के घर जल गए। घरों में रखी नकदी, कपड़े, बर्तन, अनाज, बक्सा, तख्त आदि सामान जलकर राख हो गया।

## मंडी समिति पुलिस चौकी के पास ई रिक्शा चालक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र की मंडी समिति पुलिस चौकी के समीप एक ई रिक्शा चालक द्वारा अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया गया है।घटना के बाद पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया गया है। बताया जाता है कि ई रिक्शा चालक ट्रैफिक पुलिस द्वारा पैसे की मांग को लेकर काफी परेशान था,बृहस्पतिवार को मंडी समिति के पास रहने वाला अनुज अपने ई-रिक्शा सहित मंडी समिति पुलिस चौकी के पास से गुजर रहा था, तभी मंडी पुलिस चौकी के समीप ट्रैफिक इंसेक्टर द्वारा उनके ई-रिक्शा का चालान कर दिया गया।आरोप है कि इससे एक दिन पूर्व पुलिस लाइन चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनुज से चालान का डर दिखाकर एक हजार वसूल लिए गए थे, इसी से क्षुब्ध होकर अनुज बृहस्पतिवार को एक बोतल में पेट्रोल लेकर मंडी समिति पुलिस चौकी के पास पहुंच गया जहां उसने ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया।गनीमत यह रही की वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल उसे रोक कर हिरासत में ले लिया और उसे थाने ले गए।

## मादक पदार्थ की बिक्री करते एक नशा तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना बड़गॉंव पुलिस ने मादक पदार्थ की बिक्री करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 194 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक योगेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर नितिन शर्मा उर्फ कल्लू पुत्र सतीश उर्फ प्रमोद शर्मा निवासी ग्राम मोरा थाना बड़गांव को 194 ग्राम अवैध चरस के साथ नहर पटरी मोरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## 02 नफर वांछित अभियुक्तगण व 01 नफर महिला अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 20/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बंधित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण व 01 नफर महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है।अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है दीपक कुमार उर्फ दीपू गुप्ता पुत्र प्रेमचन्द्र गुप्ता उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम मोहम्मदपुर थाना फरधान प्रेमचन्द्र गुप्ता पुत्र छोटेलाल उम्र करीब 54 वर्ष नि0 ग्राम मोहम्मदपुर थाना फरधान ।

## घर में भीषण आग लगने से हुई पांच साल की बच्ची की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर के गांव बिरसिंहपुर में एक घर में बुधवार की रात भीषण आग लग गई। आग से झुलसकर एक पांच साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं चार बकरियां भी झुलस गईं। घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है गांव बीरसिंहपुर निवासी रामस्वरूप बहेलिया ने बताया कि बुधवार की रात उनके घर में अचानक आग लग गई। आंच लगने पर उन्हें आग लगने की जानकारी हुई। इस पर वह परिवार समेत किसी तरह से जान बचाकर बाहर भागे और शोर-शराबा किया। जब तक ग्रामीण आते और काबू पाते, इससे पहले लपटों ने डगरू के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से झुलसकर रामस्वरूप की पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई घर में रखा 15 क्विंटल गेहूं और 20 हजार नकदी समेत सारा सामान जल गया। डगरू के घर का भी सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया। चार बकरियां भी जलकर झुलस गईं। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर तहसील धौरहरा प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी है।

# सीएम दौरे की तैयारियां तेज़ डीएम-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायज़ा

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सतर्क और सक्रिय मोड में आ गया है। इसी क्रम में गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा ने दौरे से जुड़ी तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।डीएम-एसपी ने प्रस्तावित हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल, रूट प्लान और यातायात प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक बिंदु की बारीकी से समीक्षा की। मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए कि सुरक्षा, सुविधा और समयबद्धता में कोई भी कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें। उन्होंने विशेष रूप से आमजन की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक डायवर्जन प्लान को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। एसपी संकल्प शर्मा ने रूट सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए।

## ताजनगरी क्षेत्र में रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या



**आगरा।** ताजगंज थाना क्षेत्र में शिल्पग्राम रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के दौरान दूसरे युवक को भी गोली के छर्रे लगे हैं, जिसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। हत्या के बाद हमलावर तमंचा लहराते हुए वहां से फरार हो गए। घटना बुधवार देर रात की है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ताजगंज थाना क्षेत्र में गुलफाम (27) का शिल्पग्राम रोड पर रेस्टोरेंट है। बुधवार की रात को रेस्टोरेंट बंद करने की तैयारी चल रही थी। गुलफाम अपने साथियों के साथ रेस्टोरेंट के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। उसी समय एक स्कूटी से तीन युवक पहुंचे। युवकों ने अपनी स्कूटी रेस्टोरेंट से थोड़ा आगे खड़ी की और गुलफाम के पास आए। इसके बाद एक युवक ने गुलफाम को गोली मार दी, जिससे वह जमीन पर गिर गया। बदमाशों ने रेस्टोरेंट में काम करने वाले दूसरे युवक सैफ अली पर भी गोली चलाई, लेकिन वह बच गया गोली के कुछ छर्रे उसे लगे। फायरिंग के बाद युवक तमंचा लहराते हुए वहां से भाग गए, जिससे लोग डर गए। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी मौके पर आए पुलिस को सूचना दी गई। घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी शाहिद अली ने पुलिस को बताया कि हमलावरों को नहीं पहचान पाए। गुलफाम शादीशुदा था और उसके तीन बच्चे हैं।

## सेवा आगरा ने शुरू की शीतल जल सेवा, भीषण गर्मी में सूखे कंठ को मिलेगी राहत



**आगरा।** तपती गर्मी में प्यास से बेहाल राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से सेवा आगरा संस्था द्वारा सुल्तानगंज की पुलिया चौराहा पर शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा पूरे वर्ष उपलब्ध रहेगी, जिससे राहगीर स्वच्छ व शीतल जल का लाभ ले सकेंगे। गुरुवार को जनकल्याण की इस पहल का उद्घाटन सेवा आगरा के अध्यक्ष एवं पार्षद मुरारी लाल गोयल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि जल सेवा की इस मुहिम में आगरा के सभी सामाजिक संगठन आगे आए और इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और ÷गर्मी में हर व्यक्ति को स्वच्छ व ठंडा पानी सुलभ हो, इसी उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष तक फूस की प्याऊ लगाई जाती थी किंतु इस बार टीन शेड में बॉक्स बनाकर प्याऊ लगाई गई है जिससे प्याऊ के अंदर स्वच्छता और शीतलता बनी रहे। मटके का प्राकृतिक शीतल जल राहगीरों को प्याऊ में पिलाया जाएगा।

संस्था की संस्थापक सुमन गोयल ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर राहगीरों को शरबत व मौसमी फल भी वितरित किए गए। सेवा कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राहगीरों ने कहा कि ÷इस चिलचिलाती गर्मी में यदि रास्ते में ठंडा व स्वच्छ पानी मिल जाए, तो यह किसी वरदान से कम नहीं।

## बुग्गी से गेंहू चोरी करने वाला एक वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने ग्राम आभा से एक घेर में खड़ी बुग्गी से गेहूँ चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे चोरी किये गये 04 गेहूँ के कट्टे बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना गागलहेड़ी प्रभारी सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 21 अप्रैल को वादी विशाल कुमार पुत्र मनीराम निवासी ग्राम आभा थाना गागलहेड़ी की तहरीर पर अज्ञात चोरो के खिलाफ उसके घेर से एक बाईक व घेर में खड़ी गेहू की बुग्गी से 4-5 कुन्टल गेहू चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक लोकेश सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान बाईक व गेहूँ चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी घटना में वांछित आरोपी सौरभ पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम गडौला थाना गागलहेड़ी को ग्राम गडौला से चुड़ियाला जाने वाली रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी के चार कट्टे गेहूं के बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। पूछताछ में दबोचे गये आरोपी ने खुलासा किया कि उसने 20 अप्रैल की रात को अपने साथी के साथ मिलकर ग्राम आभा से विशाल के घेर में घुसकर घेर में खडी बुग्गी से 06 कट्टे गेहूँ और एक बाईक भी चोरी की थी।

## जॉइंट डायरेक्टर ने आईएमए पदाधिकारियों के साथ बैठक कर, दिए निर्देश

# बोले-एजेंटों के माध्यम से अस्पताल आने वाले मरीजों को ना करें भर्ती

### एम्बुलेंस चालक भी इस कार्य में लिप्त पाया जाता है तो होगी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**बदायूं।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंडलीय संयुक्त निदेशक द्वारा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ सीएमओ कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बृहस्पतिवार को सीएमओ कार्यालय में बरेली मंडल के संयुक्त निदेशक डॉक्टर तेजपाल सिंह राठौर इंडियन मेडिकल संगठन के पदाधिकारियों के साथ रूबरू थे।उन्होंने सभी सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया है कि कुछ एजेंट प्राइवेट अस्पतालों में कमीशन के कारण मरीज को भर्ती कराकर उपचार कराने में संलिप्त हैं।इसलिए वह अपने यहां मरीज को भर्ती करते समय ख्याल रखें और ऐजेंटो के माध्यम से अपने यहां मरीज को भर्ती ना करें। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई कृत्य प्रकाश में आता है तो संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।संगठन पदाधिकारीयों द्वारा श्री सिंह को अशवस्त करते हुए कहा गया है कि उनका यह संदेश सभी निजी चिकित्सकों को प्रसारित करने के साथ-साथ उसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। संयुक्त निदेशक श्री सिंह ने चिकित्सा प्रतिष्ठान के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आम जनमानस के लिए यह प्रकाशित कराएं कि मरीज एजेंट के माध्यम से किसी भी निजी चिकित्सालय में ना जाएं। उन्होंने कहा कि मरीज बेहतर इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही स्वास्थ्य लाभ लें। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई 102-108 एम्बुलेंस,रोगी को निजी चिकित्सालय में छोड़ती है तो यह माना जाएगा की वह भी एजेंट की तरह प्राइवेट अस्पतालों से कमीशन के कारण जानबूझकर इस कार्य में लिप्त है। उन्होंने एंबुलेंस के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह एंबुलेंस की मनिटरिंग तथा यात्रा सत्यापित करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें की एम्बुलेंस का गंतव्य कहां था।

## गौचर की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों से खाली कराई जाए भूमिः पशुधन मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**बदायूं।** उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में पशुपालन, विकास विभाग व सभी उप जिलाधिकारियों व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ भूसा प्रबंधन, गौ संरक्षण आदि बिंदुओं पर आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि निराश्रित गौवंशों का संरक्षण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से है।उन्होंने बैठक में पशु चिकित्सा अधिकारी प्याउं के बिना बताए अनुपस्थित रहने पर उनका एक दिन का वेतन काटने व स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

बृहस्पतिवार को आहूत इस बैठक में मंत्री ने सभी खंड विकास अधिकारियों व पशु चिकित्सा अधिकारियों की एक-एक कर उपस्थित जांची। उन्होंने गौचर की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए कहा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अगर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले वहां से अवैध कब्जा नहीं हटाते है तो उन्हें भूमाफिया में चिन्हित कर जेल भेजें तथा चारागाह की भूमि को खाली कराकर वहां गौवंशों के लिए चारा बोयें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने कान्हा गौशालाओं की जनपद में स्थिति की जानकारी ली व बनवाने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि एक वृहद गौशाला के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें ताकि उसकी भी स्वीकृत कराई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर गोवंशों के नस्ल सुधार का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए अच्छी गुणवत्ता का सीमेन वीर्य भी उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही बधियाकरण पर भी कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य,पूर्व एमएलएसी0 जितेंद्र यादव, अपर निदेशक पशुपालन विभाग डॉ0 संगीता तिवारी सहित सभी उप जिलाधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ की बिक्री करते एक नशा तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना बड़गॉंव पुलिस ने मादक पदार्थ की बिक्री करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 194 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक योगेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर नितिन शर्मा उर्फ कल्लू पुत्र सतीश उर्फ प्रमोद शर्मा निवासी ग्राम मोरा थाना बड़गांव को 194 ग्राम अवैध चरस के साथ नहर पटरी मोरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# आतंकी घटना के विरोध में व्यापारी सड़कों पर उतरे, किया पुतला दहन

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज नेहरू मार्केट व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारी आज सड़कों पर उतर पड़े।



आक्रोशित व्यापारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और उसके पुतले को दहन कर इस बर्बरता पूर्ण घटना को सम्पूर्ण भारत की अस्मिता और मानवता के विरुद्ध एक शर्मनाक कृत्य बताया।

नेहरू मार्केट व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया। नेहरू मार्केट व्यापार संगठन के अध्यक्ष नरेश कुमार व सचिव अमित बत्रा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन में 23 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले की घोर निंदा करते हैं। इस नृशंस हमले में 27 निर्दोष लोगों की जान गई। जिनमें 25 भारतीय पर्यटक, एक नेपाली नागरिक और एक स्थानीय गाइड शामिल थे।

यह हमला न सिर्फ कश्मीर की शांति पर आघात है, बल्कि सम्पूर्ण भारत की अस्मिता और मानवता के विरुद्ध एक शर्मनाक कृत्य है। उन्होंने शोक संतृप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नेहरू मार्केट व्यापार संगठन के चेयरमैन विजय चावला, संयोजक राज कुमार मक्कड़ ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस घटना के दोषियों को शीघ्र पकड़ा जाए और उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाए। पुतला दहन करने वालो में चेयरमैन विजय चावला, राजकुमार मक्कड़, उपाध्यक्ष विशाल लूथरा, संयोजक अनिल गुप्ता, अभिषेक चावला विजय शर्मा, प्रीतम चावला, आयुष मुंजाल, पवन, लवली, विशाल, अजय चुग आदि शामिल रहे।

## पंचायती राज प्रणाली भारतीय लोकतंत्र की नींव को सशक्त बनाती हैः एसपी सिंह बघेल



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण मधुबनी, बिहार से किया गया। इस अवसर पर जनपद आगरा की ग्राम पंचायत अहारन, एत्मादपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल (राज्यमंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार) की उपस्थिति रही। साथ ही विधायक धर्म पाल सिंह भी कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। मंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की महत्ता, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, महिलाओं की भागीदारी, उनके शशक्तिकरण, तथा स्थानीय निकायों के वित्तीय सशक्तिकरण पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचायती राज प्रणाली भारतीय लोकतंत्र की नींव को सशक्त बनाती है और जनभागीदारी एवं पारदर्शिता ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सबसे प्रभावी साधन हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, प्रधानों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आवास की चाभियां भी सौंपी गईं, जिससे ग्रामीण विकास की दिशा में एक सकारात्मक संदेश गया।

## शहीद हुए लोगों की आत्मा शांति के लिए किया मौन धारण

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की विभिन्न इकाईयों की संयुक्त बैठक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण घटना में शहीद हुए 27 हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भारत सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वप्रथम व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव में निर्वाचित हुए जिला सहारनपुर के प्रमुख प्रदेश पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों तथा समस्त व्यापारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल का पगड़ी पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों स्वागत कर उनको प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने विभिन्न विभागों की धाराएं तथा उनके समाधान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी दुकान पर किसी भी विभाग का अधिकारी आए तो एकत्रित होकर व्यापार मंडल के नारे लगाना शुरू कर दे, जिस अधिकारी का मनोबल गिर जाए तथा अधिकारी बिना कार्रवाई के चला जाए। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि सभी व्यापारियों ने एक जुट होकर व्यापार मंडल को मजबूत करने का काम किया, तो किसी अधिकारी की हिम्मत नहीं होगी कि वह व्यापारियों का उत्पीड़न कर सकें। जिला अध्यक्ष ने सभी व्यापारियों से अपने-अपने बाजारों में पांच-पांच सदस्य व्यापार मंडल में जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महानगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण घटना की निंदा करते हुए भारत सरकार से दोषियों को शीघ्र अति शीघ्र सजा दिलाने की मांग की तथा घटना में शहीद हुए 27 हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रांतीय मंत्री बृजपाल सहगल, एकांश अग्रवाल, अंकित महेश्वरी, सुनील राणा, नेत्रपाल राणा, पवन सिंगल, हर्षित सिंगल, कन्हैया सिंगल, अर्जुन गुप्ता, रवि कश्यप, गौरव मित्तल, सुनील महेश्वरी, चंद्रपाल गर्ग, डॉ.पवन कुमार सिंघल, दीपक जैन, नीरज गुप्ता, जय कुमार जैन, दिनेश गोयल, वैभव गुप्ता, डॉ.नवनीत सिंगल, मोहित गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# योगी सरकार गोरखपुर में बना रही देश की पहली इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिटी

## कूड़े से बनेगा चारकोल, वेस्ट मैनेजमेंट का रोल मॉडल बनेगा गोरखपुर



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) में गोरखपुर को रोल मॉडल बनाने की तैयारी जोरों पर जारी है। इसका जिम्मा उठाया है गोरखपुर नगर निगम ने। योगी सरकार के निर्देश पर नगर निगम, सहजनवा के सुथनी में 40 एकड़ में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिटी बना रहा है। इसके अंतर्गत पहले चरण में नगर निगम से एमओयू कर नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) ठोस घरेलू कचरे (सॉलिड डोमेस्टिक वेस्ट) से टॉरफाइड चारकोल बनाने बनाएगा।

एनटीपीसी ने कचरे से चारकोल प्रोडक्शन यूनिट लगाने का काम लगभग पूरा कर लिया है और वर्तमान में मशीनों के ट्रायल का दौर जारी है। देश में कूड़े से टॉरफाइड चारकोल (हरित कोयला) बनाने का पहला प्लांट वाराणसी में लगा है अब दूसरा प्लांट गोरखपुर में लग रहा है। एनटीपीसी की तरफ से लगने वाले इस प्लांट के लिए नगर निगम ने अपने तरह के देश अनूठे प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिटी में 15 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है। एनटीपीसी ने वेस्ट टू चारकोल प्रोजेक्ट के लिए 255 करोड़ रुपये का निवेश किया है। प्लांट के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में नगर निगम और एनटीपीसी के बीच करार 15 अक्टूबर 2023 को हुआ था। अब इस प्लांट का फेज वन बनकर लगभग तैयार है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के अनुसार इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिटी सुथनी (सहजनवा) में एनटीपीसी का 500 टन प्रतिदिन की क्षमता के कचरे से चारकोल बनाने का प्लांट जल्द ही क्रियाशील हो जाएगा। एनटीपीसी को चारकोल बनाने के लिए जरूरी कचरा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। इसमें कोई दिक्कत भी नहीं आएगी। कारण करीब 500 टन प्रतिदिन कचरे का उत्सर्जन अकेले नगर निगम क्षेत्र में है। इसमें से 200 टन गीला कचरा प्रस्तावित बायो सीएनजी प्लांट को एवं शेष सूखा कचरा चारकोल प्लांट को जाएगा। इसके साथ ही आसपास की नगरपालिका या नगर पंचायतों जैसे खलीलाबाद नगरपालिका, सहजनवा, घघसरा, उनवल, मगहर, बांसगांव आदि नगर पंचायतों से भी निकलने वाले कूड़े को प्लांट को उपलब्ध कराया जाएगा। एनटीपीसी के चारकोल प्लांट के लगने से नगर निगम पर 25 वर्षों में आने वाले संचालन एवं अनुरक्षण हेतु टिपिंग फीस पर करीब 650 करोड़ रुपये के वित्तीय व्यय भार की बचत होगी।

## ठगी किये रूपयें साइबर क्राइम सेल अलीगढ़ ने पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए गए

**अलीगढ़।** वर्क फ्रोम होम के नाम पर ठगी किये 45476 रूपयें को



साइबर क्राइम सेल अलीगढ़ की टीम द्वारा त्वरित प्रभावी कार्यवाही कर पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए गए। अक्षत पाठक पुत्र मनोज पाठक निवासी पंचनगरी सासनी गेट ने शिकायती पत्र द्वारा अवगत कराया कि शिकायतकर्ता गूगल पर वर्क फ्रोम होम (जॉब) ढूँढ रहा था। तभी आनलाइन वर्क फ्रोम होम (जॉब) दिलाने के बहाने शिकायतकर्ता से आनलाइन 45476 रूपयें अपने खाते में डलवाकर ठगी की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ के आदेशानुसार साइबर सेल टीम जनपद अलीगढ़ द्वारा शिकायतकर्ता अक्षत पाठक पुत्र मनोज पाठक निवासी पंचनगरी सासनीगेट से घटना के सम्बध में जानकारी प्राप्त कर शीघ्र सम्बन्धित बैंक/पेमेन्ट गेट वे/मर्चेन्ट से सम्पर्क करके फ्राँड की गयी।

# किसी के बहकावें में आकर झूठे मुकदमें दर्ज न कराएं : अलीगढ़ पुलिस

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा / सशक्तिकरण / संवाद / परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी ।

पिछले चरणों में ऑपरेशन जागृति के तहत चार प्रमुख मुददों पर चर्चा की गई थी। जिसके अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा व उनको मोहरा बनाकर झूठी शिकायत, प्रेम संबंधों में किशोर व किशोरियों का घर से पलायन व साइबर हिंसा व उससे बचाव से संबंधित विषयों को चुना गया था।

इस बार ऑपरेशन जागृति के 06 उद्देश्य प्रमुखता में है। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है- महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव, पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी/बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है।

## अवैध रूप से संचालित हो रहा था फैक्ट्री जांच करने पहुंची छह सदस्यी टीम

### सीएम ने मामले को लिया संज्ञान में जांच करने पहुंची टीम



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा सेक्टर 13 में स्थित टोटल फास्ट फूड फैक्ट्री में हुए भीषण हादसे के दौरान 8 मजदूर गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर रिपोर्ट मांगा है। जिसके लिए 6 सदस्यी टीम गठित की गई है। वृहस्पतिवार को 6 सदस्यी टीम में एडीएम पुरुषोत्तम दास गुप्ता, ओएसडी गीडा अनुपम मिश्रा, एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सीएफओ गोरखपुर संतोष कुमार राय, सहायक निदेशक कारखाना अमित कुमार सिंह, सहायक निदेशक कारखाना गोरखपुर एस के विश्वकर्मा गीडा सेक्टर 13 स्थित टोटल फास्ट फूड फैक्ट्री पहुंच कर जांच किया। जांच के दौरान गैस लीकेज का मामला प्रकाश में आ रहा था। जिसमें पत्तल और दोना का निर्माण कराया जा रहा था। फैक्ट्री का रजिस्ट्रेशन नहीं है। जिसकी विधिक रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## पीटर इंग्लैण्ड ने किया अपने नए कैंपेन द जैंटलमैन्स लीग-लीग ऑफ लीजेंड्स का अनावरण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आदित्य बिरला फैशन एण्ड रीटेल लिमिटेड की ओर से भारत के अग्रणी मैन्सवियर ब्राण्ड पीटर इंग्लैण्ड ने अपने बोल्ड नए कलेक्शन- द लीग ऑफ लीजेंड्स- के साथ द जेंटलमैन्स लीग की वापसी की घोषणा की है। देश के सबसे मशहूर क्रिकेट उत्सव जियोस्टार आईपीएल के दौरान लॉन्च के साथ, ब्राण्ड गेम के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों- कपिल देव, सर विवियन रिचर्ड्स तथा इंटरनेशनल क्रिकेट की मजबूत आवाज़ हर्षा भोगले को सम्मान देता है। ऐसे देश में जहां क्रिकेट के प्रति खास लगाव और जुनून देखने को मिलता है, पीटर इंग्लैण्ड और क्रिकेट के दिग्गजों के बीच यह साझेदारी हेरिटेज, स्टाइल तथा जेंटलमेन्स गेम के प्रति आकर्षण का जश्न है। लीग ऑफ लीजेंड्स में पोलो एवं क्रू नैक की शानदार रेंज पेश की गई है, जो मैदान पर कपिल देव और सर विवियन रिचर्ड्स के सबसे खास पलों से प्रेरित है। इस कलेक्शन का हर पीस उनके दृष्टिकोण, स्वभाव और निडरता को दर्शाता है। सटीक टेलरिंग, ब्रीदेबल फैब्रिक एवं हेरिटेज से प्रेरित डीटेलिंग के साथ 'द लीग ऑफ लीजेन्ड्स' आपकी वार्डरोब को सम्पूर्ण बनाता है, जिसे आप बोर्डरूम से बाहर आने के बाद भी घण्टों आराम से पहन सकते हैं, मैच स्क्रीनिंग से लेकर सप्ताहान्त की आउटिंग तक यह हर मौके लिए परफेक्ट है।इस लॉन्च के अवसर पर अनिल एस कुमार, चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफिसर, पीटर इंग्लैण्ड ने कहा, ''जैंटलमैन्स लीग कलेक्शन- के साथ लीग ऑफ लीजेंड्स की वापसी एक जश्न है, यह क्रिकेट के प्रति सदाबहार आकर्षण तथा उन पुरूषां के लिए सम्मान है जिन्होंने इस गेम को विशेष आयाम दिया है। कैंपेन के साथ कपिल देव, सर विवियन रिचर्ड्स और हर्षा भोगले जैसे दिग्गजों का जुड़ना इस कलेक्शन को प्रमाणित और महत्वाकांक्षी बनाती है। यह पीटर इंग्लैण्ड तथा उन आधुनिक भारतीय पुरुषों के लिए एक नया अध्याय है, जो गर्व, प्रयोजन एवं जुनून के साथ कपड़े पहनना पसंद करते हैं।

## समाचार संकलन करने गए पत्रकार को मारने पीटने की धमकी, केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के मंझरिया निवासी एक चैनल के पत्रकार को मनबढ़ो ने गाली गलौज करने के साथ मारने पीटने की धमकी दे रहे थे। पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के मंझरिया निवासी सतेंद्र अग्रहरि पुत्र पारसनाथ जो एक न्यूज चैनल के पत्रकार है। वह अखुआपार में न्यूज संकलन के लिए गए थे। एक व्यक्ति ट्रांसफार्मर से विद्युत चोरी कर रहा था। जिसका इन्होंने वीडियो बना लिया। इसके बाद मनबढ़ो ने उन्हें गाली गलौज करते हुए मारने पीटने की धमकी देने लगे थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विनीत और दिवाकर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## गोल्डन आवर का महत्व समझें युवा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मार्ग दुर्घटना होने पर सबसे पहले हमारा फर्ज है की हम वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर और उसकी जान बचाकर उसका वीडियो बनाकर तब सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। तभी आप एक अच्छे नागरिक कहलायेंगे। यह बातें आई जी यातायात उत्तर प्रदेश सुभाष चंद्र दुबे ने कहीं। श्री दुबे मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब द्वारा ए पी सेन गर्ल्स कॉलेज में आयोजित यातायात जागरुकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने गोल्डन आवर की महत्ता समझाते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रा आज वचन ले कि किसी दुर्घटनास्थल पर मात्र वीडियो बनाने से अच्छा पीड़ित को तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास करें एवं इस पुनीत कार्य की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर डालेंगी तो उसकी सार्थकता होगी । उन्होंने छात्राओं को यातायात संबंधी आंकड़ों से परिचित मार्ग दुर्घटना में होने वाली जनहानि पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इस समस्या से निपटने के लिए जनभागीदारी का आवाहन किया। श्री दुबे ने फाइव ई के सिद्धांत- एजुकेशन, एनफॉर्समेंट, इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर आदि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी सुभाष चंद्र दूबे ने यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा जो अपने घर-परिवार से करें प्यार, वो यातायात नियमों से कैसे करें इनकार।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बिस्कोहर नगर पंचायत में कैंडल मार्च निकाला, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में बिस्कोहर और आसपास के क्षेत्रों में जनता का आक्रोश फूट पड़ा। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत और ग्रामीण इलाकों में लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से इस आतंकी हमले पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने हमले पर शोक जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मृतकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## अधिवक्ता समागम एवं रात्रि भोज का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ के मिलन मैरिज पैलेस, मदेयगंज थाने के पास खदरा, सीतापुर रोड, लखनऊ में अधिवक्ता समागम एवं रात्रि भोज का कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर सभी अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आदेश कुमार सिंह प्रत्याशी संयुक्त मंत्री एडवोकेट मुमशद खान को जिताने का संकल्प लिया गया। अधिवक्ता भाईयों ने अपना आशिर्वाद,स्नेह दिया कार्यक्रम में मोहम्मद यामीन खान (एडवोकेट) /पूर्व राज्य मंत्री, एडवोकेट अरशद आलम, एडवोकेट जुनैद खान,एडवोकेट मुमशद खान अध्यक्ष प्रत्याशी आदेश कुमार सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

## नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने वर्चुअली जनसुनवाई की

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद नवागंतुक पुलिस अधीक्षक आरती



सिंह द्वारा जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन फतेहगढ़ आगमन कर पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई कर थानों में आये आवेदकों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## किसानों के दो दिन के अंदर खाते में पहुंचे खरीद का पेमेंट

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उपजिलाधिकारी जालौन विनय मोर्य ने नवीन कृषि उत्पादन मंडी में चल रही गेहूं खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने किसानों से बातचीत करते हुये कहा कि अगर कोई समस्या हो तो बताये आप लोगों को अपनी गेहूं की फसल बेचने में परेशानी हो रही हो तो आप शिकायत कर सकते हैं ।आपकी समस्या का तुरंत निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने सभी केंद्रों पर तैनात केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वह ज्यादा से ज्यादा गेहूं का क्रय करे ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। किसानों को पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करा कर खरीद का अच्छा अनुभव दिया जाए। जिन किसानों से खरीद की गई है उनके खातों में 2 दिन के अंदर भुगतान किया जाये किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मंडी सचिव को निर्देशित किया गया कि किसी भी स्थिति में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम में खरीद न की जाए तथा यदि कोई व्यापारी कम मूल्य पर गेहूं खरीद करे तो तत्काल आवश्यक कार्यवाही करे।

## डॉक्टर अंजुला भार्गव के द्वारा महिला का ऑपरेशन करते समय नवजात शिशु के सर में लगा ब्लेड

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** धरती का भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर आजकल



ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में अनट्रेंड स्टाफ को रखकर मरीज का इलाज करते नजर आते हैं। जिसकी वजह से मरीज को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ता है। कई अस्पतालों में गलत इंजेक्शन एवं गलत दवाये उक्त स्टाफ के द्वारा दिए जाने पर मरीज की अपनी जान के साथ खिलवाड़ करते हुए नजर आते हैं। लगातार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समय-समय पर ऐसे अस्पतालों पर कार्रवाई भी की जाती है। लेकिन इसके बाद भी अस्पतालों का रवैया मरीजों के प्रति नहीं सुधर पा रहा है। ऐसा ही एक मामला अलीगढ़ से सामने आया है। राजुल नर्सिंग होम की डॉक्टर अंजुला भार्गव ने महिला का ऑपरेशन करते वक्त बच्चे के सर में ब्लेड लगा दिया जिसकी वजह से सर में गहरा घाव हो गया। डॉक्टर के द्वारा इस बात की सूचना अस्पताल की डॉक्टर ने परिवार को नहीं दी, जैसे इस बात की सूचना जब परिवार को हुई तो परिवार के लोगों ने अस्पताल पर हंगामा करना शुरू कर दिया। दरअसल पूरा मामला अलीगढ़ के थाना सासनी गेट क्षेत्र के अंतर्गत सासनी गेट चौराहा स्थित राजुल नर्सिंग होम का है। जहां डिबाई निवासी कृष्ण भारद्वाज नाम का एक युवक अपनी पत्नी की डिलीवरी कराने के लिए अस्पताल में आया था। उक्त युवक के द्वारा बताया गया कि डिलीवरी करते समय नवजात बच्चे के सर में ब्लेड लग गया और बच्चे के सर में गहरा घाव हो गया। इस बात की सूचना डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ ने परिवार को नहीं दी, और बच्चे को सीरियस बता कर दूसरे अस्पताल में भारती कर दिया। जब बच्चा स्वस्थ हुआ और परिवार के पास पहुंचा तो देखा कि सर में गहरा घाव है। जब परिवार के द्वारा इस बात की जानकारी डॉक्टर से ली गई तो डॉक्टर ने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इस बात से नाराज परिवार के द्वारा अस्पताल पर हंगामा किया गया। डॉक्टर की लापरवाही को देखते हुए परिवार के द्वारा संबंधित थाने में तहरीर भी दी गई है। मौके पर थाना पुलिस पहुंची और हंगामा शांत कराया, कृष्ण भारद्वाज के द्वारा बताया गया कि जब वह डॉक्टर से बात कर रहे थे तो डॉक्टर के द्वारा पत्रकार ,प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को गाली देते हुए कहा कि तुम्हे जो करना है कर सकते हो मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग को संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे अस्पताल के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### सूचना

मैं जीनत परवीन पत्नी शमशाद अली अपने पुत्र अरबाज खान और उसकी पत्नी श्रीमती नौशीन को गलत आचरण, संगत, एवं चल - चलन के कारण उन्हें अपनी चाल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भाविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन एवं कार्यो का मैं और मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा।

जीनत परवीन पत्नी शमशाद अली
निवासी- मकान नं. 446/169, मुसाहबगंज, लखनऊ

### सूचना

मेरी बेटी अनुष्का की संगत और आचरण अच्छा नहीं है। अतःअनुष्का से अब में कोई सम्बन्ध नहीं रखना चाहता उसे अपनी कुल चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर बेटी अनुष्का से सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं।

अंकुर भटनागर पुत्र स्व.महेन्द्र कुमार नि. लेबर कालोनी, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर

### सूचना

मैं जय एग्रो बायो साईस प्रा0लि0 कार्यालय, न्यू आवास विकास, दिल्ली रोड सहारनपुर में मई 2024 से 31अगस्त 2024 तक प्रा. नौकरी करता था मैंने अपने जानकारों के पैसे व अपने पैसे एवं अपने वेतन के पैसे ना देने के कारण उक्त कम्पनी से नौकरी छोड दी है अब उक्त कम्पनी या कम्पनी के मालिकों से मेरा कुछ भी सम्बन्ध नहीं है। उक्त कम्पनी सभी कार्यो हेतु स्वयं ज़िम्मेदार है।

मयंक वत्स पुत्र श्री सुशील कुमार वत्स नि. मुल्तान नगर, भोला रोड मेरठ.
मो. नं. 9286080526

### सूचना

मैं smt निशा दि. 20.4.25 को दोपहर के समय एक असल बैनामा फ़ोटो कॉपी कराने के हेतु कोर्ट रोड़ के आस पास गई थी उक्त बैनामा कहीं गिर गया जिसका क्रेता श्रीमति नीलम गुप्ता पत्नि श्री सुभाष नि. नवीन नगर सहारनपुर विक्रेता पाल सिंह उर्फ़ पल्ला सिंह पुत्र श्री बादल सिंह नि.मानकमऊ सहारनपुर है जो सब रजिस्ट्रार 1st स. पुर में बही स.1 जिल्द स.4925 पृष्ठ 1057 से 1078 क्रमॉक. 2797 दि. 25.4.2008 को दर्ज है यदि किसी को मिले तो संपर्क करें।

अजय भारद्वाज एड.चै.11
सी सिविल कोर्ट, सहारनपुर

## हर विधानसभा में बूथ कमेटिया गठित कर दलित समाज को सपा से जोड़ने की तैयारी कर रही अंबेडकर वाहिनी: मिठाई लाल भारती

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने आज लखनऊ मंडल की समीक्षा बैठक रॉयल होटल विधायक निवास लखनऊ में की जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए जिसमें पदाधिकारीयो को जिम्मेदारी देते हुए हर विधानसभा में बूथ कमेटियाँ गठित कर दलित समाज को बड़े पैमाने पर समाजवादी पार्टी से जोड़ा जाएगा। वही 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सपा अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी युद्ध स्तर पर चुनाव की तैयारी को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और समाजवादी पार्टी के लिए वोट व सपोर्ट की अपील करेंगे। सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले पर गहरा शोक व्यक्त किया और इस अमानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मिठाई लाल भारती ने इस हमले को ÷कायराना और बर्बर कृत्य÷ बताया, जो देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है यह जानकारी सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव रामबाबू सुदर्शन ने दी। समीक्षा बैठक में तरुण रावत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी, राम बाबू सुदर्शन राष्ट्रीय महासचिव सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी, उमा देवी कठेरिया राष्ट्रीय सचिव, शीतला चरण वर्मा राष्ट्रीय महासचिव, अयोध्या प्रसाद रावत राष्ट्रीय सचिव, राम मूर्ति चौरसिया राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, मनीष कुरील, जितेंद्र वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय : नगर पंचायत इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्राँक : 29/न0पं0इ0/2025-26/ दिनांक : 15/04/2025

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर में 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-8/3548/320(3)/15वॉ0वि0आ0/2023-24 दिनांक 12 सितम्बर, 2023 व मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-705/नौ-6-2025-ई-1907165, नगर विकास अनुभाग-6 लखनऊ, दिनांक 21 मार्च, 2025 व मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-65/2024/346मु0मु0न0 सृ0यो0/9-2-2024-ई-1838760, नगर विकास अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक 09 अगस्त, 2024 व सीवरेज एंव जल निकासी योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-169/2023/नौ-5-2023/001- Com.No.-1755625, ई-ऑफिस पत्रावली संख्या-9-5002(002)/294/2023 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ, दिनांक 28 अक्टूबर, 2023 नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-245/2024/228/नौ-5-2024/001-Com. No.-1776761-NJPTSY, नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ, दिनांक 09 जनवरी, 2024 व पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-422/2024/नौ-5-2024/001-Com. No.-1871453, ई-आफिस पत्रावली संख्या-9-5002(002)/232/2024 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ, दिनांक 25 नवम्बर, 2024 तथा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-107/2025/आर0एफ0-599/नौ-9-2025/001-ई-1911236, नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ, दिनांक 27 मार्च, 2025 के क्रम में प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर में निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त ई-निविदा आनलाईन वेबसाइट *http://etender.up.nic.in* पर निम्नानुसार डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशित/अपलोड की तिथि व समय | 25.04.2025 - 11:00 AM |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि व समय | 25.04.2025 - 12:00 PM |
| (C) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 17.05.2025 – 02:00 PM |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 17.05.2025 – 04:00 PM |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 19.05.2025 – 04:00 PM |
| (F) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत इटवा |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इटवा
जनपद-सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत इटवा
जनपद-सिद्धार्थनगर

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एबीवीपी ने किया पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी अयोध्या महानगर द्वारा जम्मू-कश्मीर के



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान एवं आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी कार्यालय के समीप बड़ी संख्या में एकत्रित एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने ÷पाकिस्तान मुर्दाबाद÷ और ÷आतंकवाद मुर्दाबाद÷ के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले में शहीद हुए 26 यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अवध विश्वविद्यालय परिसर में कैंडल मार्च भी निकाला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।साकेत महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर भी एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में भारी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपना आक्रोश प्रकट किया।

प्रांत एसएफडी संयोजक शिवम मिश्रा ने कहा, ÷आतंकवाद किसी भी देश के लिए कैंसर है, और पाकिस्तान इसे लगातार शह दे रहा है। अब समय आ गया है कि आतंकवाद और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए।÷विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने साकेत महाविद्यालय, अवध विश्वविद्यालय सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों पर इस घटना के प्रति विरोध दर्ज कराते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी।महानगर मंत्री मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, ÷निर्दोष हिंदुओं की हत्या यह दर्शाती है कि आतंकवादी किस मानसिकता के साथ कार्य करते हैं। इस घटना की घोर निंदा करते हैं और सरकार से अपेक्षा है कि आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।÷ विरोध प्रदर्शन और श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से मानवेंद्र प्रताप सिंह, शशांक विद्यार्थी, अंशुमान सिंह, शिवम मिश्रा, दुर्गेश तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, दिवाकर चौरसिया, अनुराग शुक्ल, आयुष सिंह, कुंदन, आदर्श चतुर्वेदी, सौरभ सिंह, आदित्य सिंह, विकास यादव, यश पांडेय, ज्ञानेन्द्र पांडेय, कामिनी चौरसिया, नेहा वर्मा, प्रखर सिंह, राजकुमार, विशेष पांडेय, गौरव तिवारी, प्रियांशु तिवारी, अभिनव मिश्र सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसी तरह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने कुमारगंज में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद विरोधी नारे लगाते हुए कट्टरपंथियों को करारा जवाब दिया। प्रदर्शन के दौरान क्क्क कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि धर्म के नाम पर फैलाई जा रही कट्टरता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेई ने कहा, ÷पहलगाम में जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों की हत्या की गई, वह आतंकवादियों की कायरता को दिखाता है। सरकार को चाहिए कि वह आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस और कठोर कदम उठाए।÷राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवीन आज़ाद दुबे ने कहा, ÷धर्म के नाम पर कट्टरता अब नहीं चलेगी। अब वक्त आ गया है कि आतंकवाद का अंत किया जाए और देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया औचक निरीक्षण, दिए साफ-सफाई व मॉनिटरिंग के निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोर्ट रूम, आपदा प्रबंधन कार्यालय, संयुक्त कार्यालय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कार्यालय तथा आईजीआरएस कक्ष का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट व प्रोटोकॉल अनुभाग में कार्य प्रणाली की जानकारी ली और साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त कार्यालय में उपलब्ध पंजिकाओं और पुरानी पत्रावलियों के रख-रखाव की स्थिति देखी और उनके सुव्यवस्थित संचालन पर जोर दिया।आईजीआरएस कक्ष में जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों, डिफॉल्ट शिकायतों तथा रैंकिंग की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने न्यायिक अभिलेख कार्यालय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पेयजल व्यवस्था और शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महेन्द्र कुमार सिंह, विशेष कार्याधिकारी, कलेक्ट्रेट नाजिर सहित अन्य पटल सहायक उपस्थित रहे।

## भाकियू श्रमिक जनशक्ति ने नवागत एसपी का किया स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जबसे जिले में नये पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की तैनाती हुई है समाज के हर वर्ग के लोग स्वागत करते नजर आ रहे है। नवागत एसपी के बारे में कहा जाता है कि वो गरीबो के मसीहा और इन्साफ पसंद है। जनपद के व्यपारी के कई संगठनों ने भी स्वागत किया। इसी क्रम में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति ने तेजतर्रार नवागत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय को उनके ऑफिस में बुके देकर जोरदार स्वागत किया। सगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अब्बास द्वारा स्वागत के दौरान कहा कि किसानों व श्रमिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निस्तारण करेंगे, ऐसी उम्मीद है। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिला महामंत्री देवी सरन तिवारी ने जनपद में अवैध अतिक्रमण को लेकर नवागत एसपी को बताया कि शहर में तेजी से बढ़ रहे अवैध कब्जे को जल्द खाली कराया जाए और उन्होंने एसपी को भरोसा दिलाया कि किसानों की जो भी माँग होगी उसे शांतिपूर्ण तरीके से अपना धरना प्रदर्शन करेगी और पुलिस का भरपूर सहयोग भी करेगी। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष अशोक कश्यप, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश जायसवाल, मनोज कुमार, शिव कांत शुक्ला संगठन मंत्री आदि लोग मौजूद रहे।

## हम स्वच्छ रहेंगे तभी एक स्वच्छ समाज का भी निर्माण करेंगेः जानकीराम

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर ब्लाक मुख्यालय एव पंचायत भवन बड़ागांव मे ब्लाक प्रमुख रईस आलम एव खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी मे मनाया गया। पंचायत भवन बड़ागांव मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की मौजूदगी मे होने वाले पंचायती राज दिवस कार्यक्रम को लेकर बीते दो दिनों से तैयारियां चल रही थी लेकिन जिलाधिकारी के न आने पर ब्लाक प्रमुख एव खंड विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पंचायती राज व्यवस्था के महत्वों की जानकारी देते हुए कहा कि इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को जन जन तक पहुंचाना है। खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि 24 अप्रैल 1993 को सविधान संशोधन के जरिये पंचायती राज संस्थाओ को सवैधानिक दर्जा मिला इसके बाद देश मे त्रिस्त्रीय पंचायत प्रणाली लागू हुई। खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं स्वच्छ्ता, पेयजल, वृद्धा पेंशन, आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।



सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने ग्रामीणों से अपने जीवन में स्वच्छता को आत्मसात करने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि हम स्वच्छ रहेंगे तभी एक स्वच्छ समाज का भी निर्माण करेंगे। संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता और स्वच्छ सुजल गांव की परिकल्पना को साकार करने के लिए लोगों को शपथ दिलाया तथा लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता हमारे जीवन के लिए आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। यदि यह दोनों हमारे जीवन शैली में सही ढंग से क्रियान्वित होते रहेंगे तो हम स्वच्छ स्वस्थ एवं निरोगित रहेंगे। कार्यक्रम मे प्रधानमत्री आवास, किसान सम्मान निधि, फैमिली आई डी, आयुष्मान कार्ड, के प्रमाण पत्रों का वितरण किया तथा लाइब्रेरी मे पढ़ रहे बच्चो से संवाद किया।

इस मौके पर सीडीपीओ उपेंद्र कुमार उपाध्याय, ग्राम प्रधान नूर फातिमा, पंचायत सचिव जैसराम, कंसल्टिंग इंजिनियर प्रदीप कुमार, सचिव उत्तम वर्मा, बीना मौर्य, सुधाकर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद सहित भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक देश एक चुनाव के समर्थन में हुई विचार गोष्ठी

**अयोध्या।** एक देश एक चुनाव की अवधारणा के साथ जनसामान्य को जोड़नें तथा जनजागरूकता के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उर्मिला महाविद्यालय कुमारगंज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। संस्थान के प्रबंधक चंद्रबली सिंह के संयोजन में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने एक देश एक चुनाव से होने वाले बदलाव की चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एकमत से ''एक देश एक चुनाव'' को सर्मथन देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर पहलगाम में आतंकी घटना में मृत निरापराध लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि एक देश, एक चुनाव न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि लोकतंत्र को स्थिरता और मजबूती देगा। जनता बार-बार चुनावों से ऊब चुकी है, यह बदलाव समय की मांग है।

## लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण : सचिव डालसा



**बाराबंकी।** गुरुवार को श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई के आयोजनार्थ राजस्व न्यायालयों पर विचाराधीन वाद/प्री-लिटिगेशन वाद, विभिन्न विभागों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने एवं लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के उद्देश्य हेतु जनपद बाराबंकी के समस्त विभागों के नामित नोडल अधिकारियों के साथ विचार विमर्श बैठक की गई। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि आप सभी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को सफल बनाये जाने हेतु अपने विभागों में ऐसे लंबित वाद जो राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये जा सकते है उनको ज्यादा से ज्यादा चिन्हित कर उनका निस्तारण किया जाए। प्रशासनिक स्तर पर उक्त लोक अदालत का प्रचार प्रसार लेखपाल, आशा बहू, आगंनबाड़ी कार्यकर्ती आदि से कराये जाने एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों के सहयोग से प्रभात फेरी इत्यादि द्वारा भी प्रचार प्रसार कराने एवं मनोरंजन विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं द्वारा भी व्यापक प्रचार प्रसार कराने हेतु सुझाव दिये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर अधिक से अधिक मामलों का चिन्हांकन कर उनका अधिक से अधिक निस्तारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। उपस्थित अधिकारीगण द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रतिभाग करने हेतु हर संभव प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर इन्द्रसेन अपर जिलाधिकारी, सुमित त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर, दिनेश कुमार अधिशाषी अधिकारी विद्युत विभाग, कमलेश चौबे कर अधिकारी नगर पालिका, शैलेन्द्र सिंह कैनाल मजिस्ट्रेट सिंचाई विभाग, आरसी त्यागी आरटीओ विभाग, प्रभात कुमार डाक विभाग, रईसुल हसन सुपरवाइजर समाज कल्याण विभाग, राजेश कुमार चकबन्दी विभाग, अजय कुमार श्रीवास्तव लेखाधिकारी कर विभाग से उपस्थित आयें।

### अवैध पोस्ते के साथ दो अभियुक्त पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जैदपुर बाराबंकी।** पुलिस टीम द्वारा अपराधियो के खिलाफ अभियान चलाने के दौरान जैदपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अवैध पोस्ता छिलका व एक कार बरामद किया। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी संतोष कुमार अपने हमराह उपनिरिक्षक देवप्रकाश शुक्ला व हेड कॉन्सटेबल अनुज कुमार सिंह, गुफरान खान, शैलेश यादव, पंकज राठी के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोग कार में अवेध पोस्ता छिलका लेकर जा रहे है। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम शेषपुर हाकिम के पास उक्त अभियुक्तों को पकड़ने के लिये पहुच गए। थोड़ी देर बाद एक कार स्विफ्ट डिजायर यूपी 32 एक्सएन 4656 आती दिखाई दी, टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो ये लोग भागने लगे पुलिस ने पीछाकर उसे पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर 12 किलो पोस्ता छिलका व 720 रु बरामद कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के नाम मनोज पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम खेवराजपुर व सुमोध पुत्र बिहारी निवासी अंगदपुर थाना रामसनेहीघाट के बताए जा रहे है। फिलहाल पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के निर्मम हत्या पर किया रोष व्यक्त



*नीरज शुक्ला*

**बरेली।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा चिन्हित कर हिंदुओं की निर्मम हत्या कर दिए जाने पर उन सभी 28 पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा कैंट विधायक प्रदेश शहर कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में कैंट विधानसभा कार्यालय पर की गई। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने जम्मू कश्मीर पहलगाम में 28 पर्यटक की निर्मम हत्या किए जाने पर दुख प्रकट किया तथा उन सभी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख प्रार्थना की, एवं इस घटना में घायल लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की और उन्होंने कहा की हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां की पाकिस्तान और उसके जितने भी संबंधी हैं उनको मैं इतनी कड़ी सजा दूंगा जिसकी वह कभी कल्पना भी नहीं कर सकते हमारे देश के जितने भी पर्यटक हिंदुओं की निर्मम हत्या की गई है उसका हिसाब पाकिस्तान को मय सूत ब्याज के देना होगा। केंट विधायक संजीव अग्रवाल के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता राज बहादुर सक्सेना सोनू कलर अमरीश कठेरिया राजेश मिश्रा बृजेश मिश्रा हर्षित गुप्ता लेखराज मोटवानी श्याम सिंह चौहान धर्मेंद्र शर्मा देवकांत लोधी ओमप्रकाश डॉ गौरव गंगवार सचिन कश्यप बलराम कश्यप सुंदरम सक्सेना व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद ने पहलगांव हमले को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन



**बरेली।** अधिवक्ता परिषद ब्रज बरेली इकाई ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले को लेकर बरेली के नवागत जिलाधिकारी अविनाश सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ज्ञापन सौंपा, जिसमें नौ सूत्रीय मांगों के साथ बताया कि इस आतंकी घटना ने पूरे देश को गहरे आघात में डाल दिया है। इस हमले में निर्दोष नागरिकों की जान गई, सुरक्षाबलों पर हमला हुआ, और भारत की संप्रभुता को चुनौती दी गई। इस हमले ने इस स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना दिया है। हिन्दुओ को टारगेट किया गया है मारने से पहले उनका नाम पूछा गया था और उनके कपड़े उत्तरवाए थे। जो दर्शाता है ये एक लक्षित हिंसा थी। आतंकवादियों द्वारा किए गए इस हमले में कई लोगों की जाने गई हैं जो पर्यटन के लिए जम्मू आए थे। आतंकियों की गतिविधियाँ ने देश की सुरक्षा को फिर से संकट में डाल दिया है। ये हमला सुरक्षा में भी बड़ी चूक को दर्शाता है। इन हमलों में पाकिस्तान की प्रत्यक्ष या परोक्ष संलिप्तता है, जिसके माध्यम से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन लगातार भारत की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। इन घटनाओं को देखते हुए,ठोस कदम उठाने के सरकार से नौ सूत्रीय मांग करते हैं कि इस हमले की गहन और निष्पक्ष जांच कर दोषियों, को सख्त सजा दी जाए पाकिस्तान की संलिप्तता की गहन जांच की जाए, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाए।आतंकवादी संगठनों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, उनके वित्तीय स्रोतों को समाप्त किया जाए,सीमा पर सुरक्षा को और सख्त किया जाए, ताकि आतंकवादियों के प्रवेश पर पूर्ण रोक लगे,पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता प्रदान की जाए,आतंकवाद के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाया जाए ताकि समाज को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया जा सके। वक्फ बोर्ड और अन्य संस्थाओं की भूमिका की भी जांच की जाए, यदि इन हमलों में उनकी संलिप्तता का कोई संकेत मिले तो वैधानिक कार्यवाही हो,अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की ओर से ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जा सके,रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियार और संसाधन दिए जाएं ताकि आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी रूप से लड़ाई लड़ी जा सके।

## वन नेशन, वन इलेक्शन समय की मांगः केंद्रीय मंत्री पंकज



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के आवासीय कैंप कार्यालय पर गुरुवार को %वन नेशन, वन इलेक्शन% विषय पर व्यापारी समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों, समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों की भारी भागीदारी रही। मुख्य वक्ता के रूप में मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि %एक राष्ट्र, एक चुनाव% देश के विकास और संसाधनों की बचत हेतु आवश्यक कदम है। बार-बार चुनाव होने से प्रशासनिक ऊर्जा और संसाधनों की बर्बादी होती है, जबकि एक साथ चुनाव से नीति निर्माण में तेजी और राजनीतिक स्थिरता आएगी। उन्होंने व्यापारिक वर्ग से इस पहल को समर्थन देने की अपील की। कार्यक्र्ह्यह्य म की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी नेता सुरेश रूंगटा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पशुपतिनाथ गुप्ता, फूलचंद अग्रवाल, अनिल कसौधन व रामप्रीत गुप्ता मंचासीन रहे।

राकेश गुप्ता, डॉ. सूरज सिंह, सच्चिदानंद पांडेय समेत अन्य वक्ताओं ने भी विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण गोपाल जायसवाल ने किया। समागम में बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## खाना खाकर टहलने निकले युवक सड़क हादसे में मौत

**मसौली बाराबंकी।** लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम उधौली चौराहे पर रात्रि मे खाना खाकर टहलने निकले 25 वर्षीय युवक को एक अज्ञात वाहन ने बुरी तरह से कुचल दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बुधवार की रात्रि करीब 11 बजे सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उधौली निवासी 25 वर्षीय हर्ष गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता उर्फ़ मुन्ना खाना खाने के बाद लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर टहल रहे थे तभी लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने बुरी तरह से कुचल दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक अविवाहित था दुर्घटना की सूचना मिलते ही घर परिवार मे कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सुदीप नयूपाने का पार्थिव शरीर सोनौली सीमा से नेपाल रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन-स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नेपाली पर्यटक सुदीप नयूपाने (32) का पार्थिव शरीर आज दोपहर भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली पहुँचाया गया। भारत एवं नेपाल के प्रशासनिक-सैन्य अधिकारियों ने सीमा-गेट पर उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान देते हुए नेपाल प्रशासन को शव सौंपा। सोनौली सीमा पर जैसे ही शव-वाहन पहुँचा, पहले से मौजूद नयूपाने के माता-पिता, भाई एवं अन्य स्वजन रो-रोकर बेसुध हो गए। सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों देशों के अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर दिवंगत के प्रति सम्मान व्यक्त किया।औपचारिकताएँ पूरी होने के बाद शव-वाहन सोनौली से नेपाल के रूपन्देही ज़िले के बुटवल स्थित पैतृक निवास के लिए रवाना हो गया। परिवार ने बताया कि अंतिम संस्कार कल, 25 अप्रैल को पारिवारिक परम्पराओं के अनुसार किया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों ने शव-यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि देने की घोषणा की है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम हमले के दोषियों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस व सुरक्षा बल इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन चला रहे हैं। उच्च सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, हमले में शामिल आतंकियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सुराग खंगाले जा रहे हैं। नेपाल सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया

## लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना पर जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय सांसद और विधायकों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें कार्ययोजना में सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर ही विभागीय योजनाएं बनाई जाएं, ताकि जनता की जरूरतों के अनुरूप विकास कार्य हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विगत वर्ष के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए और विलंबित प्रस्तावों की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। बैठक में पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता धर्मपाल सिंह, निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता देवेंद्र मणि, सहायक अभियंता नवनीत कुमार सहित अन्य अधिह्यह्यकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य कार्ययोजना को जनप्रतिनिधियों के सुझावों से सुदृढ़ कर जनहितकारी विकास को गति देना रहा।

# नेपाली युवक की मौत के बाद सोनौली बॉर्डर पर पहुंचा शव

अवधनामा संवाददाता



**महाराजगंज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में भारतीय सीमा से सटे रूपनदेही जिले के नेपाल बुटवल के रहने वाले सुदीप न्यौपाने की मौत हो गयी थी। भारतीय प्रशासन की कड़ी सुरक्षा में पर्यटक नेपाली युवक का शव सोनौली बॉर्डर पर पहुंचा। मृत नेपाली युवक का शव सोनौली बॉर्डर पर पहुंचने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

**नेपाली प्रशासन को भारतीय पक्ष ने सौपे शव**

वृहस्पतिवार की सुबह भारतीय पक्ष ने कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में मौत हुए बुटवल के सुदीप न्यौपाने का शव उनके परिजनों को सौंप दिया है। भारतीय अधिकारियों ने बुटवल उप-महानगरीय शहर के मेयर खेलराज पांडे और जिले की सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उनका शव उनके परिवार को सौंप दिया। सोनौली सीमा से उनके परिजन शव लेकर उनके निवास स्थान चले गए। रिश्तेदारों ने सुबह होरायजन चौक स्थित उनके घर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की और उन्हें अंतिम संस्कार के लिए त्रिवेणी धाम ले गए। 27 वर्षीय सुदीप कुछ दिन पहले अपनी मां, बहन और बहनोई के साथ भारत के जम्मू और कश्मीर की यात्रा पर गए थे। पार्थिव शरीर गुरुवार की सुबह भारत-नेपाल के अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर सोनौली पहुंचा। यहां पर नेपाल प्रशासन और भारतीय प्रशासन की मौजूदगी में नेपाली मृतक युवक के पार्थिव शरीर को उनके परिजनों को सौंपा गया। इस दौरान महराजगंज जिला प्रशासन की ओर से नौतनवा एसडीएम नवीन कुमार, सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी व नेपाल प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में नेपाली युवक के शव को नेपाल प्रशासन को सुपुर्द कर दिया गया। रिश्तेदार पुष्पराज पंथ ने बताया कि अंतिम संस्कार नेपाल के त्रिवेणी संगम पर किया जाएगा। इस घटना से नेपाल के लोगों में काफी रोष है और लोग आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पार्थिव शरीर को दिल्ली से लखनऊ हवाई मार्ग से बुटवल लाया गया और फिर लखनऊ से एम्बुलेंस द्वारा बुटवल लाया गया। सुबह भारतीय पक्ष ने शव रूपन्देही प्रशासन को सौंप दिया। रिस्तेदारो ने बताया कि शनिवार को अपनी मां, बहन और दामाद के साथ पहलगाम घूमने पहुंचे थे।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़हरा टोला गुलरिहा में बुधवार रात मे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडा व ईट पत्थर चला।जिसमें दोनों पक्षों को मिला कर छह लोग घायल हो गये। 112 नम्बर के सूचना के बाद मौके पर थानाध्यक्ष पहुंच कर घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी लोटन भर्ती कराया। जिसमें काफी लोगों को चोटे आई है। दोनों पक्षों से तहरीर पड़ने के बाद पुलिस कानूनी कार्यवाही में जुटी हुई है। घटना के सम्बन्ध में दोनों पक्षों का कहना है कि हम लोगों से बहुत पहले भी एक बार विवाद हुआ था। जिसके सम्बन्ध में न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। जिसमें दोनों पक्षों के तरफ से छत से महिलाएं ईट पत्थर व नीचे पुरुषों में लाठी डंडा चलने लगा। जिसमें एक पक्ष के प्रमिला व उसका पति गौतम घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष के बनवारी,अवधू पुत्रगण पुद्दन, रामकेश,सुरेश पुत्रगण अवधू बुरी तरह घायल हो गये। ग्रामीणों ने भीषण विवाद को देखते हुए थानाध्यक्ष लोटन व 112 नम्बर के पुलिस को सूचना दिया। पुलिस के पहुंचने के बाद किसी तरह झगड़े को शांत कराया गया।

# पहलगाम: यह मानवता पर हमला है, और हर निर्दोष की मौत पर हमारी आँखें नम हैं: राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल

अवधनामा संवाददाता



**कृष्णा नगर, नेपाल।** कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूरतम आतंकी हमले में नेपाल का भी एक युवा मारा गया। गुरूवार को नेपाल बार्डर के सोनौली रास्ते उनका शव नेपाल लाया गया। यह दृश्य कितना हृदयविदारक था, शब्दों में व्यक्त कर पाना संभव नहीं है। बुटवल के सूदीप न्यौपाने कश्मीर के सुरम्य वादियों का आनंद लेने मां,बहन और बहनोई के साथ गए हुए थे। पहलगाम में आतंकी हमले का शिकार हो गए। मां,बहन और बहनोई किसी तरह बच गए। वे सुदीप के शव के साथ वापस आए। सोनौली बार्डर का माहौल बेहद गमगीन था। सभी गम और गुस्से में थे।

इस बीच नेपाल के दो मुस्लिम बुद्धिजीवियों की प्रक्रिया सामने आई है। वे बेहद मर्माहत थे। नेपाल राष्ट्रीय मदरसा संघ के अध्यक्ष अब्दुल गनी अलकूफी और महासचिव मशहूद खां नेपाली ने कहा कि जब पहाड़ों की मुस्कान लहूलुहान हो, नदियाँ सिसकने लगें और वादियाँ खामोश चीखों से भर जाएँ—तो केवल ज़मीन ही नहीं, पूरा आसमान भी मातम में डूब जाता है। जम्मू-कश्मीर की सुरम्य पहलगाम घाटी में हुआ हालिया आतंकी हमला ऐसा ही एक हृदयविदारक हादसा है, जिसने भारत ही नहीं, नेपाल समेत समूचे उपमहाद्वीप की अंतरात्मा को झकझोर दिया। ईश्वर से प्रार्थना है कि इस अमानवीय कृत्य के पीछे छिपे षड्यंत्रकारियों को बेनकाब किया जाए, उन्हें सजिए मौत दी जाए। नेपाल इस मसले पर पूरी तरह भारत के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संवेदना संदेश भेजते हुए जो मानवीयता, संवेदनशीलता और सच्चाई दिखाई, वह दर्शाता है कि सीमाएँ भले भौगोलिक हों, दिलों को बाँट नहीं सकतीं। विदेश मंत्रालय का वक्तव्य कि निर्दोष पर्यटकों पर हमला किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के लिए यह दुर्भाग्य पूर्ण है कि यहां कुछ शरारती तत्वों ने मुस्लिमों के ख़िलाफ़ घृणास्पद नारों के ज़रिए अपना हित भुनाने का प्रयास किया। आतंकी मुसलमानों को निकालो जैस नारे न केवल नेपाल के संविधान और सामाजिक ताने-बाने का अपमान हैं, बल्कि उन लाखों मुसलमानों का भी अपमान हैं जो नेपाल की मिट्टी के सच्चे सपूत हैं। जनकपुर में ऐसे नारे लगे और कृष्णनगर में कुछ असामाजिक तत्वों ने नफ़रत फैलाने की कोशिश की, जिससे सदियों पुरानी सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा को आघात पहुँचा। उन्होंने कहा कि यह षड्यंत्र केवल किसी एक समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि नेपाल की गंगा-जमुनी संस्कृति और संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है, जिस पर कठोर अंकुश लगाया जाना चाहिए। इसी संदर्भ में मुस्लिम वर्ल्ड लीग का मक्का मुकर्रमा से आया बयान उल्लेखनीय है। महासचिवालय ने स्पष्ट रूप से कहा हर वह कृत्य जो घृणा, हिंसा और आतंक फैलाने के लिए किया जाए, मानवता के विरुद्ध है और हम उसकी घोर निंदा करते हैं। यह संदेश इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक मुस्लिम समाज की प्रतिनिधि आवाज़ है और यह स्पष्ट करता है कि आतंकवाद न किसी धर्म का है, न संस्कृति का बल्कि यह शुद्ध रूप से शैतानी सोच का प्रतिबिंब है।

# पुरानी पेंशन सहित कई मांगों को लेकर एक मई को धरना देंगे शिक्षक

अवधनामा संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विशिष्ट बीटीसी 2001 व 2004 सहित अन्य शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने, शिक्षकों को पदोन्नति व प्रोन्नत वेतनमान देने, गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बदलने की मांग को लेकर जनपद के शिक्षक एक मई को बीएसए कार्यालय पर धरना देंगे।

जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में हुई जिला कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्तावित धरने की सफलता को लेकर रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक एक मई को बीएसए कार्यालय पर धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। विशिष्ट बीटीसी 2001 व 2004 तथा अन्य ऐसे परिषदीय शिक्षकों (जिनकी भर्ती का विज्ञापन 1 अप्रैल 2005 से पूर्व हुआ था, किंतु नियुक्ति उसके बाद हुई थी) को पुरानी पेंशन देने के लिए शासनादेश जारी किया जाना चाहिए। कहा कि शिक्षकों को पदोन्नति व प्रोन्नत वेतनमान देने, जिले के अंदर प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय व सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय को परस्पर तबादले की व्यवस्था देने, शिक्षकों के सामान्य तबादले करने, एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले में वरिष्ठता के आधार पर कम से कम 50 फीसदी अंक निर्धारित किया जाना चाहिए।

मंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि आकांक्षी जिलों के शिक्षकों को भी सामान्य तबादले का लाभ देने, मानव संपदा पोर्टल में उचित संशोधन करने, नामांकन के लिए बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के नियमों में शिथिलता देने, दिव्यांग वाहन भत्ता की बढ़ी हुई राशि के भुगतान की मांग धरने में शामिल होगी। इसके अलावा बर्डपुर बीइओ के विरुद्ध कार्रवाई करन? सहित जनपद स्तरीय समस्याओं को भी हल कराने का मुद्दा भी सम्मिलित रहेगा। बैठक में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष और संघर्ष समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोकर्ण एवं धुंधकारी की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के सिसहनीय गांव में



चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार रात को अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य अभय कृष्णजी महाराज ने गोकर्ण एवं धुंधकारी की कथा सुनाई। जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठें। कथावाचक ने कहा कि तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक एक ब्राह्मण अपनी पत्नी धुंधुली के साथ रहते थे। आत्मदेव अपने कार्य में निपुण थे लेकिन उनकी पत्नी धुंधुली बकबक करने वाली झगड़ालू स्वभाव की एक कृपण महिला थी। आत्मदेव के घर में सब कुछ होते हुए भी एक संतान की कमी थी, जिसको लेकर वह सदैव दुःखी रहते थे। घर में कोई संतान न होने से आत्मदेव अक्सर परेशान नगर आते थे। एक दिन आत्मदेव घर में संतान की कमी से दुःखीमन होकर आत्महत्या करने के लिए कुंए में कूदने जा रहे थे। तभी एक ऋषि ने उनको बचा लिया। ऋषि द्वारा आत्महत्या का कारण पूछने पर आत्मदेव ने कहा कि उनकी कोई संतान नहीं है। आत्मदेव ने कहा मैं ओ अभागा हूं कि मेरे घर एक गाय है उसके पास भी कोई संतान नहीं है। इस कारण मैने आत्महत्या करने का कदम उठाया। यह सुनकर ऋषि ने अपने थैले से एक फल निकालकर आत्मदेव के हाथ में दिया, और कहा कि तुम यह फल अपनी पत्नी को खिला देना। इससे तुम्हारे घर एक संतान की प्राप्ति होगी। आत्मदेव घर जाकर ऋषि द्वारा दी गई फल अपनी पत्नी को दे दिए और कहा इसे खा लो इससे घर में संतान की प्राप्ति होगी।

## मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने खिताब किया हाजी हैदर अहमद के चालीसवें की मजलिस

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर में



हाजी हैदर अहमद के चालिसवे की मजलिस उनके निवास स्थान हैदर मंजिल पर आयोजित हुई। हाजी साहब एक बहुत नेक दिल इंसान थे उन्होंने कस्बे के लोगों को हमेशा प्यार दिया और हमेशा अच्छी बातो में रूझान रखने की सलाह दी यही कारण था कि जब आप का इन्तेकाल हुआ तो गांव का बच्चा बच्चा रो रहा था बुधवार की रात उनके चालीसवें की मजलिस के पहले सोज ख्वानी खुर्शीद अहमद व उनके हमनवा ने की सोज ख्वानी के बाद मौलाना शाहकार हुसैन ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मां बाप को चाहिए कि अपने बच्चों का नाम खूबसूरत रखें न कि किसी सीरियल के नाम के किरदार पर रखें और अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाये क्योंकि आज कल अगर शिक्षा नहीं है तो कुछ भी नहीं है उन्होंने कहा कि हमारे मौला अली ने भी कहा है कि कम खाओ मगर बच्चों को शिक्षा जरूर दो। आज कल शिक्षा बहुत जरूरी है बाद में मौलाना ने कर्बला के वाक्ये पर रौशनी डालते हुए कहा था कि मेरे मौला के साथ कर्बला में क्या क्या सितम हुआ जिसे सुन कर मौजूद लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे मजलिस में कसीम रिजवी, मेहंदी रिजवी, अम्मार, बिलाल, हेलाल, सलमान, नौशा,अनवर शकील, जाकिर रजा, अमानत, जफरूल, मुस्तफा, मुर्तजा, सज्जाद, ज़मीर हसन आदि मौजूद रहे।

# सावित्री देवी पब्लिक स्कूल गौहनिया में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता





**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ चिल्हिया के बीच गौहनिया चौराहा पर स्थित सावित्री देवी पब्लिक स्कूल गौहनिया के परिसर में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसके मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख जोगिया कौशलेन्द्र त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रवि सिंह, धनंजय सिंह, रविंद्र दुबे, सूर्य प्रकाश पाण्डेय,अनिल कुमार चौधरी (नि0 प्रदेश सचिव शिक्षक मंच अपना दल एस, प्रबंधक शम्भू नाथ दूवे, अंजू मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सांस्कृतिक प्रभारी तुलसीकृत दूवे, सपना दूवे, शालिनी सिंह, निधि मिश्रा, रंजना मिश्रा व कृष्ण गोपाल पाठक ने कहा कि अतिथि देवों भव की भारतीय परंपरा रही है। प्रधानाचार्य तुलसीकृत दूवे ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण व बैंच लगाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया और उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण की पाठशाला विद्यालय है।और जब विद्यालय के कर्मठ जुझारु साथी साथ हों तो कार्यक्रम स्वयंमेव प्रेरणास्पद बन जाता है।सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर सबसे पहले सरस्वती वन्दना अंशिका संजनी, स्वागत गीत साक्षी ,पलक ने प्रस्तुत किया। मइया यशोदा गीत व डांस रिमझिम,कपाली, चांदनी, रिमसिम, ज्योति, सुलोचना, अंखियों से गोली मारे राज, रामदीन, लवकुश,दुर्गेश, आदित्य, नितिन, छम्मा छम्मा-सृष्टि,आस्था, आशा, शिवांगी, सौम्या, सलोनी,मारा ठुमका-खुशी, प्रिया, रिया, काजल, वैष्णवी, अंशिका, बावन गज का ब्यूटी, मानवी,भाग्या, प्राकृति, वैष्णवी, देवी गीत दिलवा लगन देवी माई से अंशिका, चांदनी, संजना, रीना, नन्दनी, शालिनी, पिरामिड अनुज की टीम व लड़कियों की टीम, मारे हिबड़ा में नाचे मोर -आंचल, गुंजन, नन्दनी, काजल, पायल, सोनाक्षी,सास बहू का नाटक नर्सिग, यासमीन, चांदनी,नो एंट्री पंकज, अमन,विकास,विश्वास, मोहित विराट व नन्हे मुन्ने बच्चे निरमेश, विवेक, मोहित, आदित्य, लवकुश, दुर्गेश, ऋषि, अमन ने आर्मी नाटक व दुनिया के सिस्टम नाटक प्रस्तुती देखकर सब मंत्र मुग्ध हो गयें।मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी छात्र- छात्राएं शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होते हुए मन लगाकर पढ़ें। जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र तथा अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करेंगे। और आप पढ़- लिखकर उच्च पद पर आसीन हों।और ऐसे वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम होने से बच्चों के अन्दर छुपी असीम प्रतिभाएं निकल कर बाहर आती है। उन्हें निखारने की जिम्मेदारी शिक्षक के ऊपर होती है। कार्यक्रम के आयोजक/अध्यक्षता अमरनाथ दूवे व कार्यक्रम का संचालन उमेश प्रताप सिंह ने किया।सावित्री देवी पब्लिक स्कूल गौहनिया के प्रधानाचार्य तुलसीकृत दूवे ने आयें हुए अतिथियों का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशलेन्द्र त्रिपाठी,रवि सिंह, सूर्य प्रकाश पाण्डेय,धनंजय सिंह,अनिल कुमार चौधरी,रविन्द्र दूवे,अंजू मिश्रा,मोनू तिवारी,अरविन्द अग्रहरि, मोहम्मद मुख्तार आलम उर्फ चांद, शरदेंदु त्रिपाठी, रामानन्द पाण्डेय, संरक्षक उमेश प्रताप सिंह, प्रबंधक शम्भूनाथ दूवे, प्रधानाचार्य तुलसीकृत दूवे, शिक्षक कृष्ण गोपाल पाठक, सपना दूवे, शालिनी सिंह, रंजना मिश्रा, निधि मिश्रा, सिद्धार्थ उपाध्याय, अरुण पाण्डेय,बालकेश गुप्ता, हरिशंकर मिश्र,प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, सीताराम दूवे,श्वेता गुप्ता अभिभावक प्रभात साहनी उत्तर प्रदेश पुलिस,मनोहर साहनी, रवि प्रकाश दूवे, परशुराम उपाध्याय,महात्म यादव, राजेन्द्र चौधरी, घनश्याम गुप्ता, दिलीप विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

## पंचायती राज स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए प्रधान



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पंचायती राज स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन सिद्धार्थनगर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में डुमरियागंज ब्लॉक के ग्राम प्रधान हल्लौर ताक़ीब रिज़वी को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत हल्लौर में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री पुरस्कार जनपद के जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा श्री रिज़वी को सौंपा गया। इस सम्मान की खबर से हल्लौर गांव और पूरे तहसील क्षेत्र में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि ताक़ीब रिज़वी राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संघ के संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर भी कार्यरत हैं।

## पहलगाम हमले का इटवा में विरोध प्रदर्शन




**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इटवा नगर पंचायत मेन चौराहे पर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। भाजपा पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी व नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंक पाकिस्तान आतंकवाद के नारे लगाये। यह विरोध प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हिंदू पर्यटकों की धार्मिक पहचान के आधार पर की गई हत्या के विरोध में किया गया। पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका, सर्जिकल स्ट्राइक की मांग की। विरोध प्रदर्शन में भाजपा और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से हिंदू पर्यटकों की हत्या का बदला लेने की मांग की। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी उठाई। इस मौके पर दर्जनों लोग शामिल रहे।

# विरोध : हियुवा वाहिनी ने निकाला कैंडल मार्च



**इटवा सिद्धार्थनगर।** हिन्दू युवा वाहिनी के तत्वावधान में पहलगांव घटना में मृत लोगों के आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला। इटवा रामलीला मैदान से शिव शक्ति मंदिर इटवा तक कैंडिल मार्च में मुख्य रूप से संजय मिश्र नि.जिला महामंत्री संगठन हिन्दू युवा वाहिनी जनपद सिद्धार्थनगर, राम कृपाल चौधरी, विवेक श्रीवास्तव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी इटवा, अशोक कुमार पाण्डेय ब्लाक पूर्व प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी भनवापुर,विन्दराज गिरि पूर्व संयोजक आईटी सेल खुनियांव, कप्तान सिंह,राम शब्द उपाध्याय, छोटू चौहान, विनोद सोनी पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष भनवापुर, मयाराम भारती अनुसूचित जिला उपाध्यक्ष भाजपा जनपद सिद्धार्थनगर, पंकज कुमार पाण्डेय, शिव कुमार वर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष इटवा, सुमित्रानंदन श्रीवास्तव, रामदेव बाबा, मनोज विश्वकर्मा, गोपाल पाण्डेय, रंजीत यादव, विजलू मौर्य, महेश चौहान, दुर्गा प्रजापति, वृजेश पाठक,सुबाश यादव मदन यादव विश्राम यादव रामबली चौधरी, विनोद सोनी, राम नरेश यादव रामकुमार चौधरी, रामशब्द उपाध्याय, वृजेश मौर्य हजारी प्रसाद गुप्ता, मयाराम भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

# एआरपी पद पर चयन, शिक्षक सम्मान समारोह कर स्कूल से हुई विदाई



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एआरपी पद पर चयन होने से शिक्षकों को ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा में विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के शिक्षक शशि कुमार यादव, नागेन्द्र व प्रवीन कुमार यादव का चयन एआरपी पद पर हुआ शशि कुमार यादव का सामाजिक विषय से नौगढ़ में नागेन्द्र का सामाजिक विषय से इटवा व प्रवीन कुमार यादव का गणित विषय से शोहरतगढ़ हुआ। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा के शिक्षकों ने एआरपी बने शिक्षकों को विदाई सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षक साथियों के कार्यों की सराहना करते हुए विदाई दी गई।सभी एआरपी शिक्षकों को निपुण भारत मिशन सहित समस्त विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी गई। इस दौरान प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, मुस्तन शेरुल्लाह, शशि कुमार यादव, नागेन्द्र कुमार, प्रवीन कुमार यादव, पवन कुमार चौरसिया, राकेश कुमार राज, सिद्धार्थ कुमार, मनमोहन, राकेश जायसवाल, रेनू मद्धेशिया, जय प्रकाश यादव, अली हसन, सुनील कुमार, अवधेश पाल आदि शिक्षक मौजूद रहें।

## नगर पंचायत बिस्कोहर : आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों में आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों का वितरण



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बिस्कोहर नगर पंचायत कार्यालय पर गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में आधुनिक स्वास्थ्य उपकरण वितरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन अजय गुप्त ने कार्यकत्रियों में हाइट मशीन, वेट मशीन, बेबी स्केल, इन्फेंटो मीटर और स्टैडियो मशीन वितरित की। उन्होंने कहा कि इन आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से महिलाओं, बच्चों के सेहत की निगरानी में आसानी होगी। साथ ही यह उपकरण कुपोषण से लड़ने में भी मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत का निर्माण जमीनी स्तर से शुरू होता है। इन उपकरणों से बच्चों के वजन और लंबाई की नियमित जांच की जा सकेगी। साथ ही गर्भवती और धात्री माताओं की निगरानी भी की जा सकेगी। इससे स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान होगी। कार्यक्रम में वेट मशीन, हाइट मशीन, बेबी स्केल , इन्फेंटो मीटर, स्टैडियो मशीन, बेबी मशीन आदि वितरण हुआ इस मौके पर आंगनबाड़ी नीलम श्रीवास्तव , ज्ञान कुमारी ,मीरा देवी, कविता, सुनीता गुप्ता,अनामिका त्रिपाठी, मिथिलेश , कल्पना चौधरी, जय श्री, मीना देवी, कौशल्या देवी,सरोज भारती, रागिनी अवस्थी , इंदु ,उमा ,मुन्नी देवी, सरिता सिंह, निर्मला, सभासद प्रतिनिधि अजीत मौर्य, अनूप पांडेय, पिंकू मोदनवाल, कन्हैया वरुण, राम नरेश पासवान आदि मौजूद रहे।

## सिवान में गेहूं की डंठल में लगी आग



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के बांसी -धानी मार्ग स्थित गोहर गांव के पूरब सिवान में अज्ञात कारणों से गेहूं के डंठल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें हवा के साथ पूरब की तरफ बढ़ते हुए लमुही चौराहा पर एक चाय-पानी की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। क्षेत्र के गोहर गांव के पूरब सिवान में बृहस्पतिवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से गेहूं की डंठल में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया। और तेज पछुआ हवा की रुख के साथ पूरब की दिशा में बढ़ने लगा। आग हवा के साथ बढ़ते बढ़ते सेमरा चौराहा पर पहुंच गया जहा कई लोगों की सब्जी की खेती को अपनी चपेट में लेकर झुलसा दिया। उसके बाद आग तेज हवा के साथ पूरब की दिशा में बढ़ती गई और लमुही चौराहे तक पहुंच गई। वही बांसी-धानी मार्ग स्थित लमुही चौराहा पर कल्लू आरा मशीन के सामने लमुही गांव निवासी शिवपूजन लोधी की चाय पानी की दुकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें झोपडी सहित दुकान के अंदर रखा सारा सामान जाकर राख हो गया।

## पहलगाम की बसैरन घाटी में आतकी

पुलिस और सेना की वर्दी में आकर आतंकी हमला किया हमले में दो विदेशी और दो स्थानीय लोग मारे गये आतंकियों की तलाश में चापर और खोजी कुत्ते लगाये गये। बैसरन घाटी में पिकनिक मना रहे। लोगो को निशाना बनाया गया। हमले की खबर लगते है शाह श्रीनगर पहुंचे प्रधानमंत्री विदेशी दौरा छोड़ लौट आये है। आतंकियो पर सख्त हमला करने के लिये कदम उठाये जा रहे है। चश्मदीयों ने बताया पहले नाम पूछा फ़िर आतंकियों ने गोली मारी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 26 मौते हुये जिनमें पर्यटक ज्यादा है। लश्कर से जुड़ेती आरएफने जिम्मेदारी ली। 2019 में पुलवामा के बाद यह सबसे बड़ी घटना है। टूरिस्टों पर ये आतंकी हमला श्रीनगर से 90 किमी. टूर यह पहलगाम की बैसरन घाटी में यह हमला हुआ। बैसरन की हरी भरी घाटी जिसे भारत का स्विटजरलैन्ड कहा जाता है। तीन बजे के करीब यह घटना हुई। आतंकी बैसरन घाटी पहाड़ से नीचे उतरे और वहां घुडसवारी करते टूरिस्टों, खाने पीने की जगहों पिकनिक मनाते लोगो पर अन्धाधुन्ध फ़ायरिंग कर दी। खबर लगते ही पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करें तैयबा के मुखौटा संगठन टीआर एफने इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली। ज्यादातर हताहत यूपी, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात सहित कई राज्यों के थे। आतंकी जम्मू के किश्वाड से साउथ कश्मीर के कोकर लाग होते हुये बैसरन पहुंचे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति सरिवार भारत दौरे पर है। ऐसे समय में यह हमला हुआ। कश्मीर में टूरीज्म का सीजन इस समय से जोर पकड़ने लगता है।

जैसे ही हमला हुआ स्थानीय लोग जान बचाकर भागे, पर टूरिस्ट आसान निशाना बने। हमले की भयांकर वीडीओं सामने आया है। हमले बाद पीएम साउदी अरब के दौड़े से वापस आ गये और सुरक्षा समिति के बैठक की तैयारी में लग गये। साऊदी ने पीएम से भारती की मदद के लिये अश्वासन दिया है। मोदी ने साऊदी को भरोसेमन्द दोस्त रणनीतिक साझेदार और सबसे मूल्यवान पड़ोसी बताया। छह अहम समझौतो पर हस्ताक्षर होने की उम्मीदे है। मोदी ने यह भी कहा कि भारत साऊदी के साथ मिलकर शान्ती, प्रगति और समृद्धी के रास्तों पर चलेगे। सिर्फ अपने लिये नही पूरे विश्व ले लिये आगे बढ़ेगे। दोनों के बीच बाईलेटरल समझौतों, इनवेस्टमेन्ट ट्रिटी भारत गल्फ के आपरेशन कौन्सिल के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत चालू रही है। 2019 बने राजनितिक साझेदारी को दोनो मुल्कों के बीच साझेदारी के बीच मील का पत्थर बताया। दोनो देश रीफाइनरी, बायोकेमिकल्स सर्कुलर इकनामिक एनर्जी एकी सियेन्सी और ग्रीन हाई ड्राजन पर मिलकर काम का रहे है। अब सिर्फ तेल खरीदारी और बेचने तक सीमित नही है। रीफाइनरी पेंट्रोल के मिकन्स सकुलर इकनामी, एनर्जी इसीसिये नही और मीन हाईड्रोजन पर मिल कर काम कर रहे है। ऊर्जा से व्यापार की सम्भावनाओं पर मिल कर अपने अपने मुल्क का आगे बढ़ा रहे है।

मोदी का जेड्डा होटल में एक खास अन्दाज में स्वागत हुआ ऐ वतन आबाद रहते से गाने का स्वागत हुआ मोदी ने तालियां बजा कर अवसर को और गामि पुलिस और सेना की वर्दी में आकर आतंकी हमला किया हमले में दो विदेशी और दो स्थानीय लोग मारे गये आतंकियों की तलाश में चापर और खोजी कुत्ते लगाये गये। बैसरन घाटी में पिकनिक मना रहे। लोगो को निशाना बनाया प्रदान की। भारतीय समुदाय भारी संख्या में वहां मौजूद रहे। साउदी अरब रोजगार के लिये भारत से बहुत से लोगो जाते आते रहते है। भारत सऊदी अरब दोस्ती जिन्दाबाद।

## वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 : पसमांदा मुसलमानों के लिए उम्मीद की किरण

**सरवर नईम निगरामी**

संसद द्वारा हाल ही में पारित वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जबकि इस अधिनियम का उद्देश्य सभी वक्फ संपत्तियों और उनके लाभार्थियों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर शासन लाना है, यह विशेष रूप से पसमांदा मुसलमानों, जो भारतीय मुस्लिम आबादी का ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहा वर्ग है, के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए आशा की किरण लेकर आया है।

पसमांदा, जिसका फ़ारसी में अर्थ है पिछड़े हुए लोग दलित और पिछड़ी जाति के मुसलमानों के लिए एक सामूहिक पहचान है जिन्होंने समुदाय के भीतर सामाजिक और आर्थिक भेदभाव का सामना किया है। भारत में मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने के बावजूद, पसमांदाओं का अक्सर कम प्रतिनिधित्व रहा है और उन्हें वक्फ बोर्डों में बराबर भागीदारी भी नहीं मिली है। नया वक्फ अधिनियम 2025 उन प्रमुख मुद्दों को हल करता है जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से पसमांदा मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया है, इस नए कानून से उनके सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पसमांदा मुसलमानों के लिए प्रमुख लाभः वक्फ बोडों में बढ़ी हुई प्रतिनिधित्वः नए अधिनियम का एक महत्वपूर्ण पहलू केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों की अधिक समावेशी संरचना का जनादेश है। इसमें मुस्लिम समुदायों के बीच अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है, जो सीधे तौर पर वक्फ संपत्तियों से संबंधित निर्णय लेने वाले निकायों से पसमांदा मुसलमानों के मुद्दे को भी हल करता है। पहली बार, पसमांदा मुसलमानों को वक्फ संसाधनों के प्रबंधन और उपयोग में अपनी आवाज रखने का अवसर मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उनकी जरूरतों और चिंताओं को ध्यान में रखा जाए।

सामाजिक-आर्थिक विकास पर ध्यानः संशोधित अधिनियम कल्याण और विकास उद्देश्यों के लिए वक्फ आय के उपयोग पर जोर देता है। बेहतर पारदर्शिता और सख्त लेखापरीक्षा उपायों के माध्यम से वक्फ भूमि के दुरुपयोग और अवैध कब्जे को रोककर, अधिनियम का उद्देश्य वक्फ बोर्डों के राजस्व को बढ़ाना है। इस बढ़ी हुई आय को फिर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लक्षित करने वाले शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सुविधाओं आवास परियोजनाओं और आजीविका सहायता कार्यक्रमों की स्थापना के लिए निर्देशित किया जा सकता है. जिनमें से एक बड़ा अनुपात पसमांदा मुसलमान हैं। उत्तराधिकार अधिकारों का संरक्षण अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने से पहले महिलाओं, जिनमें विधवाएं और तलाकशुदा महिलाएं भी शामिल हैं. को उनका वैध उत्तराधिकार मिले। यह प्रावधान पसमांदा महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है. जिन्होंने अक्सर उत्तराधिकार के मामलों में नुकसान का सामना किया है। उनके अधिकारों की रक्षा करके, अधिनियम पसमांदा परिवारों के भीतर लैंगिक न्याय और आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा देता है।

पारदर्शिता और जवाबदेही एक केंद्रीकृत पोर्टल के माध्यम से वक्फ रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में अभूतपूर्व पारदर्शिता लाएगा। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि वक्फ धन का उपयोग उन उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जाए, जिससे अंततः सबसे हाशिए पर रहने वाले, जिनमें पसमांदा मुसलमान भी शामिल हैं, को लाभ होगा। नियमित लेखापरीक्षा और वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय से जवाबदेही और बढ़ेगी।

'ऐतिहासिक अन्याय का निवारण' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकार किया है कि दशकों से वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग किया गया है, जिससे गरीब मुसलमानों के बजाय भू-माफियाओं को फायदा हुआ है। नया अधिनियम वक्फ भूमि के अतिक्रमण और अवैध हस्तांतरण को रोकने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा स्थापित करके इन ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने का प्रयास करता है. यह सुनिश्चित करता है कि ये संसाधन अंततः अपने इच्छित ताभार्थियों, जिनमें पसमांदा समुदाय भी शामिल है, की सेवा कर सकें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**पाकिस्तान को महसूस हो गया था कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या, जो इस साल के अंत तक तीन करोड़ को पार कर सकती थी, उसकी दुष्प्रचार नीति और कश्मीर को लेकर रचाई गई झूठी कहानी को नकार रही है। पाकिस्तान के लिए यह दोहरी पराजय थी–एक तो यह कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के निर्णय को कश्मीरी लोग धीरे-धीरे स्वीकार कर रहे थे, जबकि पाकिस्तान ने यह सपना संजो रखा था कि वे इस फैसले के खिलाफ विद्रोह करेंगे।**

# फिर खून से लाल हुई घाटी

कश्मीर में पहलगाम जिले के बैसरन घसियाले मैदान में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला किया है। यह हमला ही नहीं, बल्कि दानवी नरसंहार है, जिसमें 27 निहत्थे, निर्दोष, मासूम पर्यटकों को, मात्र 20 मिनट में ही, लाश बना दिया गया। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाबैसरन घाटी पहलगाम से करीब 7 किमी दूर है। एक बेहद खूबसूरत घास का मैदान, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहते हैं, लेकिन आतंकियों ने उसे भी खून से लथपथ कर बदनाम कर दिया।


डॉ. ओपी त्रिपाठी

असल में ये आतंकी नहीं, मुस्लिम आतंकी हमला था, क्योंकि इन्होंने धर्म पूछ कर गैर-मुस्लिमों की चुन-चुनकर हत्या की। जो मुस्लिम नहीं था, उन्हें ये गोली मारते गए। इन इस्लामी आतंकियों ने पैंट खोलकर खतना चेक किए। जिन लोगों का खतना नहीं हुआ था, उन्हें गोली मार दी। आतंकियों ने पर्यटकों से कलमा पढ़ने को कहा। जो कलमा नहीं सुना पाए, उन्हें गोली मार दी। हिंदुओं के इस कत्लेआम को लेकर लोगों में काफी गुस्सा हैं। बताया गया है कि 4-5 आतंकी थे। उन्होंने 50-70 राउंड गोलीबारी की और 27 सैलानियों को मौत की नींद सुला दिया। अधिकतर पुरुष पर्यटकों को ही निशाना बनाया गया। कर्नाटक की एक महिला ने पति की मौत के बाद जब कहा कि उसे भी मार दें, तो आतंकियों ने जवाब दिया- 'नहीं, तुम्हें नहीं मारेंगे। तुम जाओ, जाकर मोदी को बता दो।' इस जवाब से ही आतंकियों की सोच और मंशा समझी जा सकती है। इतना सब होने के बाद भी कुछ लोगों को लगता है कि ये इस्लामी आतंक नहीं है। आतंकी हमले के तुरंत बाद से देश भर में कथित सेकुलर- लिबरल गैंग एक्टिव हो गया है। देश के कुछ पेड पक्षकार भी ये साबित करने में लग गए हैं कि ये इस्लामी अटैक नहीं था।



पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के यूनिट द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इंटेलिजेंस का दावा है कि टीआरएफ आतंकी सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड है। वह सैफुल्लाह कसूरी के नाम से भी जाना जाता है। सैफुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ है। उसे लश्कर के संस्थापक आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है। सैफुल्लाह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके के रावलकोट का रहने वाला है। वहीं से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। उसने मार्च में एक भाषण दिया था, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह सख्त लहजे में पाकिस्तान सरकार से कश्मीर मुद्दा शांत न पड़ने देने की बात कह रहा है। सैफुल्लाह का ये भाषण मार्च 2025 का बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी तारीख और लोकेशन का पता नहीं है।

पाकिस्तान को महसूस हो गया था कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या, जो इस साल के अंत तक तीन करोड़ को पार कर सकती थी, उसकी दुष्प्रचार नीति और कश्मीर को लेकर रचाई गई झूठी कहानी को नकार रही है। पाकिस्तान के लिए यह दोहरी पराजय थी–एक तो यह कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के निर्णय को कश्मीरी लोग धीरे-धीरे स्वीकार कर रहे थे, जबकि पाकिस्तान ने यह सपना संजो रखा था कि वे इस फैसले के खिलाफ विद्रोह करेंगे। पाकिस्तान को इस बात से भी गहरी चोट पहुंची कि चीन और तुर्की को छोड़कर कोई भी देश उसके पक्ष में नहीं आया, यहां तक कि इस्लामी देशों ने भी भारत के निर्णय का समर्थन किया। दूसरे, पाकिस्तान को कश्मीर घाटी में हो रहे बुनियादी ढांचे के विकास और देश के साथ बढ़ती एकजुटता से परेशानी थी।

बहरहाल कश्मीर में फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद यह नरसंहार सबसे बड़ा और वीभत्स है। पुलवामा में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को आतंकियों ने 'शहीद' कर दिया था। पहलगाम में धर्म के आधार पर चिह्नित कर पर्यटकों पर पहली बार आतंकी हमला किया गया है। इस नरसंहार ने मार्च, 2000 के चित्तीसिंहपुरा आतंकी हमले की याद ताजा करा दी, जिसमें 35 ग्रामीण सिखों को उनके घरों से निकाल कर मार दिया गया था। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कश्मीर के प्रवास पर ही थे। इस बार अमरीका के उपराष्ट्रपति वेंस भारत के प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी सऊदी अरब गए हुए थे। बहरहाल उन्हें तुरंत लौटना पड़ा। लौटने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन पर निर्देश दिए कि तुरंत श्रीनगर जाएं और हालात तथा सुरक्षा का जायजा लें। घटना के बाद सरकार और सुरक्षा-तंत्र तुरंत सक्रिय हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार कश्मीर में 60-70 आतंकवादी सक्रिय हों या सीमापार से घुसपैठ करके आते हों, लेकिन लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में कभी भी आतंकी हमला किया जा सकता है। राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक एसपी वैद इसे 'पुलवामा जैसा हमला' ही मानते हैं। उनका मानना है कि आतंकियों ने इलाके के होटलों की रेकी कई बार की होगी और हमले की रणनीति खूब सोच-समझ कर बनाई होगी। तभी वे इतना बड़ा हमला करने में कामयाब रहे और हमारे सुरक्षा तथा खुफिया तंत्र को भनक तक नहीं लगी। आतंकियों के पास अत्याधुनिक, विदेशी हथियार भी हैं। वे उन्हें कैसे मिले?

आतंकी हमले को लेकर मोदी सरकार सख्त और गंभीर है। पहलगाम हमले के दूसरे दिन भारत ने इसके लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार माना है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए हैं। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया है। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया है। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया है। 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि 'मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिल करके रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।'

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सामान्य हमला नहीं है। आतंकियों ने भारत को सीधी चुनौती दी है, लिहाजा इसका पलटवार भी ऐसा होना चाहिए, जिससे पाकिस्तान कांप उठे। कश्मीर को सामान्य करने के प्रयास बिल्कुल नहीं थमने चाहिए, लिहाजा प्रधानमंत्री कश्मीरियों को संबोधित करें।

# पहलगाम आतंकी हमला धरती के स्वर्ग पर दहशत

**धारा 370 के निरस्त होने के बाद भारत सरकार ने दावा किया था कि जम्मू कश्मीर में शांति और स्थिरता स्थापित होगी लेकिन इस तरह की आतंकी घटनाएँ बताती हैं कि आतंकवादी गतिविधियाँ फिर से बढ़ रही हैं। सीमा पार से घुसपैठ और स्थानीय पर सहयोग इन हमलों का प्रमुख कारण हैं। आतंकी हमले हमारे सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करते हैं। पर्यटकों को निशाना बनाए जाने से विभिन्न समुदायों के बीच अविश्वास और भय का माहौल बन सकता है।जम्मू और कश्मीर में देशी-विदेशी सैलानियों की तादाद पिछले वर्षों में लगातार बढ़ रही है। सड़क, रेल और हवाई यातायात के माध्यमों यह पूरे देश से जुड़ चुका है।**

अपनी नैसर्गिक प्राकृतिक सुषमा और सुंदरता के लिए दुनिया भर में पहचाने जाने वाले जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि ने एक बार फिर हमारी सुरक्षा व्यवस्था, सामाजिक ताने-बाने और पर्यटन उद्योग पर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इस आतंकवादी घटना ने एक बार फिर से हमें झकझोर दिया है। 2019 में पुलवामा अटैक के बाद कश्मीर में यह अब तक का सबसे बड़ा हमला था जिसमें निशाने पर पर्यटक थे। इस आतंकी घटना ने 25 बरस पहले छत्तीसिंहपुरा नरसंहार की याद ताजा कर दी है। आतंकियों ने पहलगाम से करीब 6 किलोमीटर की दूरी के बैसरन के जिस इलाके को निशाना बनाया, यह इलाका घने देवदार के पहाड़ों से घिरा घास का बड़ा मैदान है। आतंकियों ने इस जगह को इसलिए चुना क्योंकि यहां अधिक संख्या में पर्यटक आते हैं। खूबसूरत कश्मीर की फिज़ा को बिगाड़ने के लिए आतंकियों ने इस जगह को चुना। इन हमलों की प्रकृति में सुनियोजित रणनीति स्पष्ट दिखाई देती है। द रेजिस्टेंस फ्रंट नाम के संगठन ने इस हमले जिम्मेदारी ली है जो लश्कर-ए-तैयबा की ही एक फ्रेंचाइजी है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा न केवल सुरक्षाबलों को निशाना बना रहे हैं, बल्कि पर्यटकों और प्रवासी मजदूरों पर भी हमले कर रहे हैं। भारत के खिलाफ होने वाली हर साजिश को अंजाम देने में उसे पाक की सेना और कट्टरपंथी सगठनों का पूरा सहयोग मिल रहा है। यह तो बानगी भर है। जैश, हिज्बुल और लश्कर का पाक में अभी भी एक बड़ा नेटवर्क है। दुखद है जम्मू-कश्मीर में किसी भी बड़ी आतंकी घटना के तार सीधे इन्ही संगठनों से मिलते है और ये खुद ही आतंकी हमलों में अपनी संलिप्तता से पीछे नहीं हटते। पाक की राजनीती का असल सच किसी से छुपा नहीं है। वहां पर सेना कट्टरपंथियों का हाथ की कठपुतली है। असल नियंत्रण सेना का हर जगह है। पाक यह महसूस कर रहा है अगर समय रहते उसने भारत के खिलाफ अपनी जंग शुरू नहीं की तो कश्मीर का मुद्दा नहीं सुलझ पाएगा। पाक के साथ भारत को अब किसी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए और आतंक के खिलाफ ठोस ऐक्शन लेने की जरूरत है।


हर्षवर्धन पाण्डे

2019 में धारा 370 के निरस्त होने के बाद भारत सरकार ने दावा किया था कि जम्मू कश्मीर में शांति और स्थिरता स्थापित होगी लेकिन इस तरह की आतंकी घटनाएँ बताती हैं कि आतंकवादी गतिविधियाँ फिर से बढ़ रही हैं। सीमा पार से घुसपैठ और स्थानीय पर सहयोग इन हमलों का प्रमुख कारण हैं। आतंकी हमले हमारे सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करते हैं। पर्यटकों को निशाना बनाए जाने से विभिन्न समुदायों के बीच अविश्वास और भय का माहौल बन सकता है।जम्मू और कश्मीर में देशी-विदेशी सैलानियों की तादाद पिछले वर्षों में लगातार बढ़ रही है। सड़क, रेल और हवाई यातायात के माध्यमों यह पूरे देश से जुड़ चुका है। बीते बरस 2.35 करोड़ से अधिक पर्यटक जम्मू-कश्मीर पहुंचे, जबकि अमरनाथ यात्रा में 5 लाख श्रद्धालु शामिल हुए। यही विकास आतंकियों को खटक रहा है। जिस कश्मीर को आर्टिकल 370 खत्म होने से पहले डर की भावना से देखा जाता था, वह अब पर्यटकों को लुभा रहा है। श्रीनगर का लाल चौक जहां कभी अलगाववादी देश विरोधी रैलियां निकालते थे, वहां अब सब खुली हवा में साँस ले सकते हैं। ऐसे में आतंकियों ने पर्यटकों पर निशाना बनाकर उनके मन में फिर से खौफ पैदा करने की कोशिश की है।



आने वाले महीनों में पवित्र अमरनाथ यात्रा भी शुरू होनी है और उससे पहले माहौल बिगाड़ने से पूरी दुनिया का ध्यान कश्मीर पर एक बार फिर से केंद्र में आ सकता है। पहलगाम आतंकी हमले को सिर्फ एक घटना मानना भूल होगी, क्योंकि यह हमला पाकिस्तान की नई स्ट्रैटेजी का हिस्सा भी हो सकता है। इस रणनीति का उद्देश्य है जम्मू क्षेत्र से होकर आतंकियों को भारत में प्रवेश कराना और धर्म के नाम पर नई दहशत फैलाना जिससे कश्मीर में आतंक की तसवीरें दिखाकर भारत की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती देना है। खुफिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान की ओर से जम्मू सेक्टर के सामने 32 लॉन्च पैड्स में करीब 100 आतंकवादी घुसपैठ के लिए तैयार बैठे हैं, वहीं कश्मीर के सामने 10 लॉन्च पैड्स में सैकड़ों आतंकियों की मौजूदगी है। 2023 में 125 ड्रोन सीमा पार से भेजे गए, जबकि 2024 में यह संख्या 300 तक पहुंच चुकी है। इन ड्रोन्स के जरिए हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण पहुंचाए जा रहे हैं। 2022 में जहां 107 आतंकी घटनाएं हुई थीं, वहीं 2023 और 2024 में यह आंकड़ा घटकर क्रमशः 27 और 26 पर आ गया लेकिन पहलगाम से एक बार फिर जम्मू -कश्मीर में आतंक और हिंसा का नया तांडव शुरू हो सकता है। इस तरह पर्यटकों पर किये हमलों से जम्मू कश्मीर के पर्यटन उद्योग को गहरा आघात पहुँच सकता है। इस मौसम में पर्यटन सीज चरम पर रहता है। ऐसे हालातों में हुए इन हमलों ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है शायद इस घटना के बाद शायद पर्यटक कश्मीर का रुख करने से कतराने लगें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बात को दोहराया है कि हमलावरों को कड़ी सजा दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में आपातकालीन बैठक बुलाकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी आज कहा है हमला करने वालों को करारा जवाब मिलेगा ऐसा जवाब मिलेगा जो पूरी दुनिया देखेगी। हम हर जरूरी कदम उठाएंगे। भारत को डराया नहीं जा सकता। यह बयान भारत की तरफ से अभी तक का एक कड़ा बयान नजर आता है।

पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर ने कश्मीर को लेकर अभी एक हफ्ते पहले ही अपना बयान दिया था।पहलगाम में पर्यटकों की इतनी बड़ी संख्या में निर्मम हत्या के पीछे सीधे-सीधे पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष असीम मुनीश की रणनीति भी हो सकती है। उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की 'गले की नस' बताया था। उन्होंने 'टू नेशन थ्योरी' का जिक्र करते हुए हिंदुओं के खिलाफ नफरती बयान देते हुए कहा था कि पाकिस्तानियों को नहीं भूलना चाहिए कि हम उनसे अलग हैं। उनके इस बड़े बयान कहीं न कहीं आतंकवादियों के लिए एक संदेश का काम किया है कि जम्मू-कश्मीर को रक्तरंजित करने के लिए यही माकूल वक्त है। इस तरह की घटनाओं की दहशत बहुत ज्यादा होती है और पूरी दुनिया तक संदेश पहुंचाया जा सकता है कि कश्मीर में अब भी कुछ नहीं बदला है। इस हमले से आतंकियों ने अमेरिका को भी संदेश देने की कोशिश की है कि कश्मीर अभी भी शांत नहीं हुआ है। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की समस्या जटिल है।

# खेल की भावना सियासत में भी हो!


**7 फरवरी 1999 में फिरोजशाह कोटला मैदान (दिल्ली) में पाकिस्तान से भारत का क्रिकेट मैच हुआ। इतिहास सिर्फ यही बताएगा कि अनिल राधाकृष्ण कुम्बले नामक लेग स्पिनर ने दसों विकेट लेकर एक विश्व रिकार्ड रचा था। मगर इतिहास में शायद दर्ज नहीं हुआ होगा कि जवागल श्रीनाथ, सदगोपन रमेश और कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कितना उत्सर्ग किया, अपने हित का मोह छोड़ा और साथी कुम्बले को इतिहास पुरुष बनाया। जब कुम्बले ने नौ विकेट ले लिए थे तो मत्सर भावना इन सबको पीड़ित कर सकती थी, डाह जला सकती थी।**

आज कल देश खेल के ज्वर में डूबा हुआ है। तरह-तरह की घटनायें मैदान में हो रही हैं। इसी संदर्भ में ठीक छब्बीस वर्ष पुरानी क्रिकेट गेंदबाजी की एक घटना याद आती है। क्रिकेट मैच का वाकया है। नयी दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान का। जैसे एजाज पटेल ने (4 दिसम्बर 2021) न्यूजीलैण्ड के लिये दस भारतीय विकेट लेकर मुंबई में इतिहास रच डाला। वे विश्व के तीसरे गेंदबाज हो गये। कई वर्षों पूर्व जिम लेकर (आस्ट्रेलिया) ने ऐसा करतब दिखाया था। मगर मुंबई में अनिल कुम्बले ने 7 फरवरी 1999 को यही किया था।


के. विक्रम राव

भारतीयों में खिलाड़ी वाली उदारमना की भावना होती है। हालांकि राजनीति में ऐसा सर्जाना कठिन है, क्योंकि राजनेता का दिल तंग होता है, जिसमें फैलाव जरूरी है। जिक्र जब हृदय के आकार का है तो स्काटलैण्ड के मानवशास्त्री सर आर्थर कीथ का निष्कर्ष ठीक लगता है कि विश्व इतिहास की धारा की दिशा आसमानी घटनाएं नहीं, बल्कि लोगों के दिल में उपजी बातें तय करती हैं। इसी सिलसिले में खेल जगत तथा राजनीतिक क्षेत्र से कुछ उदाहरणों पर गौर करें तो एक खलिश-सी होती है कि उन सब सियासतदां में खेल वाला मिज़ाज क्यों नहीं उभरता है? शायद अपने साथियों के शवों पर चढ़कर सफलता हासिल करने चले ये लोग निर्मम हो जाते हैं।

खेल जगत से एक उदहारण। उस दिन 7 फरवरी 1999 में फिरोजशाह कोटला मैदान (दिल्ली) में पाकिस्तान से भारत का क्रिकेट मैच हुआ। इतिहास सिर्फ यही बताएगा कि अनिल राधाकृष्ण कुम्बले नामक लेग स्पिनर ने दसों विकेट लेकर एक विश्व रिकार्ड रचा था। मगर इतिहास में शायद दर्ज नहीं हुआ होगा कि जवागल श्रीनाथ, सदगोपन रमेश और कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कितना उत्सर्ग किया, अपने हित का मोह छोड़ा और साथी कुम्बले को इतिहास पुरुष बनाया। जब कुम्बले ने नौ विकेट ले लिए थे तो मत्सर भावना इन सबको पीड़ित कर सकती थी, डाह जला सकती थी। अतः भगवद्गीता में सारथी की भावना 'न तु अहं कामये राज्यं' का निखालिस और उम्दा प्रकरण यदि कहीं दिखा तो अजहरुद्दीन और उसके साथियों में। श्रीनाथ अपना बारहवां ओवर, 2436वीं गेंद, फेंक रहे थे। यह उनके जीवन की कठिनतम घड़ी रही होगी। वह अपना 341वां विकेट सुगमता से ले सकते थे। बल्लेबाज भी कमजोर वकार युनुस था। वह गेंद तो तेज फेंक सकता था मगर गेंद ठीक से खुद खेल नहीं सकता था। सधे हुए गेंदबाज श्रीनाथ ने दो गेंद ऐसी फेंकी ताकि युनुस के आस-पास तक उसका टिप्पा भी न पड़े। वेस्टइंडीज से आए अम्पायर स्टीव बकनौर ने दोनों को वाइड बाल करार दिया। कप्तान अज़हर ने श्रीनाथ के कान में फुसफुसा दिया था कि विकेट मत लेना ताकि अनिल कुम्बले दस विकेट लेने का कीर्तिमान रच सके। वकार युनुस ने एक कैच भी दिया, मगर सद्गोपन रमेश ने उसे लेने की कोशिश तक नहीं की। लक्ष्य था कि कुम्बले की घातक गेंद से वकार युनुस को आउट किया जा सके। कोटला मैदान में कुम्बले की मदद करना सभी दसों खिलाड़ी अपना धर्म मान रहे थे। फिर आया कुम्बले का सत्ताईसवां ओवर। अब तक वह अपनी लैंथ और लाइन काफी सुधार चुका था। शार्टलैंथ गेंद से बल्लेबाज़ को भांपने और खेलने के क्षण कम मिलते हैं। अपने ऊंचे कद का लाभ लेते हुए, हाड़तोड़ मेहनत करते हुए अनिल ने अपनी कलाई का करिश्मा दिखाया। कालजयी प्रदर्शन किया। ऐतिहासिक क्षण आया जब कप्तान वसीम अकरम ने कुम्बले की गेंद को हिट किया7 मगर वह शार्ट लेग पर लक्ष्मण की हथेली में समा गई। उसका यह 234वां, कोटला मैदान में इकत्तीसवां विकेट था। कुम्बले ने इतिहास रच डाला। साथियों की बदौलत।



प्रतिस्पर्धा के मायने प्रतिरोध नहीं होता। हालांकि पाकिस्तानी कप्तान वसीम अकरम से दक्षिण अफ्रीकाई कप्तान हांस क्रोन्ये ज्यादा भावनामय था, जब उसने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज को रन आउट होने के बावजूद खेलने दिया, क्योंकि उसे क्रीज तक दौड़ने के बीच में ही एक दक्षिण अफ्रीकी फील्डर ने टक्कर मार दी थी। यही भावना आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर ने पेशावर मैच में दिखाई, जब खुद उसने 334 रन बना कर पारी घोषित कर पाकिस्तान को अचंभित कर डाला। टेलर ने बाद में बताया कि वह नहीं चाहता था कि क्रिकेट के पितामह, आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डॉन ब्रेडमैन का 334 रन वाला कीर्तिमान टूटे। यह खेल की भावना का उदाहरण ही था कि पेरिस में जब फ्रांस की टीम ने ब्राजील के खिलाफ गोल मारकर विश्व फुटबाल स्वर्ण कप जीता तो दर्शक दीर्घा में बैठे प्रधानमंत्री ज्यां शिराक ने उछलकर अपनी पत्नी को बाहों में समेट कर, आगोश में लेकर चूम लिया, भले ही दुनिया के करोड़ों लोग तब टी.वी. देख रहे थे।

पाकिस्तान के पराजित कप्तान वसीम अकरम ने भी कोटला में अपना विकेट लेने वाले अनिल कुम्बले को गले लगा लिया था। कुछ ऐसी ही खेल भावना भारतीय राजनीति में भी दिखी (19 फ़रवरी 1999) थी, जब बस यात्री अटल बिहारी वाजपेयी सीमा पर मेजबान मियां मोहम्मद नवाज़ शरीफ को गले लगाते हैं। मगर बाद में फौजी परवेज मुशर्रफ ने कारगिल की खाई में मैत्री बस गिरा दी। नवाज़ शरीफ की सरकार भी गिरा दी गयी। त्रासदी है, आज मुशर्रफ सरीखे लोग ज्यादा पनप रहे हैं। भारत में भी। सारांश यही कि यदि राजनेता, पत्रकार और साहित्यकार, बल्कि हर भारतीय भी क्रिकेटर जैसा उदारमना हो जाए! तो?

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी व प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में संचालित मल्टी स्टोरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को शारदा संगोष्ठी व प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लियाए बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र.छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव रहेए जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्ति निरीक्षक नगर प्रवीण कुमार और प्रेस क्लब ऑफ यूपी के बुंदेलखंड अध्यक्ष इरफान पठान मंचासीन रहे। स्कूल की छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया और पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ष्दहेज प्रथाष् के खिलाफ एक जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर सभी उपस्थित जनों ने सराहना की। सामाजिक कुरीतियों पर आधारित इस प्रस्तुति ने दर्शकों को सोचने पर विवश कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य इरफान ने मंच से सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव बच्चों को शिक्षा के साथ.साथ सामाजिक जागरूकता के लिए भी प्रेरित करता रहेगा।

# एक मई से 20 में तक संचालित होगा टीएएस अभियान

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में टीएएस की गतिविधि 01 मई से 20 मई 2025 तक संचालित किए जाने के संदर्भ में अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। टीएएस का उद्देश्य जनपद में विभिन्न चरणों में चलाये गये एमडीए अभियान के प्रभाव का मूल्यान्कन एवं भविष्य में एमडीए अभियान की आवश्यकता के निर्णय के लिए किया जाना है। टीएएस की गतिविधि के दौरान चयनित स्कूल कम्यूनिटि में 06 से 07 वर्ष के बच्चों में फाइलेरिया संक्रमण की जाँच की जानी है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी द्वारा संबन्धित विभाग अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि आपस में समन्वयय स्थापित करते हुये ससमय अपने निर्धारित दायत्वों का निर्वहन करते हुए टीएएस अभियान को सफल बनाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम द्वारा टीएएस अभियान के विषय में विस्तृत चर्चा की गई एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अन्य विभागों के कार्य उत्तरदायित्व निर्धारण एवं समन्वय स्थापित करने को कहा गया। फाइलेरिया अभियान के लिए राज्य स्तर से आए डब्लूएचओ प्रतिनिधि डा0 निशान्त ने टीएएस अभियान के बाबत में जानकारी दी।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्तध्राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारीए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जैन मंदिर को तोड़े जाने एवं जैन समाज के उत्पीड़न के विरोध में निकाला शांति मार्च

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बम्बई मे जैन मंदिर को अवैध रूप से बीएमसी द्वारा तोड़े जाने एवं जैन समाज के उत्पीड़न एवं जैन साधू संतो की सुरक्षा के सम्बन्ध मे सकल जैन समाज लखनऊ की एक धर्म सभा हुई। बाद मे शांति मार्च निकाला गया।

श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के सभापति/ अध्यक्ष विनय कुमार जैन के नेतृत्व मे गुरूवार को भगवान महावीर पार्क डालीगंज मे मे मुनिश्री 108 शाश्वत सागर मुनिराज के पावन सानिध्य मे बम्बई मे जैन मंदिर को अवैध रूप से बीएमसी द्वारा तोड़े जाने एवं जैन समाज के उत्पीड़न एवं जैन साधू संतो की सुरक्षा के सम्बन्ध मे सकल जैन समाज लखनऊ की एक धर्म सभा हुई। बाद मे शांति मार्च निकाला गया। सभा के महामंत्री सुबोध जैन ने मंच का संचालन किया। मुनिश्री काकोरी, चौक से विहार करते हुए महावीर पार्क पहुंच कर मंच पर आसीन हुए। सर्वप्रथम मुनि श्री ने णमोकार मन्त्र के पाठ के साथ एवं दो मिनट के मौन के साथ कश्मीर हिंसा मे मृतको को श्रद्धांजलि दी। सभा के उपाध्यक्ष बंटी भैया आशियाना ने कहा की सभी जैन मंदिरो को अपने अपने कागज पुख्ता रखने चाहिए, जिससे भविष्य मे होने वाले संकट से बचा जा सके। सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष केसी जैन एडवोकेट ने कहा कि अब वक़्त आ गया है की समाज को मंदिरो के अंदर की राजनीती से बाहर निकल कर प्रशाशन तक अपनी आवाज़ पहुचानी चाहिए।

■ वक्त अब एक होने का आ गया : मुनिश्री शाश्वत सागर

विशाल जैन ने कहा की 2012 मे भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिए जाने पर भी वह सभा अध्यक्ष विनय जैन के साथ धरने मे मौजूद थे। सभा के वरिष्ठ मंत्री एवं इंदिरा नगर जैन मंदिर के मंत्री अभिषेक जैन ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ज्ञापन देते समय उन्होंने अपना दुख प्रकट किया की उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया मंदिर तोड़े जाने के बाद नहीं आयी। सभा अध्यक्ष विनय जैन ने जैन साधूओ की सुरक्षा पर विशेष चिंता प्रकट की एवं 22 अप्रैल को कश्मीर मे मारे गए पर्यटको के प्रति अपनी संवेदना जताई।

# गणित ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस के मेधावी छात्र अनिकेत ठाकुर ने ओरेंज ग्लोबल ओलम्पियाड के अन्तर्गत आयोजित गणित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन इण्डियन टैलेन्ट ओलम्पियाड (आई.टी.ओ) के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स

श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में प्रतिभागी छात्रों ने अपनी गणित प्रतिभा व ज्ञान-विज्ञान का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अनिकेत ने प्रथम रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। ओलम्पियाड के आयोजकों ने अनिकेत की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है, जिसके कारण सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक पुरस्कार अर्जित कर प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

# जैन मंदिर ध्वस्तीकरण पर जैन समाज ने किया प्रदर्शन

## प्रतिष्ठान बंद कर शान्तिपूर्ण जलूस के साथ कलेक्ट्रेट में डीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मुम्बई महा नगर पालिका द्वारा अवैधानिक रूप से जैन मंदिर को ध्वस्त किए जाने के विरोध में दिगम्बर जैन पंचायत समिति के आह्वान पर जैन समाज के लोगों ने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर प्रदर्शन किया। शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शान्तिपूर्ण ढंग से अनुशासित जैन समाज के साथ शहर के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए पुनः मंदिर निर्माण कराए जाने की मांग की। सावरकर चौक से जलूस प्रारम्भ हुआ जिसमें दिगम्बर जैन पंचायत समिति, उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, गल्ला व्यापार मण्डल, जैन मिलन क्षेत्र -13, सतोदयतीर्थ सेरोन, देवोदय तीर्थ, शान्तोदय तीर्थ जहाजपुर के अतिरिक्त निकटवर्ती जैन समाज राजघाट, बांसी, जखौरा के आव्हान पर सैकडों की संख्या में समाज श्रेष्ठी महिला-पुरूष सम्मलित थे। हाथों में तख्तियां लेकर णमोकारमंत्र का उच्चारण करते हुए शान्तिपूर्वक सावरकर चौक से घंटाघर चौक होते हुए तुवन चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। बताया कि मुम्बई विले पार्ले के कांकलीवाडी क्षेत्र में स्थिति 30 वर्ष प्राचीन श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर को बुहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा असंवैधानिक रूप से ध्वस्त किए जाने से सम्पूर्ण जैन समाज आहत है और आक्रोश है। अचानक 16 अप्रेल को मुम्बई महानगरपालिका ने विध्वंसात्मक कार्यवाही करते हुए हमारे धार्मिक ग्रंथों को सडकों पर फेक दिया और तीर्थकर भगवान की प्रतिमाओं को अपमानित किया। ज्ञापन में अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्म धर्मायतनों पर आए दिन होने वाली घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा हमारे तीर्थो को निषाना बनाया जा रहा है हमारे पूज्य साधू साध्वियों के साथ मारपीट एवं अभद्रता हो रही है। हाल ही में ललितपुर जिले के राजघाट पुलिस चौकी में जैन तीर्थकरों की प्रतिमा की चोरी आदि अनेकों ऐसी घटनाए है जिनमें लिप्त दोशियों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देते समय डा.अक्षय टडैया, आकाश जैन, सनत जैन, संजीव जैन सी.ए., सौरभ जैन सीए, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, महेन्द्र जैन मयूर, नरेन्द्र कडंकी, संजीव कप्तान ने कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, सपा जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह, आप जिलाध्यक्ष हरदयाल लोधी, जैन समाज पूर्व अध्यक्ष अनिल अंचल, ज्ञानचंद जैन, अजित जैन, शीलचंद जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, डा.राजकुमार जैन, मोदी पंकज जैन, कमलेश सराफ, अंकुर जैन शानू बाबा, अजय जैन साइकिल, अभिषेक मुच्छाल, अजय बरया, राहुल जैन नवभारत, मुकेश जैन, अवि खजुरिया, जय महोली, राजेन्द्र जैन, श्रेयांस जैन, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, सन्मति सराफ, आलोक मयूर, मनोज जैन, अभय जैन, कुशलचंद जैन एड. आदि मौजूद रहे।

# पहलगाम के आतंकवादी हमले में निर्दोश लोगों को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

■ सीएमएस संस्थापिका डा. भारती गाँधी के नेतृत्व में एकता व शान्ति का लिया संकल्प

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी 21 कैम्पसों के 63000 छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने आज अपने-अपने कैम्पस में आयोजित शोक सभाओं में पहलगाम के आतंकवादी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित की। इसके अलावा, सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी के नेतृत्व में आज सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन हुआ, जहाँ सी.एम.एस. कार्यकर्ताओं ने दिंवगत निर्दोष नागरिकों को श्रद्धान्जलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना की।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि सी.एम.एस. परिवार इस भयावह आतंकी हमले से बेहद आहत है और पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। डा. गाँधी ने आगे कहा कि मैं समझती हूँ कि इस बर्बर घटना के उपरान्त पूरे देश में क्षोभ व रोष की लहर है, जिसके लिए भारत सरकार उचित कार्यवाही करेगी परन्तु हमें भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने सी.एम.एस. के सभी छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस बर्बर घटना के उपरान्त समाज में समरसता, भाईचारा व सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने हेतु एकता व शान्ति स्थापना के अपने कर्तव्य पथ पर पुरजोर तरीके से डटे रहें। हमें स्व. डा. जगदीश गाँधी जी के बताये रास्ते पर चलकर विश्व एकता व विश्व शान्ति के मिशन में और तेजी लानी होगी।

# युवाओं ने फूंका आतंकियों का पुतला, लगाये नारे



अवधनामा संवाददाता

**सांडी।** पहलगाम में हुए आतंकी वारदात को लेकर जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है इसी कड़ी में कस्बे के मुख्य मार्ग पर बुधवार की देर शाम को आतंकियों का पुतला फूंका गया सांडी कस्बे के मुख्य मार्ग पर मंगला देवी रोड से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहला गांव में हुए आतंकी हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला इसके बाद बस अड्डे पर आतंकियों का पुतला फूंका गया इस मौके पर भाजपा नेता श्याम जी शर्मा गगन तिवारी आकाश तिवारी आसाराम नमन सिंह सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे सभी ने एक स्वर में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए इस मौके पर थाना प्रभारी के के यादव सहित पीएसी बल सुरक्षा व्यवस्था मे रहा।

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने पिया जहर

**हरदोई।** बिलग्राम थाना क्षेत्र के बाढ़ गांव में एक दंपति के बीच हुए विवाद का मामला सामने आया है। बुधवार की देर रात 35 वर्षीय अर्पिता ने घर में रखी पिपरमेंट पी ली। जिससे हालत बिगड़ गई।

अर्पिता अपने पति बेचेलाल के साथ बाढ़ गांव में रहती हैं। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इससे आहत होकर अर्पिता ने यह कदम उठाया। जैसे ही परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत अर्पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। वर्तमान में चिकित्सक उनका इलाज कर रहे हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि घर में छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है। इस बार भी ऐसा ही हुआ, जिसके कारण अर्पिता ने यह कदम उठा लिया।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सूचना को ससमय विभागीय पोर्टल पर फीड कराया जाये।

विभागीय योजनाओं में समय का पूरा ध्यान रखा जाये। योजनाओं के अंतर्गत भुगतान में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। श्रम विभाग, सिंचाई विभाग, सैनिक कल्याण विभाग, होम्योपैथी, रोडवेज, समाज कल्याण विभाग व पीएमजीएसवाई को शत प्रतिशत फीडबैक असंतोषजनक होने पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आख्या अपलोड करने से पूर्व अच्छी तरह से जाँच कर ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर एक दिन पूर्व पर्यावरण संरक्षण की पुकार

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस पर जहां एक ओर जनपद के स्कूली बच्चे और युवा पर्यावरण प्रेमी जल-जंगल-जमीन बचाओ का संदेश देते हुए पेड़ों से लिपटकर चिपको आंदोलन की यादें ताजा कर रहे थे। वहीं दूसरे दिन दूसरी ओर जिले के ठीक केन्द्र में स्थित सिंचाई विभाग के परिसर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। विभागीय भूमि पर आग लगाकर पेड़ों को सुनियोजित तरीके से सुखाने का प्रयास किया गया, जो न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि एक गंभीर पर्यावरणीय संकट को भी उजागर करता है।

चौंकाने वाली बात यह है कि यह आगजनी ठीक उस स्थान पर हुई है, जिसके एक ओर वन विभाग के प्रभागीय निदेशक का कार्यालय व आवास स्थित है और कुछ ही दूरी पर जिलाधिकारी का सरकारी निवास है। इसके बावजूद इतनी बड़ी घटना का बेखौफ और खुलेआम अंजाम दिया जाना न सिर्फ स्थानीय प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है, बल्कि अधिकारियों की मौन सहमति की ओर भी इशारा करता है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह आगजनी महज संयोग नहीं, बल्कि एक योजनाबद्ध कार्रवाई है। एक निवासी ने बताया कि विभाग के भीतर पहले से ही सैकड़ों कटे हुए पेड़ रखे हुए हैं। उनका दावा है कि यह पूरी गतिविधि अधिकारियों की शह पर हो रही है और इस आगजनी के पीछे विभागीय भूमि को खाली कर निजी या व्यावसायिक उपयोग में लाने की मंशा हो सकती है। परिस्थिति की विडंबना इस बात से स्पष्ट है कि जिस सड़क पर कुछ समय पहले विक्टोरिया लाइट लगाकर उसकी सुंदरता बढ़ाई गई थी और जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग सुबह-शाम टहलने आते हैं, वहीं अब हरे-भरे पेड़ों को जानबूझकर खत्म किया जा रहा है।

■ वहीं दूसरे दिन दूसरी ओर पेड़ों की बलि

# आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के एरा विश्वविद्यालय में एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अब्बास अली महदी, प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, प्रशासनिक कर्मचारी और एरा विश्वविद्यालय के छात्र जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए।

सभा को संबोधित करते हुए प्रो. महदी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा, हम हिंसा के इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपनी जान गंवाई और जो घायल हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम जान गंवाने वालों के दुखद नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं एवं भगवान इस अपूरणीय क्षति पर शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दें। दिवंगत आत्माओं की स्मृति में सभी ने दो मिनट का मौन रखा।

# प्राइवेट स्कूलों को बदनाम करने की हो रही साजिश

## जनपद में एक प्रतिशत से भी कम विद्यालयों की फीस 20 हजार रुपये वार्षिक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में आज प्राइवेट विद्यालयों के प्रबंधकों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर उन्हें पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष प्राइवेट स्कूलों को किताबों, फीस एवं ड्रेस के नाम पर बदनाम करने की साजिश की जाती है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद में 1 प्रतिशत से भी कम विद्यालयों की फीस बीस हजार रुपये या उससे अधिक है। एसोसिएशन ने कहा बाजार में एनसीईआरटी की बुक्स उपलब्ध न होने के कारण विद्यालयों को मजबूरी में प्राइवेट प्रकाशनों की बुक्स अपने विद्यालय में लगाना पड़ती है। एसोसिएशन ने सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि बाजार में एनसीईआरटी की बुक्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए जिस विद्यालय में उनको अपने पाठ्यक्रम मे शामिल कर सके एवं अनर्गल आरोपों से बच सके। जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की हर वर्ष विद्यालय प्रारंभ होने के समय पर कुछ लोगों द्वारा विद्यालयों को निशाना बनाया जाता है, और फीस के नाम पर, किताबों और ड्रेस के नाम पर विद्यालयों को बदनाम करने की साजिश की जाती है। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालयों में दसों वर्षों से ड्रेस चेंज नहीं हुई। उन्होंने कहा आज भी जनपद के 50 प्रतिशत से अधिक प्राइवेट विद्यालय 500 मासिक से भी कम फीस लेकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कर रहे हैं। जनपद की शिक्षा व्यवस्था में प्राइवेट विद्यालय अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। आज भी बहुत से विद्यालय आरटीई के अंतर्गत मिलने वाली 450 रुपए प्रति माह से की फीस से भी कम फीस पर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। उन्होंने किताबों की बात को लेकर कहा कि अगर बाजार में एनसीईआरटी की बुक्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाए तो समस्त प्राइवेट विद्यालय एनसीईआरटी की बुक्स लगाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जो किताबें विद्यालयों में पाठ्यक्रम मे शामिल है उनकी महंगाई के लिए विद्यालय कैसे जिम्मेदार हो सकता है, किताब का रेट प्रकाशक और दुकानदार तय करता है। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी की बुक्स मे भी प्रति वर्ष बदलाव होता है जिस कारण बच्चों के पुनः नई कितबे खरीदना पड़ता है। उन्होंने कहा हर समस्या के लिए केवल विध्यालयों को दोष देना उचित नहीं है। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के महामंत्री ध्रुव साहू, संयोजक अक्षय अलया, मार्गदर्शक मंडल से ध्यान सिंह यादव, डी.एस.विवेक, अजय बरया, विजय सिंह यादव, संजय, पूर्व अध्यक्ष मोहन सैनी, नगर प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, इंजी. हाकिम सिंह, संजीव नामदेव, डा.जगबीर सिंह, धन सिंह, वीरेंद्र कुमार सोनू, रवि शंकर राठौर, अरुण ताम्रकार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

■ एनसीईआरटी की बुक्स बाजार में उपलब्ध कराने की मांग

# हज जायरीनों के लिए टीकाकरण कैम्प



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** मदरसा अशरफुल मदरिस, सिनेमा रोड, हरदोई में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रोहताश कुमार के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 57 हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण एवं टीकाकरण किया गया। यह टीकाकरण कैम्प सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक आयोजित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर आर. के सिंह के नेतृत्व वाली चिकित्सा टीम ने जायरीनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा दिमागी बुखार का टीका लगाया एवं पोलियो की खुराक दी। कैम्प में डॉ0 यश अग्निहोत्री, डॉ0 अतुल वर्मा, डॉ0 मृगांका गौतम, ए0आर0ओ0 नेहा पटेल, हफ़ीज खान, आर0सी0 विमल तथा आजाद हुसैन सिद्दीकी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे ।

अवधनामा



# पहलगाम आतंकी हमले से आम जनमानस में उबाल







- जगह-जगह श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित कर आर-पार की लड़ाई की मांग
- उन्नाव नगर पालिका परिषद् में शोकसभा कर दी गयी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद् में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस हमले में आतंकियों द्वारा 27-28 लोगों की हत्या की दिल दहला देने वाली घटना में दिवंगत आत्माओं की याद में शोकसभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात परिसर स्थित शहीद स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन श्वेता भानू मिश्रा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को इंसानियत को झकझोर देने वाला बताया। निर्दोष पर्यटकों को इस तरह निशाना बनाना, क्रूरता की हद को पार कर गया है। जो अपने परिवार के किसी सदस्य को इस हमले में खो चुके हैं, उनके दुःख की कल्पना भी कठिन है। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, उन्होंने बताया कि सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि देश इस तरह की हिंसक व कायरतापूर्ण घटनाओं से बिल्कुल नहीं डरेगा। शोकसभा में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संजय गौतम, मोतीनगर सभासद ब्रजेश पाण्डेय, आदर्श नगर सभासद राकेश शाहू, कल्याणी सभासद सुशील तिवारी, गद्दियाना सभासद मेराजुद्दीन, गांधी नगर सभासद दीपक दीक्षित मोनू, एबी नगर उत्तरी सभासद प्रतिनिधि मनीष शुक्ला, जवाहर नगर सभासद निशेष जायसवाल, तकीनगर सभासद अराफात बेग सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। साथ ही देश में शांति और एकता की कामना की।

### अधिवक्ताओ ने भी जताया आक्रोश

**उन्नाव।** पहलगाम में इस्लामी आतंकवादियों द्वारा निहत्थे मासूम पर्यटकों के जघन्य हत्याकांड के विरोध में कचहरी उन्नाव स्थित रामबोध शुक्ल एडवोकेट के कार्यालय में अधिवक्ता समाज की शोक सभा का आयोजन किया गया। भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने सहभागिता कर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की एवं घटना की घोर भर्त्सना व्यक्त की। इस अवसर पर, राजेश निषाद, विनोद रावत, संजय यादव, श्रीकांत तिवारी, उत्कर्ष निगम, जयति श्रीवास्तव, श्रीश रैदास, विभु कुरील, राजेश अस्थाना, आशीष कुरील, दिनेश शर्मा, रेखा वर्मा, सिद्धार्थ बाजपेई आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### युवाओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**उन्नाव।** पहलगाम में आतंकी हमला 22 अप्रैल 2025 को हुआ, जिसमें 26-27 हिंदुओं की मौत की खबर है और कई अन्य घायल हुए हैं। आतंकियों ने हिंदुओं को चिन्हित करके उनके ऊपर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें पुरुषों को निशाना बनाया गया। हमले में शामिल आतंकियों की संख्या 4-6 बताई जा रही है, जिनमें से कुछ पाकिस्तानी के साथ स्थानीय आतंकियों से संबंध हो सकते हैं। 26-27 लोगों की मौत की खबर है, जिनमें एक इजरायल और एक इटली का नागरिक शामिल है। आतंकियों ने हिंदुओं को अलग किया और फिर उन पर फायरिंग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से पूरा हिंदू समाज कह रहा है कि निर्णायक कार्यवाही कीजिए, पूरा देश आपके साथ है स्थानीय लोगों के घरों की सघन तलाशी होनी चाहिए, जो भी इसमें शामिल हो उसको मृत्य दंड दिया जाए, आखिर कब तक बंगाल, कश्मीर, केरल, असम, मणिपुर में हिंदू ऐसे ही मारा जाएगा, इस वीभत्स कांड के बाद आक्रोशित हिंदुओं ने मोदीजी आतंकवाद को जवाब दो व आतंकवादी मुर्दाबाद के नारों के साथ आतंकियों का पुतला दहन करके अपना रोष प्रकट किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष विहिप रघुवंश मणि त्रिवेदी,कुश सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो,नमन बाजपई भाजयुमो, सुरेश पांडे, रुद्र गुप्ता, रामजी गुप्ता, उत्कर्ष अवस्थी, गोलू सिंह चंदेल, रंगू सिंह, विक्की, करण त्रिपाठी, बलराम, प्रतीक चंदेल, अभीत सिंह सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में शोकसभा कर दी गयी श्रद्धांजलि



**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों लिए भाजपा कार्यालय उन्नाव में शोकसभा हुई। मौन रख नम आंखों से उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस पर सांसद डॉ साक्षी महराज, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता ने संवेदनाएं व्यक्त कर उन्हें नमन किया। सांसद ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प के साथ हम सभी इस कठिन समय में एकजुट हैं। आज कोई राजनीति नहीं, आज सिर्फ राष्ट्र है और राष्ट्र के घाव हैं। लेकिन साथियों, ये घाव भरेंगे। क्योंकि इस देश की बागडोर नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथों में है, ये वो नेतृत्व है जो सिर्फ जवाब नहीं देता-हिसाब लेता है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर कीमत पर कश्मीर में शांति, सुरक्षा और हिंदुस्तान की आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम इस दुखद घटना में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम एस पी संभल ने कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन गोष्ठी का आयोजन किया

**संभल।** डी एम व एस पी सम्भल द्वारा कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन समन्वय गोष्ठी का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार बहजोई में अपर जिलाधिकारी सम्भल , अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, सहायक पुलिस अधीक्षक तथा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण (क्षेत्राधिकारीगण), प्रशासनिक अधिकारीगण तथा समस्त थाना प्रभारियों के साथ मासिक कानून व्यवस्था व पुलिस प्रशासन के सम्बन्ध में समन्वय गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा गुंडा अधिनियम, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ, 14(1) गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी तथा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया।

### जीएलए विधि संकाय के छात्र रौनक उपमन्यु ने किया देशभर में ब्रज का नाम रोशन

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के विधि छात्र रौनक उपमन्यु ने देश भर के आईआईटी, विश्वविद्यालयो एवं आईआईएम संस्थानों में 222 फर्स्ट प्राइज शील्ड ट्राफी एवं प्रमाण पत्र जीत कर के देशभर में पहले छात्र डिबेटर बनने का इतिहास रच दिया है। इसके लिए आज विधि छात्र रौनक उपमन्यु को जीएलए संस्थान के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता एवं विधि संस्थान के डीन प्रो. सोमेश धमीजा ने उनको सम्मानित किया। इस साल रौनक़ ने आईआईटी दिल्ली में प्रथम पुरुस्कार जीता, इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा संसद जीती। जिसमें, उन्हें भूपेश बघेल, रणदीप सुरजेवाला और राजीव शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। पिछले 25 दिन में रौनक ने 8 प्रथम पुरुस्कार जीते। जिसमें, आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, देहरादून प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और हिन्दू कॉलेज। जिसमें उन्हें अनुराग ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता एवं डीन प्रो. सोमेश धमीजा ने विधि छात्र रौनक उपमन्यु की प्रतिभा की तारीफ करते हुए कहा कि देश भर के आईआईटी-आईआईएम एवं विश्वविद्यालय में रौनक उपमन्यु ने नेशनल डिबेटों में भाग लेकर 222 फस्ट पुरस्कार जीते हैं, जो एक गौरव की बात है। देश भर में इतने प्रथम प्राइज किसी छात्र ने युवा संसद डिबेटों में नहीं जीते है। रौनक ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के पुत्र हैं।

### ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में मनाया गया श्रीवल्लभाचार्य जी का 548वां जन्मोत्सव

**मथुरा।** ठाकुर श्री द्वारकाधीश मंदिर में पुष्टिमार्ग संप्रदाय के संत श्रीवल्लभाचार्य जी का 548वां जन्मोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के सेवायतों और अधिकारियों ने आदरपूर्वक आयोजन की अगुवाई की। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि आयोजन गोस्वामी श्री वागीश कुमार जी महाराज (काकरोली) की आज्ञा अनुसार संपन्न हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे श्री वल्लभाचार्य जी द्वारा दिखाए गए ठाकुर जी की भक्ति के मार्ग का अनुसरण करते रहेंगे। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर के मुखिया एवं अधिकारियों द्वारा श्री वल्लभाचार्य जी को पटुका अर्पित किया गया, और मंदिर के प्राचार्य ने उनके जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने वल्लभाचार्य जी की चिटपट (पावन स्मृति स्थल) पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कन्नौज में मंत्री असीम अरुण के विरुद्ध कार्यकर्ताओं ने लगाये नारे

- मंच पर मौजूद रहे दिग्गज, हंगामे के बीच टूटा बीजपी का `संविधान समारोह



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** डॉ. अंबेडकर के सम्मान में आयोजित समारोह गुरुवार को उस वक्त राजनीति के अखाड़े में बदल गया। जब यूपी सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के खिलाफ मंच से नारेबाजी शुरू हो गई। मंच पर तमाम दिग्गज प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत और जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सबके सब मौजूद थे, लेकिन नारे गूंजे सिर्फ एक के खिलाफ असीम अरुण

हंगामे की जड़? हंगामा कर रहे लोगों की माने तो लोधी समाज की एक बेटी गायब हो गई थी। आरोप था कि दलित समाज का कोई युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष जब मंत्री के पास मदद मांगने गया तो उन्होंने मदद से इनकार करते हुये कहा कि हमारा यही काम रह गया क्या? यही बात लोधी समाज को इतनी नागवार गुज़री कि मंच तक हिला दिया।

गुरुवार को तिर्वा के राजकीय मेडिकल कॉलेज का ऑडिटोरियम तब रणभूमि में बदल गया जब भाजपा के अपने ही कार्यकर्ता कुर्सियों पर चढ़कर ÷असीम अरुण मुर्दाबाद÷ के नारे लगाने लगे। पुलिस और सुरक्षा बलों ने रोकने की कोशिश की तो धक्कामुक्की और धक्का-परेशानी ने पूरे कार्यक्रम की लय तोड़ दी। अफरा-तफरी, हंगामा, और राजनीतिक भूचाल के बीच कार्यक्रम को बीच में ही पूरा करना पड़ा। इस बीच भाजपा नेताओं ने बीच बचाव का प्रयास किया लेकिन हंगामा कर रहे लोग नहीं माने। इस मामले से बीजेपी की अंतर्कलह सामने आई है।

### नया बस स्टैंड और भूतेश्वर तिराहा के अंडर पास

**मथुरा।** महानगर के दो प्रमुख अंडरपास को अब चौड़ा किया जा सकता है। यह दोनों अंडर पास श्रीकृष्ण जन्म स्थान और नेशनल हाइवे और कलक्ट्रेट को जोड़ते है। इन्हें फॉरलेन के रूप में चौड़ा किए जाने का आग्रह मंडल रेल प्रबंधक से मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने किया है। मथुरा शहरी क्षेत्र में नया बस स्टैंड और भूतेश्वर अडर पास बड़ी गंभीर समस्या बने हुए हैं। यहाँ बरसात में जल भराव के साथ कम चौड़ा रास्ता जाम का कारण बनता है। इनका निर्माण बहुत समय पहले रेलवे द्वारा किया गया होगा, जब मथुरा की आबादी बहुत कम रही होगी। वर्तमान में यह दोनों अंडर पास कम चौड़ाई के कारण गंभीर समस्या बन गए है। महानगर में वाहनों का दबाव भी तेजी से बढ़ा है। ऐसे में बाहर से दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए उक्त दोनों अंडर पास के फॉरलेन में चौड़ीकरण का प्रस्ताव नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने मंडल प्रबंधक आगरा को भेजा है।

## राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा 27 श्रद्धालुओं /पर्यटकों की नृशंस हत्याएँ करने पर तत्काल सख्त कदम उठाये जाने के सम्बंध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। बुधवार को राष्ट्रीय कल्कि स्वयं सेवक संघ कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पर एकत्रित हुए। और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित विज्ञापन उपजिलाधिकारी संभल को सौंपा गया।पहलगाम,जम्मू कश्मीर राज्य में आतंकवादियों द्वारा बेकसूर श्रद्धालुओं/पर्यटकों को घेरकर उनके धर्म व जाति व नाम पूछकर उनके हिन्दू होने की पूरी जानकारी होने पर गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी। ऐसा कार्य कौन कर सकता है यह पूरा विश्व जान रहा हैं और पूरा विश्व इस घृणित कार्य की घोर निंदा कर रहा है ऐसे घृणित कार्य करने के दोषियों पर तत्काल कार्यवाही की मांग करते हुए। कहा गया है की घृणित कार्य के दोषियों को तत्काल फांसी की सजा मिले। और मृत सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तथा अन्य घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भगवान से प्रार्थना की।ज्ञापन में कहा गया है कि आतंकवादियों द्वारा श्रद्धालुओं पर किये गये आत्मघाती हमले से देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुस्साहस किया है इसके दोषियों को तत्काल सख्त कानूनी कार्यवाही की जानी अति आवश्यक है जिससे भविष्य में इस प्रकार का घिनौना कार्य दोबारा न हो सके। ज्ञापन देने वालो में राकेश वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता,कौशल प्रजापति, कमल दिवाकर, एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर जिलाध्यक्ष सम्भल राष्ट्रीय गुर्जर महासभा, अमित सक्सेना एडवोकेट, नत्थू पुजारी, सचिन शर्मा, ओमप्रकाश पवार, प्रभाकर शुक्ला, राजकुमार आदि उपस्थित रहे हैं तथा घृणित कार्य की घोर निंदा की।

### विवाहिता को मारपीट कर किया बेघर, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम सहेतेपुरवा निवासी कमल पुत्री कृपा शंकर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 09 दिसंबर 2023 को उसकी शादी थाना ठठिया के ग्राम कडेला निवासी कमल कुमार पुत्र पंचम लाल के साथ 10 से 11 लाख रुपए खर्च करके शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन पति कमल कुमार, ससुर पंचम लाल, सास संतोषी, जेठ विमल, जेठानी प्रार्थना एवं उसके पति के मामा संजीव निवासी ग्राम बदलेपुर्वा ने अतिरिक्त दहेज में कार की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उक्तगणों ने दिसंबर 2024 में तीन दिन तक भूखा रखकर मारपीट की जिसके कारण 27 दिसंबर 2024 को मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ। इसके बावजूद ससुरारीजनों द्वारा आए दिन धमकियां व हत्या कर दूसरी शादी करने का ताना देते रहे।

## आतंकवाद का पुतला दहन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** आतंकी हमले के विरोध मे हिन्दू समाज के लोगो ने पुतला जलाया पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगा कर सरकार से आंतकवादियो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की नगर के शंकर कालिज चौराहे पर भारी संख्या मे पुतला लेकर आये हिन्दू समाज के लोगो पहुँचे और पाकिस्तान मुर्दाबाद आंतकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे लोगों ने आतंकवाद का पुतला जलाया लोगों ने सरकार से आंतकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग कीजिला अध्यक्ष करणी सेना रितिक राजपूत के नेतृत्व में आतंक बाद का फूंका पुतला गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ग्राम गुमसानी में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। नेतृत्व जिला अध्यक्ष रितिक राजपूत ने किया। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया है कि देश में पल रहे आतंकवादियों को खत्म किया जाए। भारत सरकार आंतकवादियो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे।इस हमले के विरोध में देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और देश में शांति और सुरक्षा बनाए रखी जाए। उन्होने कहा कि ने कहा है कि पहलगाम हुए आतंकी हमले में नाम, ओर धर्म पूछ कर हत्याएं की गई है लेकिन आज भारत में जातियों में लोग बटे हुए है बहा मारने बालों से ये नहीं पूछा गया कि ठाकुर, है, ब्राम्हण, हैं, पाल हैं, प्रजापति हैं, जाटव है यह नहीं पूछा गया सिर्फ हिंदू होने कर उनको मार दिया गया में आप सभी से यही आग्रह करता हूं एकता बनाएं रखे बाटेंगे तो काटेंगे, एक रहेंगे सेफ रहेंगे आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में हम सभी को एकजुट होना होगा और सरकार का साथ देना होगा। हमें अपने देश की सुरक्षा और शांति के लिए एक साथ खड़े होना होगा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा। सोहित राघव, प्रशांत ठाकुर, हर्ष ठाकुर, मोहित राजपूत, रवि ठाकुर, राजीव कुमार, रवि पुंडीर, अतुल तोमर, पवन ठाकुर, अंकित सिंह, अंकित ठाकुर, चिराग ठाकुर, अविनाश पाल, विनीत पाल, प्रिंस ठाकुर, सुमित प्रजापति, सोनू ठाकुर, शिवम् प्रजापति, अमित प्रजापति, पुनीत प्रजापति, रितिक कुमार, सुनील ठाकुर, शिव पाल, आशीष प्रजापति, दिवाकर प्रजापति, कपिल पाल, सतवीर प्रजापति, सुनील ठाकुर, आदि मौजूद रहे नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही ने आंतकी हमले की कढ़े शब्दों मे निदा की है और सरकार से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है पूर्व चेयरमैन ने कहा कि आंतकी हमले का जिम्मेदार पाकिस्तान हैं पाकिस्तान के खिलाफ भी कढे कदम उठाने की मांग की है नूरियो सराय मे शिया समुदाय के लोगो ने आंतकी हमले मे मृतका लोगों की आत्माशांति के लिए प्रार्थना की गई और सरकार से आंतकवादियो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है हाशमी स्कूल मे हुई शोक सभा में नैय्यर अब्बास पैकर संभली साजिद काजिम हुसैन इमरान हैदर कंमबर अब्बास आदि मौजूद रहे।

## मथुरा में व्यापारी नेता की गोली मारकर हत्या

**मथुरा।** बुधवार देर रात करीब 10 बजे व्यापारी नेता हेमेंद्र गर्ग उर्फ हेमू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह मसानी स्थित मोक्षधाम में भगवान नीलकंठ महादेव के दर्शन कर पैदल ही घर आ रहे थे, तभी दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी।

हमलावर मौके से भाग निकले। हेमेंद्र को अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हेमेंद्र ने जमीनी विवाद में अपनी हत्या की आशंका जताई थी। उन्हें पहले भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी थी। वह भाजपा में भी महानगर इकाई में पदाधिकारी रह चुके थे।

गायत्री तपोभूमि के पास स्थित गायत्री विहार कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय हेमेंद्र गर्ग नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला संगठन मंत्री थे। उनका महाविद्या कॉलोनी में प्रिंटिंग प्रेस का कारोबपार था। हेमेंद्र प्रतिदिन सुबह और शाम मोक्षधाम स्थित मंदिर में महादेव के दर्शन करने जाते थे। बुधवार रात करीब दस बजे वह दर्शन करके पैदल ही लौट रहे थे, तभी मंदिर के रास्ते पर उन्हें बाइक सवार दो युवक मिल गए और उन्हें गोली मार दी।

बाइक सवार गोली मारकर भाग निकले, हेमेंद्र करीब दो सौ मीटर तक दौड़े और वहां खड़े कुछ लोगों को बताया कि उन्हें गोली मार दी गई। आसपास के लोग उन्हें सिम्स अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनका मोक्षधाम मार्ग के कोने पर प्लाट को लेकर उनका कुछ लोगों से विवाद भी चल रहा था। बीएसए कॉलेज रोड निवासी यादव बंधुओं से उनका इस भूमि को लेकर मुकदमा भी चल रहा था। कुछ दिन पहले उन्होंने पुलिस को डाक से भेजे गए शिकायती पत्र में कहा था कि इसी वर्ष 21 जनवरी को उन्होंने मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेजा था। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण में भी उन्होंने शिकायत की थी।

## सपाईयों ने कैण्डिल जलाकर पहलगाम मृतकों को श्रद्धांजलि दी



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर के तिर्वा रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा विगत दिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के मृतकों को कैण्डिल जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उन्होनें आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। बीती शाम नगर के तिर्वारोड पर पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के उपरान्त वरिष्ठ सपा नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर एवं सलोवा राष्ट्रीय सचिव अरूण कुमार शर्मा ने कहा कि देश के जम्मू कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमलों से आम नागरिकों का जीवन असुरक्षित हो गया है और ऐसे में अब केवल निंदा से काम नहीं चलेगा। कहा कि सरकार को आतंकवादियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करें जिससे भविष्य में कोई भी इस तरह की हिम्मत न कर सके। इस मौके पर युवा सपा नेता अजीम सिद्दीकी, मुकीम खान, विजय गुप्ता, रनधीर ठाकुर, रमेश ठाकुर, बल्लू सविता, तालिब खान, वरुन राजपूत, शादाब खॉन, मोहित पाठक, नजमुद्दीन इदरीसी, इरशाद फारूकी, श्याम सुंदर गुप्ता, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, जावेद सलमानी, मोहित यादव, मयंक दीक्षित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने की अभियोजन संबंधी कार्यों की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। अभियोजन कार्यो के स्पीडी ट्रायल, भूमि संबंधी विवादो, सामान्य वाद, पोक्सो, गुंडा एक्ट, बड़ी चोरी, भूमाफिया वाद, गिरोहबंदी, लूट/डकैती तथा राजस्व से संबंधित विभिन्न वादों की समीक्षा हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने गत माह में दायर मामलों, लंबित एवं डिस्पोज्ड मामले सहित सरकारी जमीन से जुड़े मामले एवं इसकी पेंडेंसी, डिस्पोजल तथा न्यायालयों में निर्णित व विचाराधीन मुकदमों, पॉक्सो से सम्बन्धित मुकदमों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जितने भी कंटेंप्ट मामले हैं तथा वे राजस्व से जुड़े हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता पर रखकर उनको डिस्पोज कराये जाएं। श्री सिंह ने कहा कि पुराने ऐसे समस्त वाद जिसमें गंभीर प्रकरण है, उसे टारगेट कर निस्तारण कराया जाए। पाक्सो के मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस संबंध में विधि पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं सभी लंबित वादों के निष्पादन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संयुक्त रूप से शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पोक्सो, बलात्कार, गुंडा एक्ट, बड़ी चोरी, भूमाफिया वाद, गिरोहबंदी, लूट/डकैती, राजस्व, सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को ज्यादा से ज्यादा न्यायालय के माध्यम से सजा दिलाने का कार्य करें, यदि कोई वादी/प्रतिवादी अपने बयानों से मुकरता है, तो संबंधित के खिलाफ भी सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हिस्ट्रीशीटर प्रकरणों में सही पैरवी की जाए और कोई भी मुजरिम सजा पाने से ना छूटे। पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरणों की पूर्ण गंभीरता और सजगता के साथ जांच कर आख्या प्रस्तुत करें, ताकि पीड़िता को न्याय और दोषी को सजा मिल सके। वादों के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं, ताकि लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जाना सम्भव हो सके। इसी क्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई संपन्न। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के समस्त क्षेत्रों में एंटी नारकोटिक्स गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए विशेष अभियान चलाएं और इस अभियान की स्वयं निगरानी करें। चैकिंग आदि के दौरान पकड़े गए मादक पदार्थो का विनष्टीकरण त्वरित रूप से कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त मादक पदार्थों का दुरूपयोग होने की सम्भावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नारकोटिक्स तथा मादक पदार्थो की तस्करी व अवैध व्यापार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए, उन पर सतर्क निगरानी रखी जाये। स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर आदि के आस पास विशेष निगरानी रखी जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम अवनीश कुमार मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ग्रेवाल, सभी उप जिलाधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अक्षय तृतीय पर्व में सभी व्यवस्थायें रहेंगी सुदृढ़ : डीएम

- शांतिपूर्वक, सकुशल व सुरक्षा के साथ मनाया जायेगा अक्षय तृतीय का त्यौहार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अक्षय तृतीय पर्व के संबंध में बैठक हुई ली। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहार अक्षय तृतीय पर सभी संबंधित विभाग अपनी तैयारी समय से पूर्ण कर लें। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी सामंजस्य कायम करते हुए पूरी सतर्कता बरतते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जलापूर्ति के साथ ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें। गर्मी के दृष्टिगत त्यौहार के एक दिन पूर्व से ही पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्रमुख स्थानों पर टैंकरों की व्यवस्था करें। किसी भी स्थान पर पेयजल की कोई असुविधा नहीं हो। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग पर समय से सैनिटाइजेशन व छिड़काव आदि किया जाये। इसके साथ ही वृंदावन में नालियों को ढ़कने व सफाई की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त करें। क्षेत्रों में नालियों की सफाई करायें तथा जलभराव की समस्या का निस्तारण सुनिश्चित करें। खराब स्ट्रीट लाइटों और टूटी सड़कों आदि को भी समय से दुरुस्त करें। विद्युत विभाग खंभों पर प्लास्टिक कवर लगाये तथा ट्रांसफॉर्मर्स की बैरीकेडिंग कराना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी एक दिन पूर्व अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करें तथा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि यातायात के दृष्टिगत प्लान तैयार करे तथा नियमित दूरी पर ड्यूटी लगाई जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनिश्चित करें कि पर्व के दौरान एंबुलेंस व चिकित्सा टीम की भी व्यवस्था रहे। एसएसपी श्लोक कुमार ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनपद के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर उसकी आख्या उन्हें उपलब्ध कराएं।

# रितेश देशमुख की फिल्म की शूटिंग कर रहे डांसर की नदी में डूबने से मौत, दो दिन बाद मिला शव

**मुंबई।** सतारा जिले में रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग के दौरान 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की कृष्णा नदी में डूबने से मौत हो गई। गाने की शूटिंग खत्म होने के बाद सौरभ हाथ धोने गए थे, लेकिन नहाने के लिए गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में बह गए।

अभिनेता और निर्देशक रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग के दौरान एक 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की कृष्णा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। यह घटना मंगलवार शाम को सतारा जिले के संगम महुली गांव में हुई। यह गांव कृष्णा और वेण्णा नदियों के संगम पर बसा है और मुंबई से करीब 250 किलोमीटर दूर है।

**मौत**

**अभिनेता और निर्देशक रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग के दौरान एक 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की कृष्णा नदी में डूबने से मौत हो गई।**


राजा शिवाजी फिल्म के एक गाने की शूटिंग चल रही थी, जिसमें रंगों का इस्तेमाल हुआ था। गाना पूरा होने के बाद सौरभ शर्मा अपने हाथ धोने के लिए कृष्णा नदी के किनारे गए। हाथ धोने के बाद वे नहाने के लिए नदी में गहरे पानी में चले गए, लेकिन तेज बहाव के कारण वे पानी में बह गए। हादसे की खबर मिलते



ही पुलिस और जिला प्रशासन को सूचना दी गई। इसके बाद आपदा राहत और बचाव टीम ने मौके पर पहुंचकर खोज शुरू की। स्थानीय निजी संगठनों ने भी इस काम में मदद की। मंगलवार रात अंधेरा होने की वजह से खोज अभियान रोकना पड़ा। बुधवार सुबह फिर से खोज शुरू हुई, जो पूरे दिन चली, लेकिन सौरभ का कोई पता नहीं चला। आखिरकार, गुरुवार सुबह करीब 7=30 बजे पुलिस और बचाव टीम ने सौरभ का शव नदी से बरामद किया। सतारा पुलिस ने इस घटना को दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सौरभ की मौत से फिल्म की पूरी टीम सदमे में है। सौरभ शर्मा राजस्थान के जोधपुर के रहने वाले थे। उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई में डांसिंग का करियर शुरू किया था। वे राजा शिवाजी फिल्म के कोरियोग्राफी टीम का हिस्सा थे। इस गाने को मशहूर कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा ने डिजाइन किया था। सौरभ के परिवार को इस हादसे की खबर दे दी गई है और रितेश देशमुख की टीम उनके संपर्क में है। राजा शिवाजी एक मराठी और हिंदी भाषा में बनने वाली फिल्म है, जो मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख कर रहे हैं और वे इसमें मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग सतारा के खूबसूरत इलाकों में हो रही थी। इस हादसे के बाद फिल्म की शूटिंग को रोक दिया गया है।

## अबीर गुलाल से जुड़ी कलाकार ने यूजर्स को सुनाई खरी-खोटी, कहा- जम्मू-कश्मीर की बेटी हूं

**मुंबई।** फिल्म अबीर गुलाल में काम करने वाली कलाकार रिद्धि डोगरा ने सोशल मीडिया पर उस यूजर को खरी-खोटी सुनाई है जिसने उन्हें ट्रोल किया था। पहलगाम हमले के बाद फिल्म अबीर गुलाल के कलाकार फवाद खान और वाणी कपूर पहले से ही लोगों के निशाने पर हैं। इस बीच अभिनेत्री रिद्धि डोगरा जो फिल्म से जुड़ी हैं, वह भी इंटरनेट पर लोगों के निशाने पर हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पहलगाम हमले कि निंदा की और मुस्लिम समुदाय से इस तरह के हमले के खिलाफ बोलने की अपील की। लेकिन कई यूजर्स ने उन्हें पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम करने के लिए ट्रोल कर दिया। इस पर रिद्धि डोगरा ने जवाब दिया है। एक यूजर को जवाब देते हुए एक्ट्रेस रिद्धी डोगरा ने कहा मैंने ये काम तब किया जब मेरी सरकार ने मुझे इसकी इजाजत दी। मैं कानून के साथ खड़ी हूं। लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि अच्छी सभ्यता के लिए शांति और सद्भाव अहम है। यही वह चीज है



जिसकी वजह से हम इस धरती पर जिंदगी जीते हैं।

एक दूसरे ट्वीट में रिद्धि ने कहा मैं जम्मू-कश्मीर की बेटी हूं, जहां पर यह हमला हुआ है। इस तरह के हमलों से मैं पूरी तरह से वाकिफ हूं। इससे मेरा भी खून खौलता है। इसीलिए मैं आप सभी से साथी देशवासी के रूप में बात करने की कोशिश करती हूं। सिर्फ अपने कारोबार की वजह से मैं शांत नहीं बैठूंगी। मैं शांति के साथ सहयोग का चुनाव करती हूं। इसलिए अपना गुस्सा मेरे ऊपर मत निकालो। मैं उतना ही गुस्से में हूं जितना दूसरे लोग। आपको बता दें कि रिद्धि डोगरा फिल्म अबीर गुलाल से जुड़ी हुई हैं। इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान ने अहम किरदार निभाया है। पहलगाम में आतंकी हमला पाकिस्तानी आतंकवादियों की तरफ से किया गया है इसलिए यूजर रिद्धि डोगरा को पाकिस्तानी अभिनेता के साथ कम करने को लेकर ट्रोल कर रहे हैं।

रिद्धि डोगरा के यह बयान ऐसे समय आए हैं जब 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है। आतंकवादियों की तरफ से किए गए हमले में 27 लोग मारे गए थे। आज खबर आई है कि रिद्धि डोगरा की फिल्म अबीर गुलाल जिसमें पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान और वाणी कपूर ने अहम किरदार निभाया है, उसे भारत में रिलीज करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## जारी हुआ प्रीडेटरः बैडलैंड्स का पहला टीजर ट्रेलर, यूजर ने लुटाया प्यार



**मुंबई।** डैन ट्रेचेनबर्ग के द्वारा निर्देशित फिल्म प्रीडेटर= बैडलैंड्स का पहला टीजर ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यूट्यूब पर इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। 20वीं सेंचुरी स्टूडियो ने हाल ही में प्रीडेटर= बैडलैंड्स का पहला ट्रेलर और पोस्टर जारी किया है। यह लोकप्रिय एक्शन साइंस-फिक्शन फ्रैंचाइज की छठी किस्त है। फिल्म का निर्देशन डैन ट्रेचेनबर्ग प्री ने किया है। प्रीडेटर= बैडलैंड्स सात नवंबर को सिनेमाघरों और प्रीमियम स्क्रीन पर रिलीज होगी। बैडलैंड्स, जिसमें एले फैनिंग और दिमित्रियस शूस्टर-कोलोमाटांगी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण जॉन डेविस, डैन ट्रेचेनबर्ग, मार्क टोबेरॉफ, बेन रोसेनब्लैट, ब्रेंट ओकॉनर ने किया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक्टर एक गृह पर कई शिकारियों और जानवरों से लड़ाई करता है और उन पर विजय पाता है। इस टीजर ट्रेलर को रिलीज हुई 20 घंटे से ज्यादा हो गए हैं। टीजर को अब तक 46 लाख व्यूज मिल चुके हैं। 73 हजार लोगों ने लाइक किया है। 9 हजार से ज्यादा लोगों ने इस पर कमेंट किया है। निर्देशक डैन ट्रेचेनबर्ग ने इससे पहले प्री का निर्देशन किया था, जो प्रिडेटर फिल्म श्रृंखला की आखिरी किस्त थी।

## 'चोर बजारी' सॉन्ग को लेकर क्यों ट्रोल हुए राजकुमार राव-वामिका, यूजर को नहीं भाया गाना

**मुंबई।** फिल्म 'भूल चूक माफ' का नया गाना 'चोर बजारी रिलीज हो चुका है। इस गाने को सोशल मीडिया यूजर ट्रोल कर रहे हैं। जानिए क्या है इस ट्रोलिंग की वजह?

राजकुमार राव अब तक कई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बन चुके हैं। जल्द ही उनकी फिल्म 'भूल चूक माफ' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म की कहानी टाइम लूप पर है। हाल ही में इस फिल्म का गाना 'चोर बजारी रिलीज हुआ है। इस गाने को कुछ लोगों ने पसंद किया, वहीं कुछ इसे ट्रोल करते दिखे। सोशल मीडिया पर फिल्म 'भूल चूक माफ' का नया गाना 'चोर बजारी दो नैनोंज' को सुनकर म्यूजिक लवर्स को सैफ अली खान की फिल्म 'लव आज कल' याद आ गईं। इसी फिल्म में पहली बार इस गाने को सुना गया।


अब राजकुमार राव की फिल्म में इस गाने को रीमेक किया गया है। गाने को रीमेक किए जाने पर ही कई यूजर्स नाराज नजर आए। एक यूजर लिखता है, 'क्या कोई ओरिजिनल सॉन्ग भी है इस फिल्म में।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, 'इससे अच्छा ओरिजिनल सॉन्ग ही फिल्म में रख लेते, रीमेक करके इसे खराब कर दिया।' ऐसा भी नहीं है किसी को गाना भाया नहीं, राजकुमार राव के कुछ फैंस को गाना पसंद आया।

फिल्म 'भूल चूक माफ' टाइम लूप की कहानी को कहती है। फिल्म के लीड कैरेक्टर रंजन (राजकुमार राव) और तितली (वामिका गब्बी) की शादी की तैयारी चल रही है लेकिन हल्दी वाले दिन के बाद शादी का दिन आता नहीं है, एक लूप में वहीं दिन आता है और जाता है। इस बात से फिल्म का हीरो परेशान हो जाता है। क्या रंजन की शादी हो पाती है, वह टाइम लूप से कैसे बाहर आता है? इस पर फिल्म बनी है। इस फिल्म को करण शर्मा ने डायरेक्ट किया है। राजकुमार राव की फिल्म में संजय मिश्रा भी नजर आएंगे, वह फिल्म में कॉमेडी करते दिखेंगे। इनके अलावा फिल्म में वामिका गब्बी, जाकिर हुसैन और रघुबीर यादव भी अभिनय कर रहे हैं।

## मर्दानी 3 को लेकर आया बड़ा अपडेट, रानी मुखर्जी के अलावा ये अभिनेत्री निभाएगी पुलिस का किरदार

**मुंबई।** फिल्म मर्दानी 3 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में शैतान की अभिनेत्री अहम किरदार निभाएगी। पहले वह गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में थीं। साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने पुलिस का दमदार किरदार निभाया था। ये फिल्म काफी कामयाब रही थी। फिल्म की कामयाबी के बाद रानी मुखर्जी मर्दानी 2 में नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर काफी कामयाब रही। अब फैंस इसके तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। साल 2024 में खबर आई कि फिल्म निर्माता मर्दानी 3 पर काम कर रहे हैं। पिंकविला की एक खबर के मुताबिक फिल्म मर्दानी 3 की शूटिंग इसी साल के शुरुआत में शुरू हो चुकी है। फिल्म अगले साल 2026 में होली के मौके पर रिलीज होगी।





वेबसाइट के मुताबिक अभिनेत्री जानकी बोदीवाला भी फिल्म मर्दानी 3 में अहम किरदार अदा करेंगी। जानकी बोड़ीवाला ने फिल्म शैतान में अछा रोल निभाया था। इससे रानी मुखर्जी और आदित्य चोपड़ा प्रभावित हुए हैं, इसलिए उन्होंने जानकी बोदीवाला को फिल्म में अहम किरदार दिया है। वह फिल्म में एक पुलिस का किरदार निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो रही है। खबर है कि मर्दानी 3 दोनों फिल्मों से जबरदस्त होगी। पहले की फिल्में सामाजिक मुद्दों पर आधारित थीं। उसी तरह यह फिल्म भी जरूरी सामाजिक मुद्दों पर होगी। जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड में शैतान फिल्म से डेब्यू किया था। इससे पहले वह गुजराती फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थीं। अब वह बॉलीवुड में मर्दानी 3 में अहम रोल अदा करने वाली हैं। मर्दानी 3 यशराज फिल्म्स के बैनर तले रिलीज होने वाली है। इस बैनर तले चार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सैयारा 18 जुलाई, वार 2 दो अगस्त, अल्फा 25 दिसंबर और मर्दानी 3 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली हैं।

## पंत वही करने की कोशिश कर रहे जो धोनी करते हैं...,



**नई दिल्ली।** पुजारा ने कहा,मैं सच में नहीं जानता पंत को नीचे भेजने के पीछे क्या वजह थी। वह वही करने की कोशिश कर रहे हैं जो एमएस धोनी करते हैं।

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) की हार के बाद ऋषभ पंत के खुद को डिमोट करने के फैसले की आलोचना की है। पंत खुद सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए और पारी की अंतिम गेंद पर मुकेश कुमार ने उन्हें बोल्ड किया। वह दो गेंद खेले और खाता नहीं खोल सके। पुजारा का मानना है कि पंत को बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करनी चाहिए, खासकर तब जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। पुजारा ने यह भी सुझाव दिया कि पंत फिनिशर नहीं हैं और उन्हें एमएस धोनी के रास्ते पर जाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, मैं सच में नहीं जानता कि इसके बारे में सोचने की प्रक्रिया क्या थी, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि पंत को ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करनी चाहिए। वह वही करने की कोशिश कर रहे हैं जो एमएस धोनी करते हैं। हालांकि, वह उस स्तर के करीब भी नहीं हैं। मुझे अभी भी लगता है कि पंत ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करनी चाहिए। छठे से 15वें ओवर के बीच उन्हें मैदान पर आना चाहिए। वह फिनिशर नहीं हैं और उन्हें फिनिशर का किरदार नहीं निभाना चाहिए।

मैच के बाद पंत ने खुद को बल्लेबाजी क्रम में नीचे रखने के पीछे के कारण का खुलासा किया था। उन्होंने कहा, हमारा विचार मौके को भुनाने का था। हमने समद को इस तरह की परिस्थिति का सही इस्तेमाल करने के लिए भेजा था। इसके बाद मिलर आए और हम वास्तव में विकेट में फंस गए। ये ऐसी चीजें हैं जिन्हें हमें समझना होगा और आगे बढ़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन खोजने की कोशिश करनी होगी।

पंत ने कहा, हमें पता था कि हमने 20 रन कम बनाए। लखनऊ में टॉस ने बड़ी भूमिका निभाती है। जो भी पहले गेंदबाजी कर रहा होता है उसे विकेट से काफी मदद मिलती है। हमें बस वहीं रुकना था और टिक कर बल्लेबाजी करनी थी, लेकिन हम ऐसा नहीं कर सके।%पंत को एलएसजी ने मेगा नीलामी में रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने अब तक आठ पारियों में 63 के उच्चतम स्कोर के साथ 106 रन बनाए हैं।

# कश्मीर ने भारतीय कोच गौतम गंभीर को दी जान से मारने की धमकी, दिल्ली पुलिस से की शिकायत



**नई दिल्ली।** खतरे की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस गहनता से इस मामले की जांच करेगी और गंभीर और उनके प्रियजनों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी।

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को %आईएसआईएस कश्मीर (ढ्ढस्ढ्ढस् ष्टड्डह्यद्धद्वद्बह्) से जान से मारने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद गंभीर ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से संपर्क किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ और मध्य दिल्ली के डीसीपी के मुताबिक, गंभीर ने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया।

गंभीर ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से उनके परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आग्रह किया। खतरे की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस गहनता से इस मामले की जांच करेगी और गंभीर और उनके प्रियजनों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, 22 अप्रैल को गंभीर को दो धमकी भरे ईमेल मिले। एक ईमेल दोपहर में आया और दूसरा शाम को आया। दोनों में आई किल यू (ढ्ढ चद्बद्यद्य ) संदेश लिखा था। यह पहली बार नहीं है जब गंभीर को इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़ा है। नवंबर 2021 में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भी उन्हें इसी तरह का एक ईमेल मिला था।

गंभीर ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की। पहलगाम में मंगलवार को बायसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसमें दो विदेशी नागरिक भी हैं। यह 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद से सबसे भयानक घटनाओं में से एक बन गया। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गंभीर ने एक्स पर लिखा था, %मृतकों के परिवारों के लिए प्रार्थना। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत स्ट्राइक करेगा।%

गंभीर के अलावा कई और क्रिकेटरों ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। इनमें सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव जैसे क्रिकेटर शामिल हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की। वहीं, तेंदुलकर ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं।

हम इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं और न्याय की प्रार्थना करते हैं। विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, %पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना। जिन परिवार के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान गंवाई है, उनके लिए प्रार्थना करता हूं और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति मिले ऐसी प्रार्थना करता हूं।

# पाकिस्तान के नदीम ने ठुकराया नीरज का न्योता, एनसी क्लासिक प्रतियोगिता के लिए भेजा था निमंत्रण

**नई दिल्ली।** नदीम ने कहा, एनसी क्लासिक प्रतियोगिता 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा।

पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने बुधवार को कहा कि बेंगलुरू में 24 मई को एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट में भाग लेने का नीरज चोपड़ा का न्योता उन्होंने ठुकरा दिया है क्योंकि वह इस दौरान आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों में व्यस्त होंगे। नदीम ने कहा, एनसी क्लासिक प्रतियोगिता 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए काफी मेहनत



कर रहे हैं। नीरज ने सोमवार को मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा था, %मैंने अरशद को न्योता भेजा है और उसने कहा कि अपने कोच से बात करके वह जवाब देगा। अभी तक उसने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।% नदीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 92.97 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता था जबकि नीरज ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। पहली नीरज चोपड़ा भालाफेंक प्रतियोगिता में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मनी के थॉमस रोलेर जैसे सितारे भाग ले रहे हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को बंगलूरू के कांतिरावा स्टेडियम में होगा। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है। नीरज ने कहा, %मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स 600 लक्स चाहती थी लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए हमने प्रतियोगिता को बंगलूरू के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। हमारे पास वहां एक टीम है और वहां इसका आयोजन करना बहुत आसान होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। पीटर्स ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और रोहलर के अलावा केन्या के जूलियस येगो (2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक विजेता और 2015 विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भी हैं) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ने भी भागीदारी की पुष्टि की है।

## बेंगलुरु एफसी और इंटर काशी मैच से पहले खिलाड़ियों ने जताया दुख, काली पट्टी बांधकर उतरे

**नई दिल्ली।** दोनों टीम के घरेलू और विदेशी खिलाड़ी आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। मैच शुरू होने से ठीक पहले खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों और कलिंगा स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने दिवंगत आत्माओं की याद में एक मिनट का मौन रखा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए बेंगलुरु एफसी और इंटर काशी के खिलाड़ियों ने बुधवार को अपने सुपर कप मैच से पहले एक मिनट का मौन रखा और बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। दोनों टीम के घरेलू और



विदेशी खिलाड़ी आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। मैच शुरू होने से ठीक पहले खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों और कलिंगा स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने दिवंगत आत्माओं की याद में एक मिनट का मौन रखा। इससे पहले बेंगलुरु एफसी ने आतंकी हमले के पीड़ितों और घायलों के साथ एकजुटता व्यक्त की। आईएसएल 2018-19 चैंपियन क्लब बेंगलुरु एफसी ने एक्स पर कहा, बेंगलुरु एफसी पीड़ितों, उनके परिवारों और पहलगाम हमले में प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। आज के कलिंगा सुपर कप मैच से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा जहां टीम के खिलाड़ी सम्मान के तौर पर बांह पर काली पट्टी बांधेंगे। बेंगलुरु एफसी और भारत के कप्तान सुनील छेत्री ने आतंकवादियों के कायराना हमले की निंदा की।

## पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी : प्रधानमंत्री मोदी



**मधुबनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही खुले मंच से आतंकियों और उनके आकाओं को साफ शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस हमले के पीड़ितों के साथ है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। पहलगाम में आतंकी हमले की घटना के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से आतंकियों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में इस हमले की साजिश रचने वालों और इसे अंजाम देने वालों को चेताते हुए कहा कि उन्हें सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है। वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख और आक्रोश एक जैसा है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

## दुश्मनों को घर में ही नेस्तानाबूद करने की तैयारी, आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल

**परीक्षण**

**वहीं आज भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में INS सूरत पर मिसाइल का परीक्षण किया गया है। इसके साथ ही नौसेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।**


**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के साथ-साथ सेनाओं और सुरक्षा एजेंसियां भी एक्शन में है। एक दिन पहले पाकिस्तान पर सरकार ने कई प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं आज भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में INS सूरत पर मिसाइल का परीक्षण किया गया है। इसके साथ ही नौसेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं। इसमें पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। वहीं अटारी बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है। जबकि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ पाकिस्तान के राजनायिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही सेना को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया। इसे इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने बैयसरन के घास के मैदान मे छुट्टियां मना रहे लोगों पर अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों और मृतकों के परिजनों ने बताया कि आतंकियों ने सभी से उनके नाम पूछे उसके बाद लोगों को कलमा पढ़ने को कहा। वहीं कलमा पढ़ पाने और हिंदू धर्म से जुड़े पर्यटकों को आतंकियों ने मौके पर गोली मार दी। आतंकियों के हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है। जबकि 20 से ज्यादा लोग इसमें घायल हैं।

## वीजा अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ें पाकिस्तानी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों दिए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे। इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक ही मान्य रहेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि जो पाकिस्तानी नागरिक अभी भारत में हैं, उन्हें अब बदली हुई वीजा शर्तों के अनुसार अपने वीजा की अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है। जो भारतीय नागरिक इस समय पाकिस्तान में हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी गई है।

भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों को और कम कर दिया है और कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें पाकिस्तानी सेना अधिकारियों को भारत से निकालने का आदेश, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी सीमा चौकी को बंद करना भी शामिल हैं। यह सारे फैसले पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक में लिए गए।

## दोषी विकास यादव को अंतरिम जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने गवाहों से न मिलने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास यादव को सुप्रीम कोर्ट ने 8 मई तक अंतरिम जमानत दी। विकास यादव को यह जमानत बीमार मां से मिलने के लिए दी गई है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने विकास यादव को कई निर्देश भी दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि विकास यादव जमानत के दौरान किसी भी गवाह, विशेष रूप से नीतीश कटारा की मां से संपर्क न करें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि विकास यादव की मां की जांच एम्स के डॉक्टरों द्वारा की जाए।

## गुजरात में एक साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थियां

**भावनगर/पुणे।** पहलगाम हमले में मारे गए गुजरात के पिता-पुत्र का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पुणे में दो दोस्तों के शव पहुंचे तो हर आंख नम हो गई। पहलगाम में हुआ हमला पूरे देश को बड़ा दर्द दे गया। खुशियां बटोरने कश्मीर गए परिवारों ने सोचा भी न होगा कि यह सफर आखिरी होगा। हमले में मारे गए पर्यटकों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। पूरे देश के अलग-अलग राज्यों के इन मृत पर्यटकों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। हमले में मारे गए गुजरात के पिता-पुत्र की अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरे शहर की आंखें नम हो गईं। वहीं पुणे में एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। पिता की चिता से उठती आग को देख रही बिटिया की आंखों में भी न्याय की चाह दिखी।

पहलगाम हमले में मारे गए पुणे के कौस्तुभ गणबोटे के जीवन का पहला सफर ही आखिरी बन गया। स्नैक्स कारोबारी गणबोटे अपने दोस्त संतोष जगदाले के परिवार के साथ जम्मू-कश्मीर गए थे। उनके पड़ोसी सुनील मोरे ने बताया कि पूरी जिंदगी कौस्तुभ गणबोटे अपने कारोबार को बढ़ाने में व्यस्त रहे। यह पहली बार था जब उन्होंने और उनकी पत्नी संगीता ने शहर से बाहर यात्रा करने का फैसला किया था। उन्होंने अपने करीबी दोस्त संतोष और उसके परिवार के साथ मिलकर इस यात्रा की योजना बनाई थी। सिर्फ आठ दिन पहले ही उन्होंने मुझे कश्मीर की योजना के बारे में बताया था। वे वाकई बहुत उत्साहित थे।


## सिंध के पानी पर अब सिर्फ भारत का अधिकार, पाकिस्तान के लिए यह कितना बड़ा झटका, अब आगे क्या?

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का जो फैसला किया है वह पाकिस्तान की आर्थिक कमर तोड़ सकता है। दरअसल समझौता स्थगित होने का यह अर्थ नहीं है कि पाकिस्तान को तत्काल सिंधु नदी का पानी नहीं मिलेगा बल्कि इसके तहत भारत पर से अब यह बाध्यता खत्म हो जाएगी कि वह पाकिस्तान को सिंधु के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे। भारत भविष्य में सिंधु नदी पर बांध बनाकर पानी रोकने के लिए स्वतंत्र होगा। ऐसा हुआ तो पाकिस्तान के लिए सही मायनों में संकट पैदा होगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है। इसमें भी वह सिंधु नदी बेसिन के पानी पर बहुत अधिक निर्भर है।

# आतंकियों ने सिर पर कैमरा बांधा था, पापा को कब गोली लगी, देख नहीं पाया


**मृतक**

**आतंकियों ने हमले में 26 लोगों की जान ले ली। आतंकी हमले का पूरा वाकया एक मृतक के मासूम बेटे ने बयां किया है।**



**सूरत।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए सूरत के शैलेश कलाथिया के मासूम बेटे ने सब कुछ अपनी आंखों से देखा। मासूम ने हमले की पूरी कहानी बयां की है। बच्चे ने कहा कि आतंकियों ने तीन बार कलमा पढ़ने के लिए कहा। जो नहीं पढ़ सका, उसे मार दिया। पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में माहौल गमगीन है। आतंकियों ने हमले में 26 लोगों की जान ले ली। आतंकी हमले का पूरा वाकया एक मृतक के मासूम बेटे ने बयां किया है। हमले में मारे गए सूरत के शैलेश कलाथिया के पांच साल के बेटे नक्ष कलाथिया ने आतंकियों की कायरना हरकत को अपनी आंखों से देखा। बच्चे ने बताया कि आतंकियों ने सिर पर कैमरा बांध रखा था। वे मेरे पापा को बोलने नहीं दे रहे थे। वे सबसे आगे थे, उनको कब गोली लगी मैं देख नहीं पाया। बच्चे ने बताया कि हम कश्मीर में पहलगाम गए थे। हमने वहां पर पांच प्वाइंट देखे थे। इसमें हम मिनी स्विटजरलैंड जो सबसे टॉप पर था, हम वहां गए। हम वहां 10-15 मिनट ही रहे। हमें भूख लगी तो हम खाना खाने लगे। तभी हमें गोलियों की आवाज सुनाई दी, हमें लगा कि कुछ हुआ है। हमने जब रेस्टोरेंट वाले से पूछा तो उसे भी कुछ नहीं पता था। गोलियों की आवाज सुनकर पता लगा कि आतंकवादी इलाके में घुस आए हैं, हम छिप गए। लेकिन, उन्होंने हमें ढूंढ लिया। हमने दो आतंकवादियों को देखा। बच्चे ने बताया कि इनमें से एक आतंकी ने बोला कि मुसलमान अलग हो जाओ और हिंदू अलग हो जाओ। बाद में सारे हिंदू पुरुषों को गोली से मार दिया। बच्चे ने कहा कि आतंकियों ने तीन बार कलमा पढ़ने के लिए कहा। मुसलमान लोगों को यह आता था। जो लोग इसे नहीं पढ़ पाए, उन्हें गोली मार दी गई। जब आतंकी चले गए, तो स्थानीय लोग आए और कहा कि जो लोग बच गए हैं, उन्हें तुरंत नीचे उतरो। मैं घोड़े से आ रहा था तो मैं घोड़े से नीचे उतर गया। मेरी मां और दीदी पहाड़ से उतरे।हम नीचे पहुंचे तो बाद में आर्मी आ गई। करीब एक-आधा घंटे बाद आर्मी आई। वहां नीचे आर्मी बेस था, हम वहां रुके थे। शाम को हम होटल चले गए। नक्ष ने बताया कि आतंकी मेरे पिता को बिल्कुल भी बोलने नहीं दे रहे थे। अगर कोई बोलता तो वे गोली मार देते। उन्होंने मेरी माँ से कुछ नहीं कहा। बच्चे ने कहा कि वहां करीब 20-30 लोग थे, जो हिंदू थे। मैं सबसे पीछे था। सबसे आगे मेरे पापा, फिर मेरी मम्मी, फिर दीदी थी। जब पापा को गोली लगी तो मैं था ही नहीं। मुझे दिखा ही नहीं। बच्चे ने बताया कि आतंकवादियों में से एक गोरा था और उसकी दाढ़ी थी। उसने टोपी पहनी थी। उसने अपने सिर पर कैमरा बांधा हुआ था। वह व्हाइट टीशर्ट-ब्लैक जीन्स पहने था। हमें तो दो आतंकी दिखे। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को छोड़ दिया। इसके अलावा सबको गोली मार दी। हम पुलिस हेडक्वार्टर में रहे।

## भारत की कार्रवाई से बौखलाया पाकिस्तान, कहा-पानी रोका तो यह कदम युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी



**इस्लामाबाद** पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले लिए हैं। जिससे पड़ोसी देश बौखला गया है। भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक की थी। जिसमें उनसे वाघा बॉर्डर बंद करने जैसे फैसले लिए हैं।

पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक की। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे।

पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।

पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह 240 मिलियन पाकिस्तानियों के लिए जीवन रेखा है। भारत ने पानी रोका तो उसे युद्ध जैसा कृत्य माना जाएगा।इससे पहले पाकिस्तानी समाचार पत्र'डॉन' ने खबर दी थी कि उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने बुधवार देर रात एक निजी टेलीविजन चैनल से बात करते हुए भारत के दृष्टिकोण की आलोचना की और इसे अपरिपक्व और जल्दबाजी करार दिया था। डार ने कहा, भारत ने कोई सबूत नहीं दिया है।

उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कोई परिपक्वता नहीं दिखाई है। यह एक गैर-गंभीर दृष्टिकोण है। उन्होंने घटना के तुरंत बाद ही इसे तूल देना शुरू कर दिया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, संधि निलंबन से विशेष रूप से, दीर्घकालिक जल विवाद भड़कने का जोखिम हो सकता है, जबकि राजनयिक संबंधों को कम करने से भविष्य में किसी भी तरह के तनाव को कम करने के प्रयासों में बाधा आ सकती है।

पहलगाम हमले के एक दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम को नयी दिल्ली में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सीसीएस ने अटारी में एकीकृत जांच चौकी को तत्काल प्रभाव से बंद करने का भी फैसला किया। यह घोषणा की गई कि दक्षेस वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए ऐसे किसी भी वीजा को रद्द माना जाएगा।

## दक्षिण सूडान में नए गृह युद्ध को रोकने के लिए ताकत का इस्तेमाल करें, यूएन दूत की UNSC से अपील

**संयुक्त राष्ट्र।** दक्षिण सूडान में फिर से गृह युद्ध का खतरा बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र के दूत हेयसॉम ने सुरक्षा परिषद से कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि राष्ट्रपति कीर और उपराष्ट्रपति मचार के बीच बढ़ता तनाव अब सीधे सैन्य संघर्ष में बदल गया है और 2018 का शांति समझौता ही एकमात्र व्यावहारिक समाधान है।

दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी निकोलस हेयसॉम ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से आग्रह किया कि वह दुनिया के सबसे नए देश को फिर से गृह युद्ध में डूबने से रोकने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल करे। निकोलस ने चेतावनी दी कि दक्षिण सूडान के राष्ट्रपति साल्वा कीर और उप राष्ट्रपति के बीच बढ़ती दुश्मनी अब सीधे सैन्य संघर्ष में बदल गई है। उन्होंने कहा, देश के उत्तर में हाल ही में हुई लड़ाई, पहले राष्ट्रपति रिएक मचार की गिरफ्तारी और सोशल मीडिया पर भ्रामक बातें और नफरत भरे संदेश...ये सब मिलकर देश में राजनीति और जातीय तनाव को भड़का रहे हैं। हेयसॉम संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैं और करीब 20 हजार जवानों वाली शांति सेना के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि ये हालात 2013 और 2016 के संघर्षों की तरह खतरनाक संघर्षों संकेत दे रहे हैं, जिनमें चार लाख से अधिक लोगों की जान गई थी। तेल समृद्ध दक्षिण सूडान को जब 2011 में सूडान से

**समझौता**

**2018 में सरकार और विरोधी नेताओं के बीच एक शांति समझौता हुआ था। लेकिन इस समझौते पर ठीक से अमल नहीं हो रहा है।**



आजादी मिली थी, तो शांति और स्थिरता की बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन दिसंबर 2013 में देश गृह युद्ध की चपेट में आ गया, जब राष्ट्रपति कीर (जो सबसे बड़े जातीय समूह डिंका से ताल्लुक रखते हैं) के समर्थकों और उप राष्ट्रपति मचार (जो दूसरे सबे बड़े जातीय समूह नुएर से हैं) के समर्थकों के बीच संघर्ष शुरू हुआ।

2018 में सरकार और विरोधी नेताओं के बीच एक शांति समझौता हुआ था। लेकिन इस समझौते पर ठीक से अमल नहीं हो रहा है। जो काम जल्दी पूरे होने चाहिए थे, वे बहुत धीरे हो रहे हैं। इसी वजह से जो राष्ट्रपति चुनाव पहले होने थे, उन्हें अब 2026 तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। हालांकि, हेयसॉम का कहना है कि 2018 का समझौता इस हिंसा के चक्र को तोड़ने का एकमात्र व्यावहारिक तरीका है।

उन्होंने कहा, सबसे जरूरी बात यह है कि हम जल्द ससे जल्द बड़े पैमाने पर जारी संघर्ष को रोकें, समझौते को लागू करने की कोशिशें फिर तेज करें औ दक्षिण सूडान पहले लोकतांत्रिक चुनाव की दिशा में बढ़े। एक और युद्ध दक्षिण सूडान और पूरे क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा साबित होगा।

## राजधानी कीव पर रूसी हमले में नौ की मौत, दक्षिण अफ्रीकी दौरा बीच में छोड़कर यूक्रेन लौटे जेलेंस्की

**समर्थन**

**युद्धविराम के लिए दक्षिण अफ्रीका का समर्थन जुटाने के उद्देश्य से यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यह दौरा किया।**

**कीव।** कीव के मिलिट्री प्रशासन ने बताया कि रूस ने ड्रोन्स और बैलिस्टिक मिसाइलों से कीव पर हमला किया। 45 ड्रोन्स का पता चला है। हालांकि सही आंकड़ा बाद में अपडेट किया जाएगा। हमले में घायल 42 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की गुरुवार को अपना दक्षिण अफ्रीकी दौरा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौट आए। रूस द्वारा राजधानी कीव पर किए गए हमले



के चलते जेलेंस्की ने दौरे के बीच से ही वापस लौटने का फैसला किया। रूस के राजधानी कीव पर हमले में नौ लोगों की मौत हुई है और 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक टेलीग्राम पोस्ट में लिखा था कि राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से मुलाकात के बाद वे वापस लौट जाएंगे।

युद्धविराम के लिए दक्षिण अफ्रीका का समर्थन जुटाने के उद्देश्य से यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यह दौरा किया। रूस का कीव पर यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम समझौता अटक गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर क्रीमिया के मुद्दे पर युद्धविराम बातचीत को लंबा खींचने का आरोप लगाया। ट्रंप ने ये भी कहा कि युद्धविराम समझौते को लेकर रूस से बातचीत से ज्यादा जेलेंस्की से बात करना ज्यादा मुश्किल है। गौरतलब है कि जेलेंस्की क्रीमिया पर रूस का कब्जा मानने के तैयार नहीं हैं। कीव के मिलिट्री प्रशासन ने बताया कि रूस ने ड्रोन्स और बैलिस्टिक मिसाइलों से कीव पर हमला किया। 45 ड्रोन्स का पता चला है। हालांकि सही आंकड़ा बाद में अपडेट किया जाएगा। हमले में घायल 42 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे के अंदर भी लोगों की तलाश की जा रही है। हमले में कीव की एक रिहायशी इमारत पूरी तरह से तबाह हो गई है। फिलहाल मलबा हटाने की कोशिश हो रही है।


## टेक्सास में महिला की गला घोंटकर हत्या करने पर युवक को मौत की सजा, 20 साल बाद पीड़िता को मिला न्याय

**निशान**

**मेंडोजा ने अपनी अंगुलियों के निशान छिपाने के लिए टॉलसन के शरीर को जला दिया था।**

दोषी मेंडोजा ने मार्च 2004 में 20 वर्षीय महिला रेचेल ओ नील टॉलसन की हत्या की थी। टॉलसन का शव एक नाले के पास एक खेत में पड़ा मिला। मेंडोजा ने अपनी अंगुलियों के निशान छिपाने के लिए टॉलसन के शरीर को जला दिया था। उसे सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी।

टेक्सास में महिला की गला घोंटने और चाकू मारकर हत्या करने वाले युवक को मौत की सजा दी गई। करीब 20 साल बाद पीड़िता



को न्याय मिल सका। पीड़िता के रिश्तेदारों की मौजूदगी में अभियुक्त मोइसेस सैंडोवाल मेंडोजा को हंट्सविले के राज्य सुधार गृह में जानलेवा इंजेक्शन दिया गया। दोषी ने मार्च 2004 में 20 वर्षीय महिला रेचेल ओ नील टॉलसन की हत्या की थी।

सजा से पहले दोषी मेंडोजा के लिए आध्यात्मिक सलाहकार ने लगभग दो मिनट तक प्रार्थना की। इसके बाद मेंडोजा ने पीड़िता के माता-पिता और रिश्तेदारों से बार-बार माफी मांगी। उसने कहा कि मुझे आपसे रेचेल की जिंदगी छीनने का अफसोस है। मैंने एक बेटी से उसकी मां को छीन लिया है। मुझे इसके लिए खेद है। मुझे पता है कि मैं जो कुछ भी कह सकता हूं या कर सकता हूं, वह कभी भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता। मैं चाहता हूं कि आप जान लें कि मैं ईमानदार हूं। मैं क्षमा चाहता हूं।

दोषी ने अपनी पत्नी, अपनी बहन और दो दोस्तों से कहा कि मैं तुमसे प्यार करता हूं, मैं तुम्हारे साथ हूं, मैं ठीक हूं और शांति में हूं। आप जानते हैं कि मैं ठीक हूं, और सब प्यार है। इसके बाद दोषी युवक को जानलेवा इंजेक्शन लगाया गया। इसके बाद उसने जोर से हांफना शुरू कर दिया। इसके बाद उसकी सभी गतिविधियां बंद हो गईं और 19 मिनट बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। अभियोजकों ने कहा कि 41 वर्षीय मेंडोजा ने अपनी छह महीने की बेटी को अकेला छोड़कर टॉलसन को उसके उत्तरी टेक्सास के घर से ले लिया। टॉलसन का शव एक नाले के पास एक खेत में पड़ा मिला। मेंडोजा ने अपनी अंगुलियों के निशान छिपाने के लिए टॉलसन के शरीर को जला दिया था। जांचकर्ताओं के मुताबिक टॉलसन की पहचान के लिए डेंटल रिकॉर्ड का इस्तेमाल किया गया था। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मेंडोजो के वकीलों द्वारा उसकी फांसी रोकने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। निचली अदालतों ने भी उसकी याचिकाओं को खारिज कर दिया था। टेक्सास बोर्ड ऑफ पार्डन्स एंड पैरोल ने सोमवार को मेंडोजा के इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया कि उसकी मौत की सजा को कम सजा में बदला जाए। अधिकारियों ने बताया कि हत्या से पहले के दिनों में मेंडोजा डलास से लगभग 72 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित फार्मर्सविले में टॉलसन के घर पर एक पार्टी में शामिल हुआ था। जिस दिन उसका शव मिला, उस दिन मेंडोजा ने एक दोस्त को हत्या के बारे में बताया। दोस्त ने पुलिस को बुलाया और मेंडोजा को गिरफ्तार कर लिया गया। अफसरों ने बताया कि मेंडोजा ने पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, लेकिन वह हत्या का कारण नहीं बता सका। उसने जांचकर्ताओं को बताया कि उसने बार-बार टॉलसन का गला घोंटा, उसका यौन उत्पीड़न किया और उसके शव को एक खेत में घसीटा, जहां उसने फिर से उसका गला घोंटा और फिर उसके गले में चाकू घोंप दिया। बाद में उसने उसके शव को एक अधिक दूरस्थ स्थान पर ले जाकर जला दिया।

# सांसद सीमा द्विवेदी ने बाल वाटिका व दिव्यांग शौचालय का किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी के द्वारा गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय इब्राहिमाबाद में पीएम श्री योजनान्तर्गत निर्मित दो अतिरिक्त कक्षों, बाल वाटिका व दिव्यांग शौचालय का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक ब्लाक में दो पीएमश्री स्कूलो का निर्माण कराया जा रहा है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की प्रयोगशाला के रूप में काम करने वाले ये स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाने में सहायक होगी। सांसद ने कहा कि इन स्कूलों का एक और उद्देश्य यह है कि देशभर के सामान्य परिवारो के बच्चों को सरकारी स्कूल में गुणवत्तायुक्त शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो सके। अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए उन्हें घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा। इन स्कूलों में अत्याधुनिक प्रयोगशालाए स्थापित की जाएगी, ताकि छात्रों को केवल किताबी ज्ञान के साथ - साथ कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। इससे उनका आत्म विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि छात्रों को शिक्षित करने के साथ उनके राष्ट्रभाव की प्रेरणा को पैदा करने का काम करे। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि कायाकल्प योजना के माध्यम से भौतिक परिवेश में परिषदीय स्कूलों में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। अध्यापकों के अंदर असीम योग्यता है। यदि अध्यापक स्कूल समय से आ रहे है, समय से जा रहे है, बेहतर ढंग से पढ़ा रहे है, बच्चों के व्यावहारिक परिवर्तन करने में मेहनत कर रहे है तो निश्चित रूप से हर अभिभावक आप के ही स्कूल में नामांकन कराएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नामांकन बढ़ाने के लिए निर्देश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह ने कहा कि उक्त विद्यालय में बच्चों के नामांकन हेतु शिक्षक अभिभावकों को प्रेरित करे। विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वक्ताओं में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, मंजू पांडेय, ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, राजीव सिंह लोहिया, अजय सिंह, राजकुमार पांडेय, मंजुलता यादव, माधुरी जायसवाल, दीपमाला जायसवाल, चंद्र यादव, प्रभुनाथ यादव, अनुपम श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में अभिभावक मौजूद थे। संचालन प्रधानाध्यापक सुनील सिंह व अध्यक्षता ग्राम प्रधान लीलावती देवी ने किया।

## प्रभावी विकल्प चुने सरकार, कांग्रेस देगी साथ: प्रमोद तिवारी

**प्रयागराज।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की जान चली गई। गुरुवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सिविल लाइन्स एलगिन रोड स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान सरकार को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सरकार, विपक्ष और देश की जनता को विश्वास में लेकर सबसे असरदार कदम आतंकवाद के खिलाफ उठाना चाहिए। जिसमें कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि पहलगाम हमला भारत पर सीधा हमला है। उन्होंने सरकार से उचित जवाब देने की मांग की है। प्रमोद तिवारी ने कहा की कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार के फैसले का समर्थन करेगी, जो देशहित में होगा। प्रमोद तिवारी ने आतंकी हमले में मृतकों और पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया। कहा की पूरा देश सीमा पार आतंकवाद के खतरे से लड़ने के लिए एकजुट है। ये कायरतापूर्ण लक्षित हमले मानवता पर एक धब्बा है।

# जफराबाद में हुई पिकअप लूट का खुलासा एक अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जफराबाद कस्बे के बाईपास पर बीते 17 अप्रैल की रात बदमाशों द्वारा की गयी पिकप लूट कांड का खुलासा घटना के सातवे दिन वृहस्पतिवार को एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने जफराबाद थाने से की। एक तरफ जहां घटना का खुलासा करते हुए सहयोगी अपराधी को गिरफ्तार किया गया है वहीं मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

वृहस्पतिवार को जफराबाद थाने में पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी सिटी ने पिकप लूट घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त शाहगंज से ही पिकप की रेकी कर रहा था। और इस कार्य के लिये उसने गोतस्कर दिलशाद को रेकी की सूचना लगातार देता रहा। घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी दिलशाद अपने कुल और तीन साथियों के साथ मिलकर उक्त लूटकांड को अंजाम दिया था। लूटकांड को लेकर पुलिस लगातार जनपद सहित आजमगढ़ जिले के क्षेत्रों में अपनी छानबीन कर रही थी। पुलिस सूत्रों और सर्विलांस के जरिये घटना में सहयोगी सलमान उर्फ साहिल निवासी सबरहद शाहगंज को पुलिस ने बेलांव पुल के पास से स्थित जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटी गयी पिकअप तथा लूट में प्रयुक्त की गयी स्कार्पियो भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार लूट में प्रयुक्त स्कार्पियों किसी अन्य व्यक्ति की है जिसे कुछ पैसे देकर दिलशाद ने उसे अपने पास रख लिया था। लूटकांड का पर्दाफास करने वालों में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव,एस ओ जी प्रभारी राम जनम यादव उप निरीक्षक मनोज कुमार राय सहित सर्विलांस की टीम रही। आरोपी का पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ली शपथ

**आजमगढ़।** जनपद के दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, आजमगढ़ के सभागार कक्ष में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण का कार्य सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि अमरेन्द्र नाथ सिंह (सदस्य बार काउन्सिल आफ प्रयागराज, उ.प्र.) व विशिष्ट अतिथि जयनारायण पाण्डेय (सदस्य बार काउन्सिल आफप्रयागराज, उ.प्र.) द्वारा सिरकत किया गया। जिसकी अध्यक्षता अरविन्द कुमार पाठक अध्यक्ष, दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व संचालन संघ के मंत्री रणधीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तहसील बार एसोसिएशन व सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, दीवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मंत्री व सदस्यगण तथा दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने आश्वासन दिया कि जिले के सभी सम्मानित सदस्यों की समस्याओं का समाधान होगा। जिसमें अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाठक एड. बलिराम यादव एड.,भृगुनाथ राम एड. ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष (दो पद),सर्व मनकू कुशवाहा एड., संतोष कुमार श्रीवास्तव, श्यामजीत यादव एड. शमशाद अहमद एड. चौयरमैन रहे।

# सिविल सर्विसेज में सफल लोगों को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सिविल सर्विसेज सेवा परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी तथा उनके परिजनों को अंगवस्त्रम देकर सम्मान किया गया। जिलाधिकारी ने परीक्षा में 78वी रैंक प्राप्त करने वाले अभिषेक सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि आने वाले समय में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सफलता के शिखर को प्राप्त करें। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी लोगों के सम्मान और उनकी सफलता की खुशी में जिला प्रशासन सदैव उनके साथ रहता है और उसी प्रकार जनपदवासियों के कष्ट की घड़ी में भी संवेदनशीलता के साथ हमेशा उनके साथ खडा रहता है। प्रशासनिक सेवा में जनपद के कई अभ्यर्थियों ने सफलता अर्जित कर जनपद का नाम रोशन किया है। जनपद जौनपुर के अनगिनत लोग सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कर बड़े-बड़े प्रतिष्ठित पदों को सुशोभित कर रहे हैं। आज चयनित अभ्यर्थियों को इस उददेश्य से सम्मानित किया जा रहा कि अन्य छात्र-छात्राएं, जो प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी कर रहे है अथवा सम्मिलित होने की तैयारी कर रहे है वे इनसे प्रेरणा ले और अधिक ऊर्जा के साथ मेहनत करे और सफलता प्राप्त करें। जिला सूचना अधिकारी अभ्यर्थियों के परिजन अखिलेश सिंह, पूनम सिंह, के0 के0 सिंह, सी0डी सिंह और प्रदीप सिंह, डा0 सुर्यप्रकाश सिंह मुन्ना, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण हेतु जनपद जौनपुर पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

**जौनपुर।** शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद जौनपुर की पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत जनपद के विभिन्न ग्रामों, कस्बों, मोहल्लों तथा शिक्षण संस्थानों में जाकर पुलिस टीमों द्वारा चौपालों व संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिसमें वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी पुलिस इमरजेंसी सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, महिला हेल्पलाइन-181 सहित अन्य आवश्यक सेवाओं की जानकारी प्रमुख रूप से शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने इन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें किसी भी आपात स्थिति में बेझिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मेहनत व लगन से कोई भी लक्ष्य पाना संभव: महानगर अध्यक्ष

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आई ए एस टॉपर शक्ति दुबे को दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा ऑल इंडिया टॉपर शक्ति दुबे को भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में नैनी के मामा भांजा तालाब स्थित आई ए एस टॉपर शक्ति दुबे के आवास पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके माता पिता एवं परिजनों से मुलाकात कर टॉपर शक्ति दुबे को पुशगुच्छ देकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि मेहनत व लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता। जीवन में असफलताओं से निराश हताश होने के बजाय उत्साह व हिम्मत से आगे बढ़ना चाहिए। शक्ति दुबे ने प्रयागराज के साथ साथ प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए आज शक्ति दुबे जैसी होनहार बेटी एक आदर्श है। वहीं समाज में बेटियों को बोझ। समझने वालों के लिए भी एक संदेश है कि बेटियां न कभी किसी से कम थीं और न होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान से आज समाज की सोच बदली है बेटियों को लेकर। इस दौरान डॉ शैलेश पांडेय, विशाल अग्रवाल, रजत दुबे, दिलीप केसरवानी, संजय कुमार, विजय पटेल, सुजीत कुशवाहा, अनुज कुशवाहा, प्रशांत शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने तैयार किया साइंटिफिक लैंडफिल

**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए बसवार में 9 करोड़ रुपये की लागत से साइंटिफिक लैंडफिल (एसएलएफ) का निर्माण किया गया है। यह विशेष कचरा निस्तारण प्रणाली पर्यावरण और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाएगी। 40 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बना यह लैंडफिल 20-30 साल पुराने लीगेसी वेस्ट को हटाकर तैयार किया गया है। इसमें 4 लाख क्यूबिक मीटर अक्रिय कचरे को रखा जा सकता है। यह सुविधा अगले 15-20 साल तक काम करेगी। लैंडफिल में कई तकनीकी सुविधाएं हैं। जमीन की सुरक्षा के लिए विशेष लाइनर सिस्टम लगाया गया है। यह कचरे से निकलने वाले लीचेट को जमीन में जाने से रोकता है। लीचेट कलेक्शन सिस्टम इस तरल को इकट्ठा कर उपचार करता है। साथ ही, कचरे से निकलने वाली मीथेन जैसी हानिकारक गैसों के निष्कासन की भी व्यवस्था है। अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव ने बताया कि यह परियोजना शहर की सफाई और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पलाश बंसल ने बाँदा पुलिस अधीक्षक का पद ग्रहण किया

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** नवागत पुलिस अधीक्षक बाँदा श्री पलाश बंसल ने आज पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस कार्यालय बाँदा का निरीक्षण किया और विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री बंसल ने जन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा, रिट शाखा, जांच शाखा एवं आंकिक शाखा सहित अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक शाखा में अभिलेखों के रखरखाव, कार्यप्रणाली और शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया की गहराई से समीक्षा की और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। श्री बंसल ने कहा कि पुलिस विभाग की प्राथमिकता जनता को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके इस निरीक्षण और जनसुनवाई से आम जनता में सकारात्मक संदेश गया है और लोगों को उम्मीद जगी है कि कानून व्यवस्था और पुलिस सेवा की गुणवत्ता में और सुधार देखने को मिलेगा।


## कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी, डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : नीलामी/4496-97/2024-25 दिनॉक : 23.04.2025

**कार्यालय ज्ञाप/विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय, सिद्धार्थनगर के कार्यालय पत्रांक/समग्र शिक्षा/नि0का0/9975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज निम्नलिखित प्राथमिक एवं पू0मा0विद्यालयों के अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, मूल भवन (कुल 13 विद्यालयों) को जर्जर घोषित करते हुए नीलामी की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त जर्जर भवनों की नीलामी प्रक्रिया में इच्छुक व्यक्ति नीचे कॉलम में अंकित ध्वस्तीकरण हेतु मूल भवन एवं अतिरिक्त कक्षा-कक्ष की निर्धारित की गयी न्यूयतम् मूल्य का 25 प्रतिशत की नगद धनराशि (काशन मनी) नीलामी समिति के पास जमा कर उपरोक्त तिथि को समयान्तर्गत उपस्थित होकर प्रतिभाग करना चाहें।


| क्र. सं. | विद्यालय का नाम | जर्जर घोषित भवनों का प्रकार | न्यूनतम् धनराशि | नीलामी तिथि एवं नीलामी स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 सोनखर | मूल भवन | 78000.00 रू0 | दिनांक- 01.05.2025 (दिन गुरूवार) समय 10:30 (AM) बजे, ब्लाक संसाधन केन्द्र डुमरियागंज |
| 2 | प्रा0वि जलालपुर | मूल भवन | 88000.00 रू0 | |
| 3 | पू0मा0वि0 बयारा | मूल भवन | 98000.00 रू0 | |
| 4 | कम्पोजिट वि0 बिथरिया बड़ेडीह | मूल भवन | 78000.00 रू0 | |
| 5 | प्रा0वि0 टड़वा | मूल भवन | 71000.00 रू0 | |
| 6 | प्रा0वि0 लोहरौली | मूल भवन, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 119000.00 रू0 | |
| 7 | प्रा0वि0 सेखुईताज | मूल भवन | 118000.00 रू0 | |
| 8 | कम्पोजिट वि0 कैथवलिया | मूल भवन | 90000.00 रू0 | |
| 9 | प्रा0वि0 में ही हरदों | मूल भवन | 77000.00 रू0 | |
| 10 | प्रा0वि0 भालूकोनी | अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 58000.00 रू0 | |
| 11 | प्रा0वि0 परसा हुसैन | मूल भवन | 133000.00 रू0 | |
| 12 | प्रा0वि0 ढढुआ | अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 29000.00 रू0 | |
| 13 | प्रा0वि0 जमौतिया | मूल भवन | 58000.00 रू0 | |

खण्ड शिक्षा अधिकारी
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर


# अशरफ की फरार पत्नी जैनब की हाईकोर्ट में याचिका

- कुर्की और एनबीडब्ल्यू को चुनौती

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज में मारे गए माफिया अशरफ की पत्नी इनामी जैनब फात्मा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। फरार चल रही जैनब फात्मा की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कुर्की की कार्रवाई और गैर जमानती वारंट को चुनौती दी गई है। बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में जैनब के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी है। कुछ महीना पहले पुलिस ने फरार जैनब के घर को कुर्क किया था। अब जैनब ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कुर्की की कार्रवाई और एनबीडब्ल्यू को चुनौती दी है। जैनब की याचिका पर जल्द सुनवाई की उम्मीद है। ज्ञात हो कि 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल की गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्याकांड की साजिश में जैनब को भी आरोपी बनाया गया है। जैनब हत्याकांड में आरोपी बनाए जाने के बाद से फरार चल रही है। पुलिस ने जैनब की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया है।

# वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज विकास भवन सभागार, बाँदा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति पवन कुमार सिंह ने की, जिसमें समिति के माननीय सदस्यों सहित जनपद के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनपद में वित्तीय प्रकरणों की स्थिति, पेंशन भुगतान, ग्रेच्युटी, मृतक आश्रितों को सेवायोजन, और अन्य देयों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई। मा. सभापति सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित सभी भुगतान समयबद्ध तरीके से निस्तारित किए जाएं और किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने जीपीएफ देयों के शीघ्र भुगतान पर भी बल दिया और संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले आईटीआई के प्रधानाचार्य और होमगार्ड कमाण्डेन्ट को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को भी पेंशन, ग्रेच्युटी एवं मृतक आश्रित प्रकरणों के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विगत तीन वर्षों की वित्तीय एवं प्रशासकीय आय-व्यय स्थिति और योजनाओं पर आवंटित बजट की समीक्षा की गई। साथ ही, जिला विद्यालय निरीक्षक को छात्रवृत्ति आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया को सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे योग्य छात्रों को समय पर लाभ मिल सके। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सभापति ने मेडिकल सुविधाओं में सुधार और चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए शासन स्तर से आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव लाने और विद्युत विभाग को तय समय में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। समिति के सभापति एवं सदस्यों का जिलाधिकारी जे. रीभा द्वारा सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, विधायक नरैनी ओममणि वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी बैनामा कराने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना सिधारी 20 फरवरी को सुरेशचन्द गुप्ता पुत्र स्व. रामकिशुन दास गुप्ता सा. कुर्मी टोला थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र अभियुक्त गण राजेश यादव पुत्र बलिहारी यादव सा. हेंगापुर थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ आदि 3 नफर द्वारा बैनामा करानें के नाम पर पैसे ले लेनां व जालसाजी व साजिश करके दस्तावेजों में कूटरचनां करके फर्जी बैनामा करा देनें के संबंध में थाना सिधारी पर मु.अ.सं. 74,2025 धारा 419,420,467,468,471, 406, 120 बी भादवि पंजीकृत कराया गया था जिसमें अभियुक्त राजेश यादव पुत्र स्व. बलिहारी यादव सा. हेंगापुर थाना सिधारी, आजमगढ़ वांछित चल रहा था। आज उ.नि. राजबिहारी सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेश यादव पुत्र बलिहारी यादव सा. हेंगापुर थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ को अभियुक्त के घर से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

# सीएमएस के गोलमोल जवाब देने पर नाराज हुए कमिश्नर

- बेली अस्पताल का मंडलायुक्त ने किया

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के कमिश्नर विजय विश्वास पंत आज अचानक गुरुवार को तेज बहादुर सप्रू (बेली) हॉस्पिटल पहुंच गए। करीब डेढ़ घंटे तक उन्होंने ओटी, ओपीडी, वार्ड, एमआरआई, एक्सरे समेत अन्य व्यवस्थाओं की हकीकत बारीकी से देखी। अस्पताल की बदहाल व्यवस्था देखकर कमिश्नर नाराज हो गए। ऑपरेशन थियेटर में रखी सी-आर्म मशीन 14 दिनों से खराब है, जिससे मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। काफी दिनों से मरीज ऑपरेशन के वार्डो में भर्ती मिले। सवालों का गोल-मोल जवाब देने पर वह सीएमएस डॉ. भावना शर्मा पर भड़क गए। ज्ञात हो कि बीते दिनों एक मरीज को एनेस्थेसिया देने के बाद आपरेशन थियेटर से बाहर निकाल दिया गया था। इस पर उन्होंने उस मरीज से पूरी जानकारी ली तो पता चला कि ऑपरेशन होने ही जा रहा था लेकिन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने ओटी से बाहर करा दिया। इस पर भी कमिश्नर ने सीएमएस पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अपर निदेशक व एनएचएम के मंडलीय प्रबंधक को इस पर पूरी रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। कमिश्नर अस्पताल के पैथालाजी काउंटर पर पहुंचे जहां मरीज लंबी कतार में खड़े थे। उन्होंने पूछा कि यहां रिपोर्ट ऑनलाइन क्यों नहीं दी जा रही है। सीएमएस ने गलत जानकारी देते हुए कहा कि सर दी जा रही है। इसके बाद लाइन में लगे मरीजों से कमिश्नर ने खुद पूछना शुरू किया। एक मरीज का उन्होंने मोबाइल अपने हाथ में लेकर एसएमएस चेक किया जिसमें कोई मैसेज नहीं आया था। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा- हमें घुमाइए नहीं, बस जितना पूछा जाए उसका दीजिए। कमिश्नर के निरीक्षण की खास बात यह रही कि उन्हें कहां और क्या निरीक्षण करना है वह खुद तय कर रहे थे। उन्होंने सीएमएस से पूछा, मुझे एमआरआई कक्ष दिखाइए। वहां पहुंचने के पहले ही सीएमएस ने अस्पताल के मैनेजर डॉ. शेखर से कहा कि फोन कर बताइए वहां कि अलर्ट रहें। एमआरआई में पहुंचते ही सीधे कमिश्नर उस कक्ष में पहुंच गए जहां बैठकर टेक्निशियन सुमित, अंकिता व संदीप एमआरआई कर रहे थे। उन्होंने रजिस्टर मांगा। पूछने पर बताया गया कि एक दिन में 8 से 10 एमआरआई होती है क्योंकि गर्मी की वजह से मशीन गर्म हो जाती है।


## कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक :- 52/न0पं0कपि0सि0नगर/2025-26 दिनांक : 24.04.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कपिलवस्तु में वार्डवार सम्पत्तियों का मुल्यांकन और कर निर्धारण किये जाने हेतु नगर पंचायत कपिलवस्तु में गृहकर सर्वे सम्पत्तिकर सर्वे, डिमाण्ड रजिस्टर, डाटा फीडिंग, मानव संसाधन प्रशिक्षण इत्यादि कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक निम्नलिखित शर्तो एवं नियमों के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक को नगर पंचायत कपिलवस्तु कार्यालय पर समय 03.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष महोदया द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य अदा करके दिनांक 29.04.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। उक्त कार्य व अन्य शर्तो सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा मुल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| | नगर पंचायत कपिलवस्तु में गृहकर सर्वे सम्पत्तिकर सर्वे, डिमाण्ड रजिस्टर, डाटा फीडिंग, मानव संसाधन प्रशिक्षण इत्यादि कार्य | 1000.00 | 20000.00 | 01 वर्ष या कार्य पूर्ण होने तक |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**सिद्धार्थनगर**

# आतंकी हमले के पीड़ितों को एलआईसी ने बड़ी राहत, बीमा क्लेम की प्रक्रिया में दी ये छूट

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए जीवन बीमा निगम ने बीमा दावे की प्रक्रिया को आसान बनाकर, यह सुनिश्चित किया है कि उन्हें समय पर आर्थिक मदद मिल सके। एलआईसी का यह कदम उन परिवारों के लिए बड़ी राहत है, जिन्होंने इस पहलगाम आतंकी हमले में अपने प्रियजनों को खोया है।

जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को राहत देते हुए, बीमा दावे की प्रक्रिया में छूट देने का ऐलान किया है। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि उसे नागरिकों की मौत पर गहरा दुख है और वह पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। बीमा कंपनी ने दावा निपटान की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने की बात कही है ताकि पीड़ित परिवारों को जल्दी से जल्दी आर्थिक मदद मिल सके।

**क्या-क्या मिल रहीं रियायतें?**

एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि पीड़ित परिवारों को परेशानियों से बचाने के लिए कई रियायतें दी जा रही हैं। इसमें




अगर किसी मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है, तो सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कोई भी जानकारी, जिससे यह साबित होता हो कि व्यक्ति की मौत इस आतंकी हमले में हुई है, प्रमाण के रूप में स्वीकार की जाएगी। इसके अलावा, केंद्र या राज्य सरकार की तरफ से दी गई कोई मुआवजा राशि भी मृत्यु का प्रमाण मानी जाएगी।

**दावेदारों के लिए एलआईसी क्या करेगा?**

एलआईसी ने कहा है कि वह खुद पहल कर के पीड़ित परिवारों से संपर्क करेगा और उनका दावा जल्द से जल्द निपटाएगा। इसके लिए पूरे देश की शाखाओं में एक विशेष प्रक्रिया लागू की जा रही है। अगर कोई परिवार इस आतंकी हमले में अपने किसी सदस्य को खो चुका है और उसका LIC में बीमा था, तो वे निकटतम LIC शाखा/डिवीजन/कस्टमर ज़ोन से संपर्क करें। या LIC के हेल्पलाइन नंबर 022-68276827 पर कॉल करें।

**पहलगाम में आतंकी हमला**

आतंकवादियों ने मंगलवार को पहलगाम के बैसरन मैदान में पर्यटकों पर हमला किया, जिसमें 25 भारतीय नागरिक और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए, जो 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमलों में से एक था जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान मारे गए थे।

**भारत का पाकिस्तान पर एक्शन**

इस हमले के बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद के समर्थन के लिए पाकिस्तान के खिलाफ कड़े जवाबी कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखने का फैसला किया जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता और एकीकृत अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया है।

## एचपी ने भारत में बिजनेस एवं कंज्यूमर सेगमेंट में पेश किए नेक्स्ट-जेनरेशन एआई पीसी

**नई दिल्ली।** एचपी ने आज भारत में नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की अपनी सबसे शक्तिशाली एवं व्यापक लाइनअप का अनावरण किया। नई एचपी इलाइटबुक, एचपी प्रोबुक और एचपी ओमनीबुक सीरीज को बड़ी कंपनियों, स्टार्टअप्स एवं रिटेल यूजर्स की कंप्यूटिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इंटेल कोर अल्ट्रा 200 वी सीरीज, एएमडी राइजेन एआई 300 सीरीज और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स, एक्स इलाइट, एक्स प्लस समेत नवीनतम प्रोसेसर्स द्ब,[द्बद्ब] से लैस इस पोर्टफोलियो में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट एनपीयू दी गई है, जिसकी क्षमता 40 से 55 ट्रिलियन ऑपरेशंस प्रति सेकेंड टीओपीएस है। कोपायलट+पीसी के तौर पर इस सीरीज से कोर कंप्यूटिंग एक्सपीरियंस, उत्पादकता बढ़ाने, क्रिएटिविटी और शक्तिशाली तरीके से कोलैबोरेशन में एआई का प्रयोग हो सकेगा। एचपी इंडिया की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर इप्सिता दासगुप्ता ने कहा, 'भारत अपने डिजिटल सफर के बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां एआई, क्लाउड और कनेक्टिविटी से यह निर्धारित हो रहा है कि हम कैसे जीते हैं, सीखते हैं और काम करते हैं। दुनिया के सबसे बड़े डेवलपर बेस और तेजी से बढ़ते यूजर इकोसिस्टम के साथ भारत एआई क्रांति का नेतृत्व करने की स्थिति में है। एचपी में हम इसे सार्थक इनोवेशनकरने, उत्पादकता बढ़ाने और वित्तीय सेवा एवं रिटेल से लेकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा तक विभिन्न सेक्टर में आर्थिक अवसरों को सक्षम बनाने के महत्वपूर्ण पल के रूप में देख रहे हैं। इससे भविष्य में काम करने के तरीके को नई परिभाषा मिलेगी।' नई रीडिजाइन की गई एचपी इलाइटबुक एवं एचपी प्रोबुक सीरीज को एंटरप्राइज यूजर्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इन लैपटॉप को ऐसे आधुनिक बिजनेस लीडर्स के लिए तैयार किया गया है, जो लगातार क्लाइंट्स से बात करते हैं, रिमोट तरीके से टीमों को मैनेज करते हैं और जिन्हें सुगम कोलैबोरेशन के साथ-साथ बेहतरीन परफॉर्मेंस की जरूरत होती है। नेक्स्ट-जेन एआई क्षमताओं के साथ यह रेंज रियल टाइम नॉइस कैंसलेशन एवं बेहतर परफॉर्मेंस के लिए वीडियो कॉल के दौरान ऑटो फ्रेमिंग जैसे इंटेलीजेंट परफॉर्मेंस के माध्यम से लोगों की वर्क स्टाइल को पर्सनलाइज करती है।



## स्विगी ने इस क्रिकेट सीजन में स्विगी सिक्स लॉन्च किया

**लखनऊ।** स्विगी भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीन्यन्स प्लेटफ़ॉर्म ने स्विगी सिक्स लॉन्च किया है, जो एक रीयल टाइम, मैच-लिंक्ड ऑफ़र है, जिसेइसक्रिकेट सीज़न को और रोमांचक बनाने और आपके पसंदीदा रेस्टोरेंट के शानदार ऑफ़र को पाने के लिए बनायागया है। देश भर में क्रिकेट की दीवानगी बढ़ने के साथ, स्विगी सिक्स प्रशंसकों को हर सिक्स पर एकअनूठी फूड डील के साथ जश्नमनाने का मौका देता है, जिससे खेल के साथ स्वाद का आनंद भी जुड़ जाता है। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकूने इस मुहिम पर कहा, हम अपने उपभोक्ताओं के रोजानाके पलों को यादगारबनाने के लिए लगातार बेहतरीनतरीके तलाश रहे हैं। स्विगी सिक्सेस के साथ, हम भारत की दो पसंदीदा चीज़ों- क्रिकेट और भोजन को एक साथ ला रहे हैं और इसमें रोमांच और उत्साह कातड़का लगाकर मैच के अनुभव को और भी आकर्षक एवंदिलचस्प बनाने का प्रयास कर रहे हैं। स्विगी सिक्स के साथ, उपयोगकर्ता देश भर के 50,000 से अधिक रेस्टोरेंटसे ऑर्डर पर 66 प्रतिशत, 266, 166 या 66 की छूट काका लाभ उठा सकते हैं। ये ऑफ़र लाइव क्रिकेट मैच के दौरान सिक्स लगने के साथ सीमित समय के लिए उपलब्ध रहते हैं और इनकी वैलिडिटी केवल दस मिन टहै। एक सिक्स लगा है! ऑफ़र अनलॉक हुआ जैसे अलर्ट के साथ स्विगी ऐप पर एक रियल-टाइम बॉल फ्लोटी टाइमर दिखाई देता है, जिससे उपयोगकर्ता आसानी से लाइव अनलॉक को ट्रैक कर सकते हैं।

## अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने 2026 के लिए डेवलपमेंट लीडरशिप में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की

**बेंगलुरु।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु ने डेवलपमेंट लीडरशिप प्रोग्राम में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश 2026 की प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। जिनकी आवेदन की अंतिम तारीख मई 31, 2025, लिखित असाइनमेंट और इंटरव्यू जून-जुलाई 2025 कक्षाओं की शुरुआत जनवरी, 2026 का पहला सप्ताह तिथियाँ संभावित हैं। प्रोग्राम की खासियत, यह डिप्लोमा 11 महीनों का एक पार्ट टाइम प्रोग्राम है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है कि एडमिशन लेने वाले लोग अपने मौजूदा काम और अपने जॉब को जारी रखते हुए इसे पूरा कर सकें। तीन सत्रों का यह प्रोग्राम कैम्पस में पढ़ाई और ऑनलाइन लर्निंग का एक बेहतरीन मेल है। किसे प्रवेश लेना चाहिए? यह प्रोग्राम मध्य से वरिष्ठ स्तर के पेशेवर लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह उन पेशेवर लोगों के लिए है जो डेवलपमेंट सेक्टर में आठ या उससे अधिक सालों का अनुभव रखते हैं और अपनी संस्थाओं में नेतृत्वकारी भूमिका में हैं या जल्दी ही ऐसी भूमिका ग्रहण करने वाले हैं। यह उन लोगों के लिए भी है, जो एन जी ओ, सामाजिक गतिविधियों और जमीनी संस्थाओं में काम कर रहे हैं।

स्कूल ऑफ़ डेवलपमेंट की डायरेक्टर अरिमा मिश्रा ने कहा कि ÷यह प्रोग्राम डेवलपमेंट सेक्टर के मध्य और वरिष्ठ स्तर के पेशेवरों को विकास के व्यापक परिप्रेक्ष्य में अपने अनुभवों को देखने-समझने और उन्हें लागू करने का मौका देता है।अपने काम को बेहतर ढंग से करने और नेतृत्व की अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में यह प्रोग्राम ऐसे पेशेवरों की मदद करता है।

एडमिशन लेने वालों के लिए यह प्रोग्राम- भारत में विकास की वास्तविक स्थितियों को प्रभावित करने वाली ऐतिहासिक प्रक्रियाओं और जीवन परिस्थितियों के बारे में अपने नजरिये को ठोस बनाने मेंमददगार होगा, तावे अपना काम बेहतर ढंग से कर सकें।

# विख्यात अहलावत ने NPS इंडिया 2025 में 4 पदक जीते, अब वे राष्ट्रीय पोकर चैंपियन शोडाउन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे

**कानपुर।** रणनीतिक सोच और प्रतिस्पर्धा की भावना से परिपूर्ण, उत्तर प्रदेश के विख्यात अहलावत 2025 राष्ट्रीय पोकर सीरीज़ इंडिया में शीर्ष खिलाड़ियों में अपना स्थान पक्का किया। 39.41 लाख रुपये की कुल जीत और 4 पदकों की शानदार उपलब्धि, जिसमें 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक शामिल हैं, के साथ विख्यात ने भारतीय पोकर खिलाड़ियों में अपनी खास पहचान बनाई और अपने गृह राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।

अपनी शानदार सफलता के बाद, विख्यात अब 13 से 17 अप्रैल 2025 तक गोवा में आयोजित होने वाले 5-दिनों के राष्ट्रीय पोकर चैंपियन शोडाउन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। NPS में देश के 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल होंगे, जो अपने-अपने गृह राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, और उन्होंने NPS इंडिया 2025 में शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पाई है।

यह खेल बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विजेता के लिए 1 करोड़ रुपये का पुरस्कार है और विजयी राज्य के खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त 1 करोड़ रुपये का फ्रीरोल है। अगर विख्यात NPS शोडाउन जीतते हैं, तो वह उत्तर प्रदेश के सभी खिलाड़ियों के लिए पोकरबाज़ी पर आयोजित होने वाले 1 करोड़ रुपये के फ्रीरोल टूर्नामेंट में मुफ्त प्रवेश सुनिश्चित करेंगे। उत्तर प्रदेश के निवासी विख्यात अहलावत की भारतीय पोकर जगत में उभरती हुई पहचान साहसिक बदलावों और अटूट फोकस की प्रेरणादायक कहानी है। आईटी इंजीनियरिंग में पृष्ठभूमि रखने वाले और प्रतिस्पर्धी खेलों के प्रति बचपन से जुनून रखने वाले विख्यात को लॉकडाउन के दौरान एक मित्र के माध्यम से पोकर से परिचय हुआ। जो शौक के तौर पर शुरू हुआ, वह जल्द ही एक करियर-निर्धारक जुनून में बदल गया। अपनी प्रतिभा को पहचानते हुए और लगातार अच्छे प्रदर्शन से प्रेरित होकर विख्यात ने प्रोफेशनल पोकर को अपनाने का साहसी निर्णय लिया–एक ऐसा फैसला जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी।

NPS इंडिया 2025 के आयोजन में विख्यात ने 191 टूर्नामेंट्स में प्रतियोगिता की और 148 में जीत हासिल की। उन्होंने NPS इंडिया 2025 सीरीज़ लीडरबोर्ड में स्न10 रैंक हासिल किया और कुल 39.41 लाख रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की। इसके अतिरिक्त, विख्यात की पोकरबाज़ी पर वर्तमान में कुल जीत 3.43 करोड़ रुपये है। NPS 2025 ने मेरे लिए एक बदलाव लाने वाला अनुभव साबित हुआ है, जिसने सच में मेरी क्षमता को परखा कि मैं कितनी देर तक संयमित रह सकता हूँ, आगे की सोच सकता हूँ और तेजी से अनुकूलित हो सकता हूँ,÷ विख्यात अहलावत ने साझा किया। पोकर एक मानसिक खेल है जिसमें हर कदम में रणनीति और सटीकता जरूरी होती है, और NPS 2025 ने मुझे हर मैच के साथ अपनी सीमाओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय पोकर चैंपियन शोडाउन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है, और मैं पूरी एकाग्रता, दृढ़ता और उद्देश्य की भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार हूं। नेशनल पोकर चैंपियन शोडाउन 13 से 17 अप्रैल तक गोवा में शानदार समापन की ओर बढ़ रहा है, और दांव पहले से कहीं अधिक ऊँचे हैं, न केवल 12 प्रमुख प्रतिस्पर्धियों के लिए, बल्कि उन राज्यों की प्रतिष्ठा के लिए भी जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। इस पूरे पोकर समुदाय की निगाहें इस पर होंगी, जो न केवल मैदान पर, बल्कि जियोसिनेमा और हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीम हो रहा है।

## ओरा की भव्य ज्वेलरी के साथ मनाईये अक्षय तृतीया और एनिवर्सरी सेल की खुशी



**लखनऊ।** अक्षय तृतीया के दिन विशेषकर सोने और ज्वेलरी में निवेश किया जाता है। समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक यह उत्सव गहरा सांस्कृतिक महत्व रखता है। वहीं ओरा की एनिवर्सरी सेल ने इस त्योहार की खुशी को और ज्यादा बढ़ा दिया है क्योंकि इस सेल में ओरा द्वारा ग्राहकों को अक्षय तृतीय कलेक्शन पेश करके यह पारंपरिक उत्सव आधुनिक वैभव के साथ मनाने का मौका दिया जा रहा है। इन दोनों खुशियों ने पूरे देश में ज्वेलरी प्रेमियों को परंपरा और वैभव का जश्न मनाने का अवसर एक साथ दिया है।अक्षय तृतीया के लिए ओरा की एनिवर्सरी सेल में हर किसी के लिए विशेष कलेक्शन उपलब्ध है। दैनिक उपयोग की डायमंड ज्वेलरी से लेकर सांस्कृति महत्व की ज्वेलरी तक, यह कलेक्शन कालातीत मूल्यों, समृद्धि और इस त्योहार के साथ एक नई शुरुआत के वादे का प्रतीक है।ओरा फाईन ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर, दीपू मेहता ने कहा, ''ओरा ज्वेलरी केवल एक एक्सेसरी नहीं है। यह एक भावना, एक विरासत और एक जश्न का प्रतीक है। अक्षय तृतीय एक पवित्र उत्सव है। इस अवसर पर हम अपनी एनिवर्सरी सेल में अपने ग्राहकों को कुछ खास अनुभव पेश करना चाहते हैं। इस सीज़न हमारे कलेक्शन में युगों पुराने प्रतीकों को आधुनिक डायमंड ज्वेलरी में उतारा गया है, ताकि हर कोई अपने तरीके से इस खुशी को मना सके।''इस नए कलेक्शन में नेकलेस सेट, ईयरिंग्स, पेंडंट्स, रिंग्स, चेन आदि हैं, जो प्रकृति और भारतीय रूपांकनों से प्रेरित हैं और आज की महिलाओं के अनुरूप हैं। हर ज्वेलरी में पारंपरिक क्राफ्ट्समैनशिप के साथ आधुनिक डिज़ाईन का समावेश है, जो नई शुरुआत के सार को समाहित करता है।

# आकर्षक इंट्रोडक्टरी ऑफर्स के साथ, सेगमेंट के सबसे पतले स्मार्टफोन, गैलेक्सी M56 5G की भारत में बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग,भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,ने आज गैलेक्सी M56 5G की बिक्री शुरू करने की घोषणा की। यह अपने



सेगमेंट में सबसे पतला स्मार्टफोन है। गैलेक्सी रू सीरीज़ में शामिल किया गया यह नयाफोन शानदार अनुभव देता है। यह फोन आगे और पीछे गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन, 50MP का ओआईएसट्रिपल कैमरा,12MP एचडीआर फ्रंट कैमरा और एडवांस्ड एआईएडिटिंग टूल्स के साथ आता है। गैलेक्सी M56 5G आज सेअमेज़न, Samsung.com और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है।

गैलेक्सी M56 5G का प्रीमियम ग्लास बैक और मेटल कैमरा डिज़ाइन इसे गैलेक्सी M सीरीज़ में एक शानदार और आकर्षक लुक देता है। यह सेगमेंट में सबसे पतला फोन है, मात्र 7.2mm मोटाई के साथ इसमें आगे व पीछे कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन है, जो इसे मज़बूत और स्टाइलिश बनाता है। इसमें 6.7 इंच का फुल एचडी+ सुपर एमोलेड+ डिस्प्ले है, जिसमें शानदार विज़ुअल्स और मोबाइल देखने का बेहतरीन अनुभव मिलता है। डिस्प्ले में 1200 निट्स का हाई ब्राइटनेस मोड (HBM) और विज़न बूस्टर टेक्नोलॉजी है, जिससे तेज़ धूप में भी कंटेंट आसानी से देखा जा सकता है। स्मार्टफोन में 120H5 की रिफ्रेश रेट खासतौर पर जेन ज़ीऔर मिलेनियल्स के लिए सोशल मीडिया स्क्रॉल करना बहुत आसान बनाती है।

गैलेक्सी M56 5G में 50MP का ओआईएसट्रिपल कैमरा है, जो हाई-क्वॉलिटी, हिलने-डुलने से मुक्त फोटो और वीडियो लेता है, ताकि हाथ के हिलने से तस्वीरें धुंधली न हों। इसमें 12MP का एचडीआरफ्रंट कैमरा है, जो बेहद खूबसूरत और शानदार सेल्फी लेता है। यह 4K 30 FPS वीडियो 10-बिट HDR में रिकॉर्ड कर सकता है, जिसमें बिल्कुल असली रंग कैद होते हैं। कैमरा कम रोशनी में भी शानदार फोटो और वीडियो लेता है, क्योंकि इसमें बिग पिक्सल टेक्नोलॉजी, लो नॉइज़ मोड और एआई आईएसपी है, जो नाइट फोटोग्राफी को बेहतर बनाता है। इसमें पोर्ट्रेट 2.0 फीचर दिया गया है, जो रियर कैमरे पर 2X ज़ूम के साथ नैचुरल बोकेह इफेक्ट प्रदान करता है।

## अक्षय तृतीया पर फ़ोनपे का तोहफ़ा, कैशबैक मिलेगा पक्का

**लखनऊ/कानपुर।** फ़ोनपे ने आज अक्षय तृतीया के मौके पर 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड पर आकर्षक कैशबैक ऑफ़र्स की घोषणा की है। यूज़र्स को फ़ोनपे के प्लेटफॉर्म पर कम से कम 2000 या इससे अधिक के डिजिटल गोल्ड की वन-टाइम ख़रीदारी पर फ़्लैट 1% कैशबैक (2000 तक) मिलेगा। यह ऑफ़र केवल 30 अप्रैल को किए गए वन-टाइम ट्रांज़ेक्शन पर लागू होगा (प्रत्येक यूज़र के लिए केवल एक बार लागू)। इस ऑफ़र का लाभ लेने के लिए यूज़र्स यूपीआई, यूपीआई लाइट, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड, वॉलेट और गिफ़्ट कार्ड जैसे कई पेमेंट विकल्पों के ज़रिए पेमेंट कर सकते हैं।त्योहार की खुशियों को और बढ़ाते हुए, फ़ोनपे ने डिजिटल गोल्ड रिडेम्पशन के लिए कैरेटलेन स्टोर्स और वेबसाइट पर एक खास ऑफ़र भी पेश किया है। इसमें शामिल है गोल्ड कॉइन पर अतिरिक्त 2त्न की छूट,बिना स्टड वाली ज्वैलरी पर अतिरिक्त 3त्न की छूट,स्टड वाली ज्वैलरी पर अतिरिक्त 5त्न की छूट यूज़र्स फ़ोनपे प्लेटफ़ॉर्म पर 99.99% शुद्धता के साथ 24 कैरेट प्योरिटी- सर्टिफ़ाइड डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। ये डिजिटल गोल्ड, एमएमटीसी-पीएएमपी, सेफगोल्ड और कैरेटलेन जैसी इस सेक्टर की प्रमुख और भरोसेमंद कंपनियां उपलब्ध करा रही हैं। पूरे भारत में 1.2 करोड़ से अधिक ग्राहक फ़ोनपे प्लेटफ़ॉर्म पर उच्च शुद्धता वाला 24K गोल्ड खरीद चुके हैं।वन-टाइम खरीदारी के अलावा, फ़ोनपे यूज़र्स को डिजिटल गोल्ड में निवेश करने का भी अवसर देता है, जो कि डेली या मंथली एसआईपी के ज़रिए किया जा सकता है। इससे ग्राहकों को लंबी अवधि के लिए व्यवस्थित तरीके से निवेश करने में मदद मिलती है। ग्राहकों को किसी भी राशि में निवेश करने की स्वतंत्रता भी मिलती है (जो 5 से शुरू होती है) और वे अपने गोल्ड होल्डिंग्स को कभी भी बेच सकते हैं, और प्राप्त राशि सीधे उनके बैंक खातों में क्रेडिट हो जाती है।

## क्रीसेंडो- मिलेनियम 2k: 2000 के दशक का भारत का उत्सव - 8वां जयपुरिया सांस्कृतिक महोत्सव; मनोरंजन और ज्ञान का एक अविस्मरणीय अनुभव

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित क्रीसेंडो - जयपुरिया सांस्कृतिक महोत्सव 27 अप्रैल 2025 को अपने आठवें संस्करण के साथ लखनऊ के प्रतिष्ठित एसएमआरजेएस परिसर, गोमती नगर में लौट रहा है। इस वर्ष का थीम ÷मिलेनियम 2k: 2000'ह्य के दशक का भारत÷ है, जिसमें 6 राज्यों के 51 शहरों से 60+ स्कूलों के 55,000 से अधिक छात्रों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं की एक भव्य श्रृंखला के माध्यम से मंत्रमुग्ध करने का लक्ष्य है। परंपरा के अनुसार, क्रीसेंडो को दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में इन्ट्रा-स्कूल और ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से 5000 फाइनलिस्ट चयनित किए गए हैं जो अब ग्रैंड फिनाले में भाग लेने के लिए तैयार हैं।

प्रतिभागियों को उनकी शैक्षणिक कक्षाओं के आधार पर चार समूहों में विभाजित किया गया है - मैस्ट्रोज़, ट्रेंडसेटर, लेजेंड्स, और एलीट्स । प्रतियोगिताएं चार मुख्य श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी- साहित्यिक कला, प्रदर्शन कला और दृश्य कला। छात्र कहानी लेखन, जस्ट-ए-मिनट, डिज़ाइनिंग, संदेश-आधारित कला, रचनात्मक लेखन और नृत्य प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे।

## बॉम्बे शर्ट कंपनी स्टोर अब फीनिक्स पलासियो मॉल में



**लखनऊ।** फैशन ब्रांड बॉम्बे शर्ट कंपनी ने लखनऊ के फीनिक्स पलासियो मॉल में अपना नया स्टोर खोलकर देशभर में और खासकर उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी को और मज़बूत किया है। दिल्ली में पहले से ही उनके 4 स्टोर हैं। उनका यह नया स्टोर उनके सभी प्रोडक्ट कैटेगरीज को कवर करता है। यहां मिलने वाली ग्राहक सेवा को उनके क्षेत्र में सबसे बेहतरीन में से एक माना जा रहा है। 2012 में भारत की पहली ऑनलाइन कस्टम-मेड शर्ट ब्रांड के रूप में शुरू हुई यह कंपनी अब एक जाना-माना नाम बन चुकी है। उनके प्रोडक्ट्स में कस्टम-मेड शर्ट्स, रेडीमेड शर्ट्स, टेलर-मेड ब्लेज़र्स, ड्रेस पैंट्स, जीन्स, चाइनो, परफॉर्मेंस पैंट्स और जॉगर्स व हुडीज़ जैसे निटवेअर शामिल हैं। ये अपने फैब्रिक दुनिया के बेहतरीन मिल्स से मंगवाते हैं और इनके कलेक्शन में फॉर्मल से लेकर कैजुअल तक, दर्जनों रंगों के लिनेन और कई अन्य विकल्प मौजूद हैं। बॉम्बे शर्ट कंपनी अपने खास और पर्सनलाइज्ड इन-स्टोर शॉपिंग एक्सपीरियंस के लिए भी जानी जाती है। आप अपनी शर्ट के लिए मनपसंद कपड़ा चुन सकते हैं और फिर उनके इन-हाउस टेलर से फिटिंग करवा सकते हैं।

## इन्फिनिक्स ने नोट 50एस 5जी+ पेश किया, जो 144 हट्ज़् 3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत का सबसे स्लिम परफॉरमेंस स्मार्टफोन है



**लखनऊ।** आधुनिक समय के स्मार्टफोन ब्रांड इन्फिनिक्स ने आज भारत में अपनी फ्लैगशिप डिवाइस नोट 50एस 5जी+ लॉन्च की। यह एक पावरहाउस डिवाईस है, जो डिज़ाइन, परफॉरमेंस और यूज़र एक्सपीरियंस के मामले में अपेक्षाओं को बढ़ा देगी। इस फ्लैगशिप डिवाइस ने अत्याधुनिक डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी और 144हट्र्ज़ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत के सबसे स्लिम स्मार्टफ़ोन* के रूप में एक नया मानक स्थापित कर दिया है। नोट 50एस 5जी+ आज से फ्लिपकार्ट पर तीन शानदार रंगों मरीन ड्रिफ्ट ब्लू (वीगन लेदर), टाइटेनियम ग्रे (मैटेलिक फ़िनिश), बरगुंडी रेड (मैटेलिक फ़िनिश) में 14,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) के विशेष मूल्य में उपलब्ध है। इन्फिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने कहा, इन्फिनिक्स में हम अपने हर लॉन्च के साथ यूज़र्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाते हैं। अपने पिछले स्मार्टफोन, नोट 50× 5जी+ में हमने यूज़र्स के फीडबैक के आधार पर सॉफ़्टवेयर को अपग्रेड किया और एक्सओएस 15 पेश किया। हमारे इस कदम को ग्राहकों ने काफी सराहा, जिससे निर्माण प्रक्रिया में यूज़र्स को शामिल करने का हमारा विश्वास मजबूत हुआ। नोट 50एस 5जी+ में हमने प्रीमियम सीएमएफ, बेहतरीन परफॉरमेंस और सेगमेंट के सबसे स्लिम 144हट्र्ज़ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ हमने मानकों को और अधिक बढ़ा दिया है। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 चिपसेट के साथ 5500एमएएच की बैटरी दी गई है। इसलिए यह पूरे दिन हर स्वाइप, स्ट्रीम और स्क्रॉल के साथ स्मूथ परफॉरमेंस प्रदान करता है। AI-आधारित पर्सनलाइजेशन, एक्सओएस 15 और वन-टैप इन्फिनिक्स AI से स्मार्ट और इंट्यूटिव अनुभव प्राप्त होता है।

# सॉफ्टवेयर हमारे राईड करने के तरीके में परिवर्तन ला रहा है- स्कूटर बन रहे हैं ज्यादा सुरक्षित, स्मार्ट और कनेक्टेड

**लखनऊ।** पिछले सालों में वाहनों में काफी विकास हुआ है। राईड के अनुभव को बेहतर बनाने में टेक्नोलॉजी की एक अहम भूमिका रही है। जबरदस्त टेक्नोलॉजी फीचर्स की शुरुआत सबसे पहले कारों में हुई, जो अब तेजी से इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में भी पेश किए जा रहे हैं। इन फीचर्स ने राईड को ज्यादा सुविधाजनक, सुरक्षित और कनेक्टेड बना दिया है।

सॉफ्टवेयर वाहनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनते जा रहे हैं। वाहन का मतलब अब केवल पहियों और इंजन द्वारा चलने वाली गाड़ी नहीं रह गया है। बल्कि डैशबोर्ड और शानदार फीचर्स ने वाहनों और उन्हें चलाने के अनुभव को पूरी तरह से बदल दिया है। इलेक्ट्रिक स्कूटरों को ही लें, तो इनमें अब डिजिटल डैशबोर्ड मिल रहा है। यह डैशबोर्ड स्मार्टफोन और व्हाट्सऐप मैसेजेस से भी कनेक्ट हो सकता है तथा स्क्रीन पर रास्ता दिखा सकता है।



राईडर्स इन पर नैविगेशन और राईड के आँकड़े देख सकते हैं तथा अपने फोन की मदद से यह तलाश सकते हैं कि उनका स्कूटर कहाँ खड़ा है। यह सब इलेक्ट्रिक स्कूटर में दिए गए सॉफ्टवेयर द्वारा होता है। बैंगलुरू स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी उन पहली कंपनियों में से एक है, जिन्होंने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में डैशबोर्ड पर नैविगेशन जैसे सॉफ्टवेयर फीचर्स देना शुरू किया। एथर ने अपने इन-हाउस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, एथरस्टैक का विकास किया। यह एक सॉफ्टवेयर सिस्टम है, जो स्कूटर के डैशबोर्ड से लेकर मोबाईल ऐप और चार्जिंग अनुभव तक हर चीज संभव बनाता है। नए युग के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के स्मार्ट फीचर्स दैनिक जीवन में बहुत उपयोगी हैं। इनमें से एक एथर स्कूटर का ऑटोहोल्ड फीचर है। यह स्कूटर को ढलान या फ्लाईओवर पर स्थिर बनाकर रखता है, इसलिए आपको ब्रेक दबाकर रखने की जरूरत नहीं पड़ती है। वहीं पार्किंग में वाहनों की भीड़ के बीच पिंग माई स्कूटर की मदद से आप अपने फोन द्वारा अपने स्कूटर को आसानी से तलाश सकते हैं। अगर ट्रैफिक में अचानक से ब्रेक लगा दिया जाए, तो इमरजेंसी स्टॉप सिग्नल पीछे की ओर दी गई लाईट को फ्लैश कर देता है, जिससे पीछे से आ रहे वाहन सतर्क हो जाते हैं और दुर्घटना की संभावना कम हो जाती है। ये सभी फीचर्स राईडर के जीवन को आसान व सुरक्षित बनाने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं।

वहीं चाहे ऑफिस का ट्रैफिक हो या वीकेंड राईड, कनेक्टेड बने रहना राईडिंग के अनुभव का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। इसके लिए एथर ने डैशबोर्ड पर व्हाट्सऐप नोटिफिकेशन और गूगल मैप्स नैविगेशन जैसे फीचर्स दिए हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि ये स्कूटर समय के साथ बेहतर होते चले जा रहे हैं। जिस प्रकार मोबाईल फोन में समय-समय पर अपडेट प्राप्त होते रहते हैं, उसी प्रकार इन स्कूटर्स को भी ओवर-द-एयर (ओटीए) अपडेट मिलते रहते हैं। जुलाई, 2024 तक एथर द्वारा 60 फीचर अपडेट दिए जा चुके हैं, जिससे इन स्कूटरों की सुरक्षा, सुविधा और कनेक्टिविटी बढ़ी है।

## पीटर इंग्लैण्ड ने किया अपने नए कैंपेन 'द जैंटलमैन्स लीग-लीग ऑफ लीजेंड्स' का अनावरण



**गाजियाबाद।** आदित्य बिरला फैशन एण्ड रीटेल लिमिटेड की ओर से भारत के अग्रणी मैन्सवियरब्राण्ड पीटर इंग्लैण्ड ने अपने बोल्ड नए कलेक्शन- द लीग ऑफ लीजेंड्स- के साथ द जेंटलमैन्स लीग की वापसी की घोषणा की है।

देश के सबसे मशहूर क्रिकेट उत्सव जियोस्टारआईपीएल के दौरान लॉन्च के साथ, ब्राण्ड गेम के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों- कपिल देव, सर विवियन रिचर्ड्स तथा इंटरनेशनल क्रिकेट की मजबूत आवाज़ हर्षा भोगले को सम्मान देता है। ऐसे देश में जहां क्रिकेट के प्रति खास लगाव और जुनून देखने को मिलता है, पीटर इंग्लैण्ड और क्रिकेट के दिग्गजों के बीच यह साझेदारी हेरिटेज, स्टाइल तथा जेंटलमेन्स गेम के प्रति आकर्षण का जश्न है। इस लॉन्च के अवसर पर अनिल एस कुमार, चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफिसर, पीटर इंग्लैण्ड ने कहा, ''जैंटलमैन्स लीग कलेक्शन- के साथ लीग ऑफ लीजेंड्स की वापसी एक जश्न है, यह क्रिकेट के प्रति सदाबहार आकर्षण तथा उन पुरूषां के लिए सम्मान है जिन्होंनेइस गेम को विशेष आयाम दिया है। कैंपेन के साथ कपिल देव, सर विवियन रिचर्ड्स और हर्षा भोगले जैसे दिग्गजों का जुड़ना इस कलेक्शन को प्रमाणित और महत्वाकांक्षी बनाती है। यह पीटर इंग्लैण्ड तथा उन आधुनिक भारतीय पुरुषों के लिए एक नया अध्याय है, जो गर्व, प्रयोजन एवं जुनून के साथ कपड़े पहनना पसंद करते हैं।'

# नवागत डीएम कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर ने कार्यभार ग्रहण किया



कोषागार में कार्यभार ग्रहण करते डीएम तंवर

### शायरी व कविताएं लिखने का शौक

बेशक बहुत कम लोग जानते है कि आईएएस महेंद्र सिंह तंवर को शायरी व कविताएं लिखने का भी शौक है वह पढाई के समय से ही कविता और शायरी लिखते में रुचि रखते थे जो अनवरत जारी है। आईएएस महेंद्र सिंह तंवर इसके पहले संतकबीरनगर में जिलाधिकारी थे इसके पहले वह गोरखपुर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। वह पूर्व में गाजियाबाद नगर निगम में नगर आयुक्त के रूप में तैनात रहे। बहराइच और एटा में जॉइंट मजिस्ट्रेट के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। शाहजहांपुर में वह बतौर मुख्य विकास अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

**अवधनामा संवाददाता**

**कुशीनगर।** नवागत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट भवन के कोषागार के डबल लॉकर कक्ष में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों मे कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि जनसुनवाई मे आम जनता की समस्याओं को सुनना और उसका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कराना हमारी जिम्मेदारी है इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी।

बता दें कि महेंद्र सिंह तंवर वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी व हरियाणा के रोहतक जिले के मूलतः निवासी हैं। गांव मे ही उन्होने इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के

**योजनाओं को अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता : तंवर**

बाद बी-टेक किया, तत्पश्चात दो वर्षो तक नोएडा स्थित निजी सेक्टर में कार्य किया है। फिर जॉब छोड़कर दिल्ली से सिविल सर्विस की तैयारी शुरू की। इसी दौरान वर्ष 2012 में उन्होंने मिनिस्टरी ऑफ डिफेंस को ज्वाइन किया। नौकरी के साथ ही वह यूपीएससी की तैयारी भी जारी रखा। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी कुशीनगर वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, उप जिलाधिकारी हाटा योगेश्वर सिंह,एसडीएम तमकुही राज ऋषभ पुंडीर, एसडीएम कसया आशुतोष, एसडीएम खड्डा मोहम्मद जफर, एसडीएम परितोष मिश्रा तथा, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा राकेश, अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार, डीआईओ एनआईसी मनीष कुमार गुप्ता अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के ने नवागत जिलाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया गया।

**योजनाओं को पात्रों तक पहुंचना प्राथमिकता** - नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाएं पारदर्शी तरीके से पात्रों तक पहुंचे। पीड़ितों को न्याय मिले, कार्य के प्रति अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रष्टाचार पर रोक लगे और फरियादियों की समस्याएं सुनी जाए। इस पर उनका विशेष जोर होगा।डीएम ने मौके पर उपस्थित पत्रकारों से भी कहा कि आप खबर लिखे, बेबाकी से लिखे लेकिन तथ्यपूर्ण व सटीक खबरे लिखे।

ताकि खबर लिखने के बाद आप नजर से नजर मिलाकर बात कर सके। आपकी खबरों से हमें फीडबैक मिलती रहे। उन्होने कहा कि कबीर की धरती के बाद बुद्ध की धरती पर काम करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं से लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना उनकी प्राथमिकता होगी। डीएम ने तल्ख लहजे में कहा कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण तरीके से किया जायेगा।

**गाजियाबाद और गोरखपुर में रह चुके हैं-** आईएस महेंद्र सिंह तंवर गाजियाबाद और गोरखपुर में अपने कार्यों को लेकर खूब चर्चा में रहे, जिनकी शासन स्तर पर खूब वाहवाही हुई थी। बताया जाता है कि कोरोना संकट की दूसरी लहर में जब गाजियाबाद में ऑक्सीजन को लेकर हो-हल्ला मचा हुआ था। उस समय महेंद्र सिंह तंवर द्वारा बनाए गए ऑक्सीजन ऑडिट फार्मूले से न सिर्फ गाजियाबाद बल्कि पूरे प्रदेश में हजारों लोगों की जान बचाई गई और संकट से निपटने में बड़ी मदद मिली थी जबकि गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में भी महेंद्र सिंह तंवर का शानदार कार्यकाल रहा है। उन्होने जीडीए की व्यवस्था सुधारने के साथ लोगों को आवास उपलब्ध कराने और प्राधिकरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने को लेकर खास काम किया जिससे प्राधिकरण में आने वाली सभी समस्याओं को निर्धारित समय के भीतर निस्तारण हो सकें। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व कोषागार भवन में जिलाधिकारी को गार्ड आफ आनर की सलामी दी गई।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से दुखी हैं लोग



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से लोग दुखी हैं। नगर से गांव जंवार तक हमले की चर्चा है।लोग केंद्र सरकार और भारतीय सेना से कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति को श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन जारी है। गुरुवार को नगर पंचायत अमेठी में कार्मिकों ने कैंडल जलाकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों की याद में गुरुवार को नगर पंचायत अमेठी जनपद अमेठी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अमेठी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समस्त सभासदों अधिकारी/कर्मचारियों जनों ने कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष ने कहा कि 22 अप्रैल को हुआ यह आतंकी हमला एक कायराना हरकत है। उन्होंने सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। वक्ताओं का कहना था कि खुफिया एजेंसियों की विफलता के कारण निर्दोष नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी।कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि यह समय राजनीतिक लाभ उठाने का नहीं है, जो देश की एकता और अखंडता के लिए साथ चलने का है। इस दौरान नगर पंचायत अमेठी जनपद अमेठी की अध्यक्ष श्रीमती अंजू कसौधन, अधिशासी अधिकारी अभिनव यादव विपुल तिवारी आदित्य शुक्ल शिवकुमार सरोज आदित्य शुक्ल मनीष सिंह सभासद श्री कलावती श्रीमती मिथिलेश श्री चंदन कुमार श्री राकेश सोनी श्रीमती शबाना परवीन श्री अभिषेक सिंह सोनू गौतम श्रीमती हाशमी बानो सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में हुआ 76 युवाओं का प्लेसमेंट



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी/तिलोई।** गुरुवार को जिला सेवा योजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज की ओर से तिलोई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में तीन कम्पनियों ने 76 अभ्यर्थियों का चयन किया। कम्पनियों ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट के लिए बुलाया है। जिला सेवा योजन अधिकारी अनुपमा रानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास रत है। युवाओं को रोजगार के लिए मुख्य मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत पांच लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण भी दिए जा रहे हैं। उद्यमिता और कौशल विकास के कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि मेले में कुल 163 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें कुल 03 कम्पनियों में कुल 76 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। न्यू जीवन दीप इटरप्राइजेज में 14 प्रतिभागियों में से 06 एवं अडानी कौशल विकास केन्द में 43 प्रतिभागियों में से 20 तथा क्रेस कॉर्प में 106 प्रतिभागियों में से 50 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। इस दौरान रोजगार मेले के आयोजन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तिलाई अमेठी के संजय कुमार श्रीवास्तव, सुनील, आईटीआई के आदि मौजूद रहे।

## तहसील सलोन परिसर में लीगल एड क्लीनिक की हुई स्थापना

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जनपद रायबरेली के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मा0 अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के मार्गदर्शन में तहसील सलोन



परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा स्थापित लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन बुधवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा फीता काटकर किया गया। तहसील परिसर सलोन में लीगल एड क्लीनिक खोले जाने से क्षेत्र के निवासियों को कानूनी समस्याओं के सम्बन्ध में स्थानीय स्तर पर समाधान प्राप्त होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि लीगल एड क्लीनिक में कानूनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं का निस्तारण पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निःशुल्क अधिवक्ता, विभिन्न योजनाओं इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रार्थना पत्र दिये जा सकते है। विवादों को बिना मुकदमा दर्ज किये प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी निस्तारण कराये जाने के भी प्रयास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किये जा रहे है। इसके अतिरिक्त 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि सुलह समझौते के आधार पर लम्बित वादों का तथा ई-चालान का सुगम निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराया जा सकता है। सचिव द्वारा बताया गया कि आम ग्रामीण जन किसी भी प्रकार की विधिक सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में लीगल एड क्लीनिक जाकर सहायता प्राप्त कर सकते है।

## अभिषेक पाल ने अमेठी का नाम रोशन किया

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** 28वीं नेशनल फेडरेशन सीनियर एथेलेटिक्स कोच्चि



केरल में गुरुवार को सम्पन्न हुई हैं। चार दिवसीय नेशनल एथेलेटिक्स में अमेठी की धरती के लाल अभिषेक पाल ने 5000 मी दौड़ स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। इस दौड़ में अभिषेक पाल ने रेलवे स्पोर्ट्स की ओर से प्रतिभाग किया है। आर्मी के सावन बरनवाल ने रजत और किरन मारते ने कांस्य पदक हासिल किया है। अभिषेक पाल ने 13 मिनट 40.59 सेकेन्ड में दौड़ जीत कर मीट रिकॉर्ड भी कायम किया है। अभिषेक पाल अब एशियन चैंपियनशिप खेलने के लिए दक्षिण कोरिया जायेंगे।सावन बरनवाल और किरन मारते ने भी अभिषेक के साथ दस हजार मीटर एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। अभिषेक पाल इस समय अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट और अपने भाई राहुल पाल के सानिध्य में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## सार्वजनिक नीलामी 30 अप्रैल को

**रायबरेली।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार श्री छेदीलाल पुत्र विष्णु प्रसाद नि0 पूरे अनन्त मजरे मरदानपुर पर0 व तह0 सदर जिला रायबरेली की भूमि स्थित मरदानपुर पर0 व तहसील सदर की सार्वजनिक नीलामी 30 अप्रैल 2025 समय प्रातः 10-00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार नगर/नीलाम अधिकारी के कक्ष में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी सम्बन्धी शर्तें संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## पहलगाम हमले के विरुद्ध अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता

**अवधनामा संवाददाता**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन द्वारा पहलगाम में 28 निर्दोष व्यक्तियों की निर्मम हत्या से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने गुरुवार को तहसील परिसर सहित सड़क तक जोरदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के कायराना हरकत को लेकर नारेबाजी किए और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी परितोष मिश्रा को सौंप दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाई की मांग किए। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के कायराना हरकत को लेकर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष मिर्जा एक्तेदार हुसैन और मंत्री उमेश दुबे के नेतृत्व में तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की एक बैठक कर आतंकियों के द्वारा मारे गए सैलानियों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित किए और पाकिस्तान के विरुद्ध प्रदर्शन कर नारेबाजी किए। अधिवक्ता रामप्रताप सिंह, जय प्रकाश नारायण पाण्डेय ने भारत सरकार से मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की। दूसरी तरफ तहसीलदार कप्तानगंज के स्थानांतरण को लेकर कार्य बहिष्कार दूसरे दिन जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्रा, हीरा पांडेय, शैलेश प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय पाण्डेय, महेंद्र गुप्ता, दारा यादव, मनीष कुमार चौबे, आशुतोष, मनोज आदि मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर महिला समेत चार पर पिता पुत्र को पीटने का आरोप

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बीती रात कोतवाली क्षेत्र के रामकोला मजरे कोटवा मोहम्मद बाद गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला सहित चार लोगों ने पिता व पुत्र को जमकर मारा पीटा। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं । कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोटहिलों का डॉक्टरी मोयना कराकर महिला सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताते चले की रामकोला मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद गांव के चार लोगों द्वारा पिता पुत्र के साथ गाली गलौज करने व पीटकर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना कोतवाली क्षेत्र के रामकोला गांव की है। बुधवार रात लगभग 9 बजे गांव के ही पवन व अखिलेश पुत्रगण रामकरन, रामप्यारी पत्नी रामकरण एवं संतोष पुत्र पवन ने एकराय हो देवता पुत्र बद्री प्रसाद (60) व गोपाल पुत्र देवता (20) के साथ गाली गलौज की और दोनों को पीटपीटकर घायल कर दिया। मामले में घायल देवता प्रसाद के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर विधि कार्रवाई की जाएगी।

## मई माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह मई 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 02 मई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकास खण्ड हरचन्दपुर में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड राही में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड सतांव में एवं विकास खण्ड बछरावां में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 09 मई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड डलमऊ में, जिला विकास अधिकारी ऊंचाहार में, उपायुक्त, श्रम रोजगार छतोह में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सरेनी में। 16 मई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 रोहनियां में, जिला विकास अधिकारी दीनशाहगौरा में, उपायुक्त, श्रम रोजगार शिवगढ़ एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार हरचन्दपुर में। 23 मई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 डीह में, जिला विकास अधिकारी खीरों में, उपायुक्त, श्रम रोजगार अमावां में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार विकास खण्ड डलमऊ में।

# पति ने पहले आंखों में झोंका मिर्च पाउडर फिर पेट में घोंपा चाकू, हिरासत में आरोपी

**अवधनामा संवाददाता**



पड़ोसियों ने पुलिस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया


**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला को उसके पति ने पेट में चाकू घोंप दिया महिला की आरोपी से छः महीने पहले ही दूसरा निकाह हुआ था महिला का आरोप है कि आरोपी पति निकाह के बाद से ही परेशान करता था और पहले वाले पति से हुए बच्चों के साथ मारपीट करता था। इसलिए वह उससे तलाक की मांग कर रही थी। इसी बात को लेकर आज दोनों में कहासुनी हुई जिसके बाद उसने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। गांव बहेलियन का पुरवा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला निवासिनी सितारा 45 का निकाह कस्बे के वारसी नगर के रहने वाले इबरार से हुआ था। लगभग सात पहले इबरार की मौत हो गई इसके बाद वह अपने मायके में रह रही थी छः महीने पहले परिजनों ने उसका दूसरा निकाह बिरती का पुरवा मजरे उत्तरपारा थाना भदोखर रायबरेली के हसन पुत्र जग्गू पहलवान से कर दी थी। सितारा का आरोप है कि निकाह के बाद से ही हसन उसके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट करता था। गुरूवार की दोपहर आरोपी हसन आया और वाद विवाद करते हुए साथ चलने का दबाव बनाना शुरू कर मना करने पर आंखों में मिर्ची झोंक दिया और चाकू निकालकर सीधे पेट में ही घोंप दिया। आसपास के लोगों द्वारा किसी तरह बीच बचाव किया गया सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर और चाकू भी बरामद कर कोतवाली ले आई वहीं घायल महिला को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कठोर निंदा

**अमेठी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से लोग दुखी हैं। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदनाओं और भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभाओं का क्रम जारी है। गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष महेश सोनी के संयोजन में शोक सभा का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जिला अध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमला राष्ट्रीय शोक का विषय है।संकट के इस दौर में सभी राजनीतिक दलों को सारे मतभेद भुलाकर पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध एक जुट रहना चाहिए। आतंकियों ने जिस तरह से धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों को गोली मारी है,यह बहुत ही क्रूर और निंदनीय कृत्य है। दुनिया के सभी राष्ट्र आतंकवादी संगठनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत के साथ खड़े हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत में रहने वाले हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई,जैन, पारसी, बौद्ध सभी धर्मों के लोगों को एकजुटता का प्रदर्शन करना चाहिए।

## अवैध रूप से काटे गए सागौन की 33 बोटा लकड़ी जब्त

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** मोतीचक ब्लाक क्षेत्र के अथरहां स्थित मुड़िला हरपुर में अवैध रूप से सागौन के पेड़ काटकर ले जाने की सूचना



पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके से 33 बोटा लकड़ी जब्त कर लिया। बता दें कि उक्त क्षेत्र में अवैध पेड़ों का कटान अवैध रूप से किया जा रहा था। इस अवैध कटान में क्षेत्र के कई जिम्मेदार लोग कटान कराए लेकिन वन विभाग इसपर कार्रवाई नहीं किया। गुरुवार को मुड़िला हरपुर में अवैध सागौन काटने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जहां सागौन के 8 पेड़ काट कर 33 बोटा ट्रैक्टर ट्राली पर लोड किया गया था। वन विभाग की टीम को आता देख पेड़ काटने वाले भाग निकले। पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त वृक्षों को राम आसरे यादव पुत्र बुधई यादव, ग्राम अथरहा, थाना हाटा द्वारा कटवाया गया है। वन विभाग ने मौके पर से 8 पेड़ के 33 बोटे बरामद कर अपने कब्जे मे ले लिया और ट्राली पर लाद कर रेंज कार्यालय हाटा ले आए। वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। रेंजर हाटा ने कहा कि बिना परमिट के अगर पेड़ काटे जायेंगे तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। वन विभाग की टीम में वन दरोगा भगवानराम, वन रक्षक इंद्रजीत यादव, सुदामा प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।


## कार्यालय : नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद : सिद्धार्थनगर

पत्रांकः 94 / न0पं0बि0/2025-26 दिनांक- 24/04/2025

### निविदा निरस्तीकरण सूचना

एतद्वारा सर्वसंबन्धित को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बिस्कोहर जनपद-सिद्धार्थनगर सीमान्तर्गत **मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित** निर्माण कार्य कराये जाने कार्यालय के पत्र सं.-80 /न.पं.बि./2024-25 दिनांक-17.04.2025 के द्वारा कुल 14 कार्य की ई-निविदा दिनांक-18.04.2025 तक आनलाइन वेबसाइट-http://etender.up.nic.in पर सायं 02:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जानी प्रस्तावित थी। उक्त कार्य की निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती हैं। पुनः निविदा की कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बिस्कोहर**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**


# बुद्धा हॉस्पिटल के खिलाफ जांच शुरू, संचालक मैनेज में जुटे

**अवधनामा ब्यूरो**




**कुशीनगर।** आयुष्मान कार्ड पर पथरी का फर्जी ऑपरेशन कर गरीब मजदूर की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ करने वाले बुद्धा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। यह जांच तत्कालीन डीएम के निर्देश पर सीएमओ द्वारा गठित टीम कर रही है। डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम बुद्धा हॉस्पिटल पहुंची और कृष्णा का आपरेशन करने वाले डॉक्टर व हॉस्पिटल के संचालक का बयान दर्ज किया। सूत्र बताते है कि संचालक नंदलाल कुशवाहा जांच को लीपापोती करने के लिए हर तरह के हथकंडा अपनाने में जुटा है।

अब देखना है कि योगी सरकार में पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ खिलवाड़ कर धन का बंदरबांट करने वाले बुद्धा हॉस्पिटल व संचालक सहित चिकित्सक के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। उल्लेखनीय है कि दुदही ब्लाक क्षेत्र के जिरात गांव निवासी 48 वर्षीय कृष्णा पुत्र स्व. नारायण वर्मा ने पेट में दर्द महसूस होने पर अल्ट्रासाउंड कराकर सरकारी हॉस्पिटल के चिकित्सक के सुझाव प पडरौना नगर के कसया रोड पर स्थित बुद्धा हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के कार्ड पर ऑपरेशन करवाया था। आपरेशन डॉ. अंशुमान पाण्डेय ने किया ऐसा बुद्धा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के संचालक नंदलाल कुशवाहा का कहना है। यक्ष प्रश्न यह है कि आखिरकार डॉ. अंशुमान पाण्डेय ने तकरीबन बीस इंच पेट चीरकर कृष्णा का आपरेशन किया तो फिर कृष्णा के पेट से पित्त की थैली व पथरी को क्यो नही निकाला? इसके पीछे चिकित्सक और हॉस्पिटल संचालक की मंशा क्या थी ? बताया जाता है कि आपरेशन के बाद बुद्धा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा 8 जून 2024 को कृष्णा को डिस्चार्ज किया गया था। कृष्णा की माने तो कुछ दिनो बाद फिर उसके पेट मे दर्द होने लगा जो ऑपरेशन के पूर्व हुआ करता था। फिर वह चिकित्सक के सुझाव पर दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया तो यह जानकर हक्का-बक्का रह गया कि उसके पेट में पित्त की थैली और पथरी जस के तस है।

# खुली बैठक में नरायनपुर कोटे की दुकान का हुआ चयन

## छह माह से चल रहा खाली, नामित अधिकारियों का किया चयन

**अवधनामा संवाददाता**



अन्नपूर्णा भवन नरायनपुर में कोटे की खुली बैठक करते अधिकारी

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायतन नरायनपुर में पिछले छह माह से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान खाली चल रहा था जिसका चयन नामित अधिकारियों की मौजूदगी में खुली बैठक कर आशा देवी के नाम कर दिया गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नरायनपुर में कोटे की दुकान के लिए खुली बैठक एडीओ पंचायत प्रभारी मोतीचक राजकुमार की अध्यक्षता में शुरू की गई। कोटे की दुकान के लिए दो स्वयं सहायता समूह का नाम आया जिसमें पहला सम्मे माता स्वयं सहायता समूह व दूसरा बाबा साहेब अम्बेडकर स्वयं सहायता समूह। इसपर अधिकारियों ने दोनों समूहों से कोटे के संबंध में चर्चा किए। अधिकारियों के अनुसार बाबा साहेब अम्बेडकर स्वयं सहायता समूह निष्क्रिय पाए जाने के कारण सम्मे माता स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष आशा देवी पत्नी भोला प्रसाद पूर्व प्रधान के नाम कोटे की दुकान नामित कर दिया गया।

बता दें कि उक्त ग्राम सभा में पिछले छह माह से कोटे की दुकान खाली चल रहा था जो बगल के गांव लक्ष्मीपुर से अटैच था। प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद कोटे की दुकान का चयन कर लिया गया है। खुली बैठक में एडीओ आईएसबी बिंदा देवी, सचिव समरजीत सिंह, श्वेता यादव, विकास कुमार, पूर्व प्रधान भोला प्रसाद, धर्मेंद्र कुशवाहा, मैनुद्दीन, रुपई गौंड, नसरुद्दीन, इम्तियाज खान, बाबू लाल साहनी, दीनानाथ, जगदेव साहनी, संध्या, मेराज, कन्हैया प्रसाद, मनान सहित ग्राम सभा के सदस्य के साथ स्थानीय प्रशासन मौजूद रही।

# सभी बच्चे रहे महफ़ूज़ स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को लगेंगे टीके: डॉ. संजय शर्मा

■ जनपद में शुरू हुआ टीडी टीकाकरण अभियान का सीएमओ ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद में विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर 24 अप्रैल से 10 मई तक चलाए जा रहे विशेष टीडी टेटनस-डिफ्थीरिया टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने आज महराज सिंह इंटर कॉलेज में इस अभियान का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य 10 से 16 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को इन जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर सीएमओ ने कहा, यह टीका केवल एक सूई नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि टेटनस और डिफ्थीरिया दोनों बीमारियाँ बेहद खतरनाक होती हैं–टेटनस में मांसपेशियाँ इतनी सख्त हो जाती हैं कि मुँह तक नहीं खुलता और इलाज में देर हो तो जान भी जा सकती है। वहीं डिफ्थीरिया गले में झिल्ली बना देती है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है और जान का खतरा उत्पन्न हो जाता है। टीडी टीका इन घातक बीमारियों से सुरक्षा देता है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि यह अभियान 10 मई तक जिले के 2736 स्कूलों, मदरसों और निजी शिक्षण संस्थानों में संचालित किया जाएगा। इसमें 70 हज़ार से अधिक बच्चों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य है। सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को चलने वाले इस अभियान के तहत स्कूल न जाने वाले और पहले टीकाकरण से छूट गए बच्चों की पहचान आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं की मदद से की जाएगी। इसके अलावा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को नामित नोडल बनाकर बच्चों की सूची तैयार करने और टीकाकरण टीमों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का जिम्मा भी तय कर दिया गया है। उन्होंने बताया इस दौरान हर बच्चे की एंट्री यू-विन पोर्टल पर की जाएगी ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाए और सटीक रिपोर्टिंग बनी रहे। बाद में अभिभावक दर्ज किए गए अपने मोबाइल नंबर के ज़रिए यू-विन पोर्टल से अपने बच्चे का टीकाकरण प्रमाणपत्र ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर अर्बन नोडल डॉ. पी.के. वर्मा, डब्लूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे, महाराज सिंह इन्टर कालेज के प्रिंसिपल संतोष चंद्र शुक्ल, यूनिसेफ डीएमसी दिलीप मिश्रा, एआरओ मुशर्रफ सिद्दीकी, विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिभावकों से अपील

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भी अभिभावकों और समुदाय से अपील करते हुए कहा-टीडी टीकाकरण सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के हर तबके की भागीदारी से सुरक्षित बचपन की ओर उठाया गया मजबूत कदम है। एक सुई की चुभन, भविष्य के लिए सुरक्षा की ढाल बन सकती है। तो आइए, आगे बढ़ें – हर बच्चे को दें टीके की सुरक्षा और उवल कल की गारंटी।

# केंद्र एवं राज्य सरकार आतंकी घटनाओं पर करें कठोर कार्रवाई : व्यापार मंडल

■ पहलगाम हमले के विरोध में व्यापारियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला व शहर इकाई ने जिला प्रशासन के माध्यम से भारत गणराज्य के राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन प्रेषित किया है। व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल ने उक्त ज्ञापन बृहस्पतिवार को बहराइच के मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र को सौंपा।व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने बताया कि उद्योग व्यापार मंडल की ओर से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में लिखा गया है कि हम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बहराइच जिला एवं नगर इकाई की ओर से, जम्मू-कश्मीर की पवित्र वादी पहलगाम में हाल ही में हुए कायराना आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करते हैं। यह हमला न केवल हमारे देश की अखंडता एवं संप्रभुता पर एक गम्भीर प्रहार है, बल्कि मानवता के विरुद्ध भी एक घृणित कृत्य है।उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया से निवेदन किया गया है कि केंद्र एवं राज्य सरकार आतंकी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे, सुरक्षाबलों को और अधिक सशक्त, आधुनिक एवं स्वतंत्र बनाया जाए, आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विशेष रणनीतियाँ बनाई जाएं तथा देश के भीतर और बाहर बैठे आतंक के समर्थकों के विरुद्ध सख्त क़दम उठाए जाएं। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया कि शहीदों के परिजनों को उचित सम्मान, सहायता और मुआवज़ा प्रदान किया जाए तथा घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रहित में सदैव प्रतिबद्ध रहा है और आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा है।ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में उद्योग व्यापार मंडल शहर अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊजी, कार्यवाहक अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, महामंत्री आशीष कंसल, मनीष मल्होत्रा, सुनील अग्रवाल व अमित मित्तल, आदि मौजूद रहे। इसकी जानकारी मनीष मल्होत्रा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बहराइच ने दी।

## उद्योग के लिए दस लाख का ऋण दिलवाएंगे: जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

**सुलतानपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर.एस. यादव ने अवगत कराया कि माटीकला से सम्बन्धित व्यवसायिक गतिविधियों जैसे-खिलौना निर्माण और घरेलू उपयोग के कलात्मक उत्पाद सुराही, गिलास, कुल्हड़, आचार दानी, प्रेशर कूकर इत्यादि बनाने के लिये माटीकला उद्योग स्थापित करने के इच्छुक कारीगरों को सरकार 10.00 लाख रू0 तक की ऋण सहायता बैंकों के माध्यम से उपलब्ध करायेगी। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के उद्यमी इसका लाभ ले सकते हैं। आवेदन हेतु माटीकला बोर्ड की वेबसाइट upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। योजनान्तर्गत उद्यमी को 5 प्रतिशत अंशदान की शर्त पर 95 प्रतिशत तक का बैंक ऋण अनुमन्य कराया जायेगा एवं उक्त लाभार्थियों को ऋण प्रदान करने के साथ ही माटी कला उद्योग की स्थापना और उसके संचालन का 07 दिवसीय प्रशिक्षण भी विभाग प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि माटी कला उद्यमियों के उत्थान के लिये शासन की मंशा के अनुरूप कुम्हारी कला के परम्परागत कारीगरों सहित नए कुशल उद्यमियों की सहायता की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लांट उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 10/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | टी.पी.पी./एन. आर./एल.के.ओ. के अनुमोदित डिजाइन और विनिर्देश के अनुसार, स्टेनलेस स्टील शीट की कटिंग, रोलिंग, वेल्डिंग, बफिंग आदि द्वारा पूर्ण कार्य के रूप में स्टेनलेस स्टील शैल का निर्माण और आपूर्ति। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 15,27,31,575.00 मात्र। |
| 3 | धरोहर राशि | रू0 913700.00 मात्र। |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 02.05.2025 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 16.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या "V" (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | सिंगल यूज़ क्रूसिबल के लिए शेल का फब्रिकेशन या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ |

नोट :- 1. कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी। निविदा सू0सं0–01/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025–26 दिनांक 22.04.2025 1211/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अमृत सरोवर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराऐ : जिलाधिकारी

■ अस्थाई राही गौशाला हेतु जल्द करें भूमि का चयन: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की वस्तुस्थिति को देखने के लिए विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, इस दौरान मक्खनपुर स्थित ग्राम बिल्टीगढ़ में बने अमृतसरोवर के सौन्दर्यीकरण का निरीक्षण करने गए, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि बना हुआ अमृत सरोवर संपूर्ण मानकों को पूर्ण नहीं कर रहा है, अमृत सरोवर के चारों ओर पौधरोपण नहीं किया गया, यहां कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया, जिससे कार्य से संबंधित समस्त जानकारी जनता को उपलब्ध हो सके, जिलाधिकारी ने इस अमृत सरोवर को देखकर कहा कि न तो यह अमृत है और न ही सरोवर है, अमृत सरोवर के लिए मानक यह निर्धारित किया गया है, कि प्रत्येक अमृत सरोवर न्यूनतम एक एकड़ में बना होना चाहिए, जिसमें लगभग दस हजार घन मीटर जलधारण करने की क्षमता हो, जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर जे.ई. को सख्त चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया, कि जनपद में बने प्रत्येक अमृत सरोवर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराऐं, जहां भी अमृत सरोवर मानक के अनुसार नहीं बने हैं, वहां पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् जिलाधिकारी नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद में टी.पी.डी. क्षमता के म्युनिसिपल सॉलिड़ वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट कार्य का निरीक्षण करने गए, जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में यह केंद्र गांव की दशा एवं दिशा बदलने वाला होगा, इसलिए इस कार्य में निरन्तरता एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इसे ससमय पूरा करें। इसके पश्चात् जिलाधिकारी 500 गायों की क्षमता से युक्त ग्राम पंचायत जरौली में बन रहें गौशाला के निरीक्षण करने गए, जिलाधिकारी ने कहा कि आवागमन के मार्ग का निर्माण मनरेगा के मद से कराए, साथ ही इस गौशाला के चारों तरफ ट्री-गार्ड सहित पौधरोपण भी कराया जाए, साथ ही साथ गौवंशों के चारे की समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे आने वाले समय में यह गौशाला आदर्श गौशाला के रूप में जानी जाए। इसके बाद जिलाधिकारी अस्थाई गौशाला राही का निरीक्षण करने गए, 238 गोवंशों से युक्त इस गौशाला में कोई पशु चिकित्सक नहीं था, साथ ही यहां नगर पालिका के 6 और एनजीओ के तीन कर्मचारी कार्यरत पाए गए, जिलाधिकारी ने इस गौशाला हेतु जल्द भूमि चयनित करने हेतु उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया जिससे गोवंशों को समुचित तरीके से संरक्षित किया जा सके।

# अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ ने पाकिस्तान का पुतला दहन

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ द्वारा नगर के भारत माता चौक पर पाकिस्तान का पुतला फूंक कर पाकिस्तान के खिलाफ जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने कहा कि पाकिस्तान के दहशतगर्दों द्वारा लगभग 55 भारतीय पर्यटकों को अंधाधुंध गोलीबारी करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया है घायलों में से अब तक तीस लोगों के मृत होने की खबर आ चुकी है बाकियों की भी हालत गंभीर है। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि घायलों को अतिशीघ्र स्वस्थ करें। प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने सबसे उनका धर्म पूछा ओर उनके परिचय पत्र देखे और हिन्दू होने पर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया आतंकियों ने कुछ लोगों के कपड़े भी उठवाकर धार्मिक पहचान की ओर हिन्दू होने पर मार दिया उक्त घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करता है कि अतिशीघ्र कड़ी कार्रवाई करते हुए उक्त घटना का जवाब उनकी भाषा में देकर आतंकवाद और आतंकवादियों का जड़ से सफाया करें। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उदय प्रताप सिंह वर्मा, महेन्द्र झा, जितेन्द्र पचौरी, भवानी सिंह, कुलदीप पोनियां, राजीव मल्होत्रा, विजय प्रजापति, श्याम शर्मा, संकी राणा, मुकेश उपाध्याय, रविन्द्र कुमार झा, भाषेंद्र सिंह, देवांशू प्रताप सिंह, सुनील गुप्ता, जितेन्द्र पंजवानी, नरेन्द्र चक, संजीव दीक्षित, महेशपाल सिंह, हेमन्तदास महाराज आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, बॉसी सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक : 712/2024-25 दिनॉक : 24 अप्रैल, 2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक-एस0एस0ए0/ निर्माण/1975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के द्वारा विकास खण्ड बांसी के निम्नलिखित विद्यालयों की नीलामी की जानी है-

| क्रम संख्या | नीलामी वाले विद्यालय का नाम | भवन के प्रकार | नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 चेतिया द्वितीय | 01 मूल भवन | 75000 |
| 2 | कम्पो0 विद्यालय बरांव नानकार | 01 मूल भवन | 74000 |
| 3 | कम्पो0 रेहरा | 01 मूल भवन, 05 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 275000 |
| 4 | प्रा0वि0 रुद्रपुर | 02मूल भवन, 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 150000 |
| 5 | कम्पो0 उ0मा0वि0 कन्या नरकटहा | 01 मूल भवन | 121000 |
| 6 | कम्पो0 उ0मा0वि0 तेलौराघाट | 01 मूल भवन | 65000 |
| 7 | प्रा0वि0 गोनहाडीह | 01 मूल भवन, 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 143000 |
| 8 | कम्पो0 विद्यालय अजगरा | 01 मूल भवन | 77000 |
| 9 | प्रा0वि0 बडहरघाट | 01 मूल भवन | 78000 |
| 10 | प्रा0वि0 नेउरी | 01 मूल भवन | 71000 |
| 11 | पू0मा0 वि0 अतरमू नानकार | 01 मूल भवन | 135000 |
| 12 | प्रा0वि0 नवइला | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 20000 |
| 13 | प्रा0वि0 नवइला | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 22000 |
| 14 | प्रा0वि0 पिपरहीया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 17000 |
| 15 | प्रा0वि0 पिपरहीया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 16000 |

उक्त नीलामी दिनांक 28.04.2025 को दिन में 01 बजे ब्लाक संसाधन केन्द्र बॉसी पर होगी, नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत नगद जमा करने के उपरान्त ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था के पक्ष में नीलामी की जायेगी। जिसे 03 दिनों के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करने के उपरान्त 07 दिनों में मलवा हटाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी बी0आर0सी0 बॉसी पर चस्पा है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**बांसी, सिद्धार्थनगर।**

## नाली विवाद में हुआ संघर्ष तीन लोग हुए घायल

**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** नाली विवाद खूनी संघर्ष बन गया।जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के पटेला गांव में नाली को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान मोहम्मद मुजम्मिल, मोहम्मद ग़ालिब और मोहम्मद कसीम पुत्रगण मोहम्मद जमील के रूप में हुई है। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लाई और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

## राज्यपाल को शादी का दिया आमंत्रण

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** तहसील के नंदौली गांव निवासी प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदी बेन पटेल से लखनऊ स्थित राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।इस मुलाकात के दौरान जमील अहमद ने राज्यपाल को अपने पुत्र नूरुलहसन खान की शादी का निमंत्रण पत्र स्वयं भेंट कर समारोह में पधारने का सादर आमंत्रण दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपनी खेती से जुड़े कुछ विशिष्ट और देसी उत्पाद भी भेंट किया।

## रोडवेज एआरएम बोले डिपो की बसों को बाईपास से जाने का नहीं है कोई निर्देश

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर डिपो की बसे बाई पास होकर चली जाती है और अलीगंज बाजार में सवारियां इंतजार करती रहती है यही लखनऊ से आते समय भी बसे अंदर नहीं आती है बाई पास ही सवारियों को उतार देते है। जिससे लोगों को बहुत दिक्कत होती है।राजापुर निवासी रमा शंकर और अजीत मिश्रा ने बताया कि वो लखनऊ से आ रहे थे उनका टिकट अलीगंज का बना था लेकिन उन्हें बाई पास पर उतार दिया गया। चालक और परिचालक द्वारा बताया गया कि बस अंदर नहीं जाती है।रोडवेज एआरएम बी के शुक्ला ने बताया कि बस को बाई पास से आने जाने का कोई निर्देश नहीं है।बस वाले मनमानी करते है अंदर नहीं जाते।

## डा. अम्बेडकर जन्मोत्सव पर निकाली धूमधाम से शोभायात्रा

**टूंडला।** डा. भीमराव अम्बेडकर 134 वें जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर नगर में भव्य अम्बेडकर शोभायात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें करीब दो दर्जन से अधिक झाकियां शामिल रही जो आकर्षक का केन्द्र बिंदू रही। अम्बेडकर शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष टूंडला भंवर सिंह चौधरी ने फीता काटकर किया। शोभायत्रा नगला राधेलाल से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, भारत माता चौक, रामलीला ग्राउंड, थाना कोतवाली, बलदेव रोड, दीपा चौराहा, एनआर रोड होते हुए अहाता शोभाराम से नगला रामकिशन अम्बेडकर पार्क पर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा अम्बेडकर अनुयायियों द्वारा शीतल पेयजल, पूड़ी, सब्जी का वितरण किया गया। इस मौके पर संयोजक सूर्यकान्त, अध्यक्ष सुबोध कुमार, राजेन्द्र प्रधान, राकेश दिवाकर बसपा के प्रभारी अनिल भाटिया, अवदेश राना, सुधांशु मित्रा, नरवेन्द्र बौद्ध, मुन्नालाल, मुकेश कुमार, जीतू जाटव, देवलाल बौद्ध, भाईजी, जितेन्द्र कुमार, रोशनलाल निडर, नरेन्द्र कुमार, अमृतपाल, आशा देवी, नीतू बौद्ध, सुनीता बौद्ध, ऊषा बौद्ध, ओमप्रकाश, श्रीकृष्ण, शिवशंकर, सुभाष बौद्ध, लाखन सिंह वर्मा, सद्दाम, महेन्द्र सिंह आदि के अलावा बड़ी संख्या में अम्बेडकर अनुयायी मौजूद रहे।

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- फूलपुर विकास खण्ड- बांसी जनपद-सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री आपूर्ति-वित्तीयवर्ष2025-26/ दिनाँक-24.04.2025

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत फूलपुर विकास खण्ड- बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवा केन्द्रीय वित्त/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/स्वच्छ भारत मिशन/एकीकृत बाल विकास योजना/ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन/ODF प्लस एवं अन्य सभी योजनाओं से प्राप्त अनुदान निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इण्टर लाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, टायल, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री, हार्डबेयर की सामाग्री, डस्टबीन, आफिस उपयोग हेतु सभी सामाग्री, प्रशासनिक कार्यो मे उपयोग हेतु सभी सामाग्री, ग्राम पंचायत के साफ सफ़ाई से संबंधित सभी सामाग्री एवं ग्राम पंचायत मे उपयोग होने वाली अन्य सभी सामाग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो फर्म त्स्ज्ञ के अन्तर्गत रजिस्टर हो, के द्वारा प्रकाशन के दिनांक से लेकर दिनांक 25-04-2025 तक अपरान्ह 02 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय फूलपुर के निविदा बाक्स/ग्राम पंचायत में ड़ाली जायेगी। निविदा दिनांक 25-04-2025 अपरान्ह 03 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपराचिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0-5000/रूपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्ते :-**

1.जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2.आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3.ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4.सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5.प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7.सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8.प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9.आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10.ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11.सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13.स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवक्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14.धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत फूलपुर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16.निविदा फार्म ग्राम पंचायत फूलपुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17.सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत फूलपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नोट :- निविदा का भुगतान फर्म मे ही किया जाएगा तथा निविदा उपरोक्तानुसार शब्दसह प्रकाशित न होने पर ग्राम पंचायत के द्वारा भुगतान करना सम्भव नही होगा।

**प्रधान - सुनिता**
**ग्राम पंचायत - फूलपुर**
**वि.ख.-बांसी, सिद्धार्थनगर।**

**सचिव - शेषदत्त मिश्र**
**ग्राम पंचायत - फूलपुर**
**वि.ख.-बांसी, सिद्धार्थनगर।**

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-Toi-47-24-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1216/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर**

पत्रांक : 39/न0पं0कपि0सि0 नगर/2025-26 दिनांक : 23.04.2025

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-107/2025/आर0एफ0-559/नौ-9-2025/001-ई-1911236 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 27 मार्च 2025 के क्रम में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना/15वां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 24.04.2025 से दिनांक 09.05.2025 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 09.05.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 24.04.2025 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 24.04.2025 अपरान्ह 01:00 बजे से |
| (C) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 24.04.2025 अपरान्ह 02:00 बजे से |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 09.05.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 09.05.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

# धरने को सफल बनाने के लिए शिक्षक/ शिक्षिकाओं की शत प्रतिशत भागीदारी करायें



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा इटावा की संयुक्त कार्यसमिति की बैठक एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुई।

बैठक में दिनांक 01मई 2025 को बेसिक शिक्षकों की 14 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर होने वाले धरना/प्रदर्शन के संबंध में जिला कार्यसमिति पदाधिकारियों, सभी ब्लॉक अध्यक्ष/मंत्रियों, तहसील प्रमुखों ब्लॉक संघर्ष समितियों के अध्यक्ष /मंत्री को निर्देश दिये गए कि धरने को सफल बनाने के लिए शिक्षक /शिक्षिकाओं की शत प्रतिशत भागीदारी करायें। शिक्षकों की 14 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से 01 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन(ओपीएस)से आच्छादित किया जाए, विशिष्ट बी.टी.सी., 2004 को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया जाए, प्रोन्नति वेतनमान, आकांक्षी जिलों सहित सामान्य अंतर्जनपदीय स्थानांतरण आदि मांगें शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय मंत्री एवम् जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने संबोधित करते हुए जनपद के समस्त शिक्षक एवम् शिक्षिकाओं से जोरदार अपील की कि अपनी 14 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 01 मई 2025 को दोपहर 12 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में धरने को सफल बनाने की हुंकार भारी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला संरक्षक ब्रजेश यादव, जिलामंत्री अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, देवेंद्र सोलंकी, रवि त्रिपाठी, कमलेश कांत, महिला संयोजक जौली शाक्य, शाश्विप्रभा, राधा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, विपिन मिश्रा, गोविंद चौहान, प्रद्युम्न यादव, राकेश यादव, रविंद्र यादव, संजीव यादव, ऑडिटर कौशल तिवारी, संगठन मंत्री के.पी.शाक्य, अमित त्रिपाठी, राज़दा खातून, ब्लॉक मंत्री हरीमोहन राजपूत, मानवेंद्र गोयल, योगेंद्र यादव, अनुपम कौशल, दीपक कनौजिया, सत्य देव सिंह आज़ाद, तहसील प्रमुख अमर यादव, नीरज यादव, ईश्वर नारायण, शिववीर सिंह कुशवाहा, सुनील कश्यप, संघर्ष समिति अध्यक्ष जितेन्द्र कश्यप, विजयपाल, नितिन वर्मा, ऋषभ यादव, आभा पुरवार, आरती सिंह, प्रीती गुप्ता, अनुज यादव, कौशलेंद्र यादव, औसान यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अर्चना कुशवाहा बनी पुनः महिला जिलाअध्यक्ष, नरगिस बनी शहर अध्यक्ष



अवधनामा ब्यूरो

- छः जिला उपाध्यक्ष, तीन जिला महामंत्री सहित बाईस सदस्यीय कमेटी निर्वाचित

**इटावा।** प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इटावा जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान की उपस्थिति में उनके आवास पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला इकाई का जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिला महामंत्री रिषी पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अभय टंडन, प्रदेश महिला मंत्री श्रीमती गुड्डी बाजपेई, संरक्षक सुशीला राजावत की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया, कमेटी में अर्चना कुशवाहा को पुनःजिला महिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया, नरगिस को शहर अध्यक्ष तथा ममता दुबे को लाइन पार अध्यक्ष बनाया गया, जिला महामंत्री पद को जिम्मेदारी रेनू शुक्ला, चित्रा परिहार तथा मंजू लता दुबे को दी गयी, वर्षा दुबे को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया, जिला उपाध्यक्ष पद पर पूजा श्रीवास्तव, अर्चना अग्रवाल, पूजा टंडन, सोनी यादव, वंदना वर्मा तथा वंदना सिंह चयनित हुईं, जिला संगठन मंत्री का पद ज्योती पालीवाल को दिया गया, तनु वर्मा, चंचल तिवारी, लक्ष्मी नारायण को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया। सीता मिश्रा को बढ़पुरा ब्लाक कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया, सदस्य जिला कार्यकारिणी सुशीला तिवारी, सुमन त्रिपाठी, संगीता तथा मीना कुशवाहा को बनाया गया। मीटिंग के अंत में सभी पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख कर पहलगांव कश्मीर में आतंकवादी हमले मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिया समाज ने आतंकी हमले की निंदा कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** शिया समाज ने पहलगांव कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए बेकसूर पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे देश के लिये दुखद घटना बताया और आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा पंजतनी जामा मस्जिद इटावा, राहत अक़ील, अली मेंहदी, शावेज़ नक़वी, मोहम्मद मियां, मोहम्मद अब्बास ने कहा पहलगांव कश्मीर में बेकसूर पर्यटकों को आतंकियों द्वारा हमला करके मौत के घाट उतारा यह कायराना हमला है। इस हमले में पर्यटकों को बचाने में एक शिया व्यक्ति भी आतंकी हमले में शहीद हो गया। शिया समाज इस आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र सरकार से मांग करता है कि देश में आतंकवादी लगातार हमले कर निर्दोष लोगों का खून बहा रहे हैं ऐसे आतंकियों को सरकार मुंह तोड़ जवाब देकर देश से आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर उनका नामोनिशान मिटा दे ताकि देश के लोग बेख़ौफ़ होकर अपना जीवन यापन कर सकें। शिया समाज ने आतंकी हमले में मारे गए बेकसूर पर्यटकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

# रिश्वत के खेल में उजागर हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा

- आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर घोटाले का खुलासा हुआ है। भर्ती के नाम पर लाखों रुपये की रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह पर रिश्वत लेने का इल्ज़ाम लगा है। इस घोटाले ने जिले में हड़कंप मचा दिया है।सूत्रों के अनुसार, चयनित महिलाओं की जगह पैसे लेकर अन्य महिलाओं को भर्ती किया गया। आरोप है कि एक संस्था के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारी रिश्वत वसूल रहे थे। आवेदिकाओं ने दावा किया है कि कुछ से 1.50 लाख तो कुछ से 1.70 लाख रुपये की मांग की गई। यह मामला तब उजागर हुआ, जब शिकायतकर्ताओं ने भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायत की।आवेदिकाओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद, जिम्मेदार अधिकारी नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस घोटाले ने हुकूमत के आदेशों की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# समूह की महिलाओं का विकेंद्रित सौर ऊर्जा आधारित खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका अंतर्गत विकेंद्रित सौर ऊर्जा आधारित खाद्य प्रसंस्करण पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुई। आईएएस दीपा रंजन, मिशन निदेशक आजीविका मिशन के के निर्देशन में स्वच्छ ऊर्जा एवं सतत आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, उन्नाव जिले के विकास खंड पुरवा में में डीआरई आधारित फूड प्रोसेसिंग मशीनों के संचालन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समूह की महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अपनी तकनीकी दक्षता को और बढ़ाया। यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पीसीआई इंडिया द्वारा प्रेरणा ओजस के सहयोग से संचालित किया गया। पीसीआई इंडिया के एसोसिएट निदेशक आदिल अब्बास ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान समूह की महिलाओं को डीआरई एक्सपर्ट आशीष यादव द्वारा ऊर्जा दक्ष फूड प्रोसेसिंग मशीनों की संरचना, संचालन विधियों और ऊर्जा दक्षता के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें आम का जूस,केला जूस,संतरा का जूस, जैम, अर्क, नींबू का जूस, अर्क एवं चटनी, पपीते का जैम, टमाटर सॉस, जूस, चटनी व प्यूरी और आंवला आधारित उत्पाद जैसे जूस, लड्डू, मसाला मिक्स सहित विभिन्न मूल्य संवर्धित खाद्य उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया भी सिखाई गई।

# खनन उद्योग से राजस्व की वसूली में जनपद सोनभद्र अग्रणी

- खनन उद्योग से जनपद सोनभद्र में 370.33 करोड़ राजस्व हुआ जमा
- खनन उद्योग से पिछले वर्ष की तुलना में 10.47 करोड़ अधिक राजस्व की हुई वसूली



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में खनिज विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्य खनिज के मद में 370.33 करोड़ राजस्व जमा कराया गया है, जो गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य खनिज के मद में जमा कराये गये कुल राजस्व 336.73 करोड़ से 33.06 करोड़ अधिक है तथा मुख्य खनिज कोयला के मद में 582.98 करोड़ जमा कराया गया है। इस प्रकार कुल रू0 953.31 करोड़ का राजस्व जमा कराया गया है, जो गत वित्तीय वर्ष में कुल प्राप्त राजस्व 942.84 करोड़ से 10.47 करोड़ अधिक है, जनपद सोनभद्र राजस्व प्राप्त करने में प्रदेश में अग्रणी रहा है, जिसके सम्बन्ध में सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा वर्चुअल माध्यम से आज आयोजित बैठक में जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह के नेतृत्व में राजस्व वसूली में प्रशासन द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। जनपद सोनभद्र में अवैध खनन/अवैध परिवहन/अवैध भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए 36.27 करोड़ शास्ति के रूप में वसूल की गयी है साथ ही 117 प्रकरणों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्यवाही की गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने मृतक के पुत्र को सौंपा नियुक्ति पत्र, कनिष्ठ सहायक पद पर मिली नौकरी




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मृतक आश्रित कोटे के तहत प्रभात कुमार, पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र, को कलेक्ट्रेट में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्व. प्रकाश चन्द्र हमीरपुर सदर तहसील में नजारत चपरासी के पद पर कार्यरत थे, जिनका बीमारी के कारण निधन हो गया था। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रभात कुमार को उनकी योग्यता के आधार पर यह नियुक्ति दी। उन्होंने प्रभात को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कार्यों को जिम्मेदारी से निभाने की सलाह दी। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मृतक कर्मचारी के परिवार को पेंशन, ग्रेच्युटी जैसे सभी सेवा संबंधी लाभ समयबद्ध रूप से प्रदान किए जाएं।

### 54 युवा आपदा मित्र बनने लखनऊ रवाना



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले ने आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आपदा मित्र योजना के तहत चयनित 54 युवा स्वयंसेवकों का दल आज विशेष प्रशिक्षण के लिए लखनऊ स्थित राज्य आपदा मोचक बल के ट्रेनिंग सेंटर रवाना हुआ। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बस को हरी झंडी दिखाकर युवाओं को उत्साह के साथ विदा किया। जिलाधिकारी ने कहा, यह प्रशिक्षण आपदा के समय त्वरित सहायता और समाज सेवा का अनूठा अवसर प्रदान करेगा। ये युवा आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण 25 अप्रैल से 6 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें बचाव, राहत, प्राथमिक उपचार और फर्स्ट रिस्पॉन्डर टेक्निक्स जैसे व्यावहारिक कौशल सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण पूरा होने पर स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, आपदा मित्र बचाव किट और बीमा सुविधा दी जाएगी।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय भी मौजूद रहे। यह पहल न केवल आपदा प्रबंधन को सशक्त करेगी, बल्कि युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित भी करेगी।

### जिला कारागार हमीरपुर का निरीक्षण



**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार, कीर्ति माला सिंह, प्रभारी अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर ने आज जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर के.पी. चंदेला, डिप्टी जेलर देवेंद्र कुमार दुबे, और चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद कुमार सक्सेना उपस्थित रहे।निरीक्षण के क्रम में महिला बैरक और बच्चा बैरक का भी दौरा किया गया, जहां बंदियों की समस्याओं को सुना गया और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। जेल अस्पताल का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध दवाओं और उपचार की जानकारी ली गई।प्रभारी सचिव ने बंदियों को सूचित किया कि जिनके पास वकील नहीं है, वे जेल अधीक्षक के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर सकते हैं। कीर्ति माला सिंह ने बताया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेगा ताकि बंदियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### एसपी ने किया कांस्टेबल भर्ती मेडिकल और सत्यापन केंद्र का निरीक्षण



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक (एसपी), हमीरपुर ने पुलिस लाइन्स में कांस्टेबल सिटीजन पुलिस डायरेक्ट भर्ती 2023 के तहत चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण और चरित्र सत्यापन केंद्र का गहन निरीक्षण किया। एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और पूर्ण निष्पक्षता के साथ संचालित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।मेडिकल बोर्ड के सभी सदस्यों और अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए, एसपी ने पुलिस की भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ संपन्न करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ता सभा ने दिया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव योगेश यादव राजू एड. मनोज शाक्य के संयोजन में अपनी अधिवक्ताओं की टीम के साथ महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से जम्मू कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए तथा हमले में घायल हुए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए केंद्र सरकार से अविलंब दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू सपा जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, सपा जिला प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, एड.महामंत्री देवेंद्र पाल, एड.अभिनव यादव एडवोकेट सुबोध यादव, एडवोकेट प्रवीण कठेरिया, एडवोकेट मोहसिन अली, एडवोकेट शैलेंद्र यादव, एडवोकेट भुवनेश यादव, एडवोकेट अमित भदौरिया, एडवोकेट बॉबी पाल, एडवोकेट सुभाष चंद्र, एडवोकेट जगबीर सिंह यादव, एडवोकेट अनिल वर्मा, एडवोकेट शिवकांत यादव, एड. राजेश प्रजापति, एडवोकेट सत्यदेव तिवारी, एडवोकेट अनिल कुमार, एडवोकेट रमाकांत माथुर, एडवोकेट विमल किशोर शाक्य, एडवोकेट सुशील कुमार चौधरी, एडवोकेट भारत सिंह भदोरिया, एडवोकेट राजीव कुमार सिंह आदि रहे।

# दबंग ने बंदूक के बल पर युवक की बेरहमी से पिटाई की, वीडियो वायरल

**मौदहा हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के हुसैनिया इलाके में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां पुराने विवाद को लेकर एक दबंग ने बंदूक के बल पर एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है।जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक और आरोपी के बीच पहले से कोई पुराना विवाद चल रहा था। गुरुवार को दबंग ने बंदूक दिखाकर युवक को धमकाया और उसकी जमकर पिटाई की। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर युवक को दबंग के चंगुल से छुड़ाया। पीड़ित को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।घटना की सूचना मिलते ही मौदहा कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल करवाया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की।

# जिलाधिकारी कार्यालय के सामने गंदगी का आलम

अवधनामा संवाददाता

- खाद्य विभाग की लापरवाही से बढ़ा बीमारी का खतरा

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला मुख्यालय पर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पटरी दुकानदारों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी और अस्वच्छ परिस्थितियों में भोजन तैयार करने की शिकायतों ने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा है। खाद्य विभाग की कथित लापरवाही के कारण स्वच्छता मानकों का पालन नहीं हो रहा, जिससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार, डीएम कार्यालय के आसपास की सड़कों पर दुकानदार खुले में भोजन तैयार करते हैं और गंदगी को यूं ही छोड़ देते हैं। नालियों में जमा कचरा और अस्वच्छ परिस्थितियां न केवल बदबू का कारण बन रही हैं, बल्कि मच्छरों और अन्य कीटों के प्रजनन को भी बढ़ावा दे रही हैं। कई लोगों ने शिकायत की कि इन दुकानों पर बिकने वाला भोजन बिना मानक के तैयार किया जा रहा है, जिससे खाद्य जनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है।नागरिकों ने खाद्य विभाग और नगर पालिका से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एक स्थानीय निवासी ने बताया, +डीएम कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण जगह पर इस तरह की लापरवाही शर्मनाक है। खाद्य विभाग को नियमित जांच करनी चाहिए, लेकिन उनकी उदासीनता के कारण स्थिति बिगड़ रही है। जिला प्रशासन ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। खाद्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जल्द ही दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा और स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, नगर पालिका को क्षेत्र की सफाई के लिए निर्देश दिए गए हैं। यह मुद्दा न केवल स्वच्छता से जुड़ा है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन रहा है। स्थानीय लोग प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील कर रहे हैं।

# कैंडल जलाकर 2 मिनट का शोक रखकर श्रद्धांजलि दी



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज नगर के स्वर्ण जयंती चौक पर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कैंडल जलाकर 2 मिनट का शोक रखकर श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा जी भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सोनभद्र के महामंत्री रजनीश रघुवंशी उत्कर्ष पांडे जिला मंत्री अतुल पांडे शिवम सिंह विनीत त्रिपाठी आलोक रावत राजा पांडे प्रिंस पांडे बृजेश त्रिपाठी अखिल पटेल आनंद पांडे आशीष कुशवाहा प्रतीक वर्मा आशीष पाठक विकास मिश्रा अनुपम तिवारी अमन वर्मा धीरेंद्र पांडे संतोष भारती अजय पांडे बंटी अर्पित मिश्रा गणपत सिंह गणपत सिंह आकाश सोनकर आकाश सोनकर आलोक सिंह चंदेल प्रिंस सिंह उपस्थित रहे।

# ऊर्जांचल ट्रक आनर्स एसोसियेशन ने किराया बढाने की मांग को लेकर भेजा पत्र

**सोनभद्र/अनपरा।** ऊर्जांचल ट्रक आनर्स ऐसोसियेशन ने एनसीएल की कोयला खदानो से विभिन्न कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजनाओ, मण्डी, साईडिंग तक कोयला अभिवहन करने वाले मालवाहकों के पुर्व मे कई दिनो के आन्दोलन के पश्चात प्रशासन की मध्यस्थता मे युनियन तथा ट्रांसपोर्टरो के मध्य निर्धारित किराया से कम किराया दिये जाने पर जिलाधिकारी- सोनभद्र, पुलिस अधीक्षक -सोनभद्र को पत्र भेजकर आन्दोलन की चेतावनी दी है तथा कहा है कि तीन दिवस के अन्दर यदि पुर्व मे निर्धारित किराया दिया जाना शुरु नही किया गया तो युनियन की अगुवाई मे समस्त मोटर मालिक कोयला अभिवहन नही करते हुये अपने वाहन स्वेच्छा से खडे कर देंगे तथा इस दरम्यान प्रभावित होने वाले कोयला अभिवहन के कार्य तथा किसी भी प्रकार की भंग होने वाली औद्योगिक शान्ति की जिम्मेवारी कोयला खदान परियोजना, कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजनाओ तथा सम्बन्धित ट्रांसपोर्टरो की होगी।

# एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा संवाद सत्र का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब समिति द्वारा एक शानदार संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने की। उनके साथ संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), देवब्रत त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएं) और राकेश अरोड़ा,मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी उपस्थित रहे।

बैठक में क्लब समिति ने बीते वर्ष की उपलब्धियाँ साझा की और आने वाले साल के लिए कई नए और रोचक कार्यक्रमों की योजना भी प्रस्तुत की। इस दौरान समिति के सदस्यों का सम्मान भी किया गया, जिन्होंने टाउनशिप में रहने वाले परिवारों के लिए सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के माध्यम से एक जीवंत माहौल तैयार किया।

इस साल विंध्य क्लब कई नई पहलें लेकर आया है, जैसे बच्चों के लिए कहानी सत्र, किताबों की चर्चा के लिए बुक क्लब, आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप, स्केचिंग क्लासेस, साथ ही बैडमिंटन, नृत्य, मार्शल आर्ट और एरोबिक्स की ट्रेनिंग। क्लब अब केवल मनोरंजन का नहीं, बल्कि सीखने और जुड़ने का भी एक शानदार मंच बन गया है।

इस कार्यक्रम में मृणालिनी,अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विकास कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक (टीएडी), कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन), प्रणव डोगरा (वरिष्ठ प्रबन्धक, टीएडी) सहित कई विभागों के अधिकारी और सदस्य शामिल हुए। सभी ने क्लब की नई ऊर्जा और टाउनशिप जीवन में उसके योगदान की खुलकर सराहना की।

# एक्सीडेंट हुए घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता



**करमा/सोनभद्र।** करमा थाना अंतर्गत परिया निवासी मुबारक अली पुत्र जज्ब्बाद अली जो आमडीह निवासी ब्रह्मानंद मौर्य के यहां 2 सालों से हार्वेस्टर ड्राइवरी का काम करते थे जो 21/4 /2025 दिन सोमवार को हार्वेस्टर का कुछ सामान लेने के लिए, आशुतोष कुमार पुत्र ब्रह्मानंद के साथ बाइक से राबर्ट्सगंज सुबह 7:00 बजे निकले थे जैसे ही मधुपुर पुरानी सब्जी मंडी के पास पहुंचे की पीछे से आ रही तेज रफ्तार मारुति कार एस क्रॉस स्वप्नाहाहा क्र.60.र 4849 पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मुबारक अली पुत्र जज्ब्बाद अली और आशुतोष कुमार पुत्र ब्रह्मानंद बुरी तरह से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए,जिला अस्पताल ले जाया गया हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया जहां मुबारक अली का इलाज के दौरान 23/4/2025दिन बुधवार को दोपहर 1:00बजे मृत्यु हो गई बताते चलें की मुबारक अली निहायत थी एक निर्धन परिवार से बिलॉन्ग करते हैं जिनके तीन छोटे-छोटे बच्चे पत्नी और माता-पिता जो पिता हमेशा बीमार रहते हैं यही उनके लिए सहारा थे उनके पालन पोषण का पूरा बोझ मुबारक अली के कांधों पर था अब कैसे इनका परिवार चलेगा लोग उसको लेकर के काफी चिंतित नजर आ रहे हैं अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और किस तरह से उनके परिवार का सहयोग करता है

# जब तक सूरज चांद रहेगा, शुभम तेरा नाम रहेगा...

- कानपुर के ड्योढ़ी घाट में हुआ अंतिम संस्कार
- सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि, बोले- ताबूत में ये आखिरी कील

अवधनामा ब्यूरो



**कानपुर/लखनऊ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में कानपुर के रहने वाले शुभम द्विवेदी की मौत हो गई थी। बुधवार रात उनका शव कार से उनके पैतृक आवास महाराजपुर लाया गया। महाराजपुर के हाथीपुर गांव स्थित उनके आवास में गुरुवार सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सीएम योगी ने मृतक को श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिवार के लोगों को ढांढस भी बधाया। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा ड्योढ़ी घाट के लिए निकली। शुभम का ड्योढ़ी घाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार से किया गया। शव यात्रा उठते ही पत्नी एशान्या, मां समेत परिवारीजन चीख पड़े। हाय मेरा लला...कहकर मां बदहवास हो गई। वहीं, पत्नी एशान्या ने पति शुभम की शर्ट पहनी और शव से लिपटकर कर रोने लगी। शव यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों को हुजूम उमड़ा। शुभम यादव अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, दीपक तेरा नाम रहेगा, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगते रहे। वहीं, शुभम की पत्नी एशान्या ने सीएम योगी से कहा कि- मेरे पति की मेरे सामने ही आंतकियों ने हत्या की गई। रो-रोकर वह कहने लगी कि हमें कड़ा बदला चाहिए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह हमला ताबूत पर आखिरी कील होगा।

बता दें कि, शुभम के शव को फ्लाइट से लखनऊ लाया गया। जहां उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अमौसी एयरपोर्ट पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शुभम के पिता संजय ब्रजेश पाठक से गले लगकर बिलख पड़े। लखनऊ एयरपोर्ट से उनका शव ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गांव हाथीपुर लाया गया। गुरुवार को अंतिम संस्कार के पहले सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राकेश सचान, देवेंद्र सिंह भोले, प्रतिभा शुक्ला के साथ तमाम नेता, व्यापारी के साथ लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## सूदखोर की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने घर में लगाया फंदा

**लखनऊ।** पारा के डिप्टी खेड़ा में सूदखोर की प्रताड़ना से तंग आकर गुरुवार दोपहर महिला ने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जान देने से पहले महिला सुसाइड नोट लिखने के बाद बेटे को फोन कर अपना ख्याल रखने की बात कही। अनहोनी की आशंका पर मामा के साथ घर पहुंचे बेटे ने दरवाजा तोड़कर फंदे पर लटकी मां की जान बचा ली। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी खेड़ा स्थित कुंदन विहार निवासी हर्षित अस्थाना ने बताया कि परिवार में किसान पिता राजेश और मां मधु अस्थाना हैं। करीब 22 माह पहले पिता के इलाज के लिए मां ने ओम प्रकाश तिवारी, प्रसून तिवारी, वीरेंद्र रावत और सुनील सिंह से मकान का एग्रीमेंट कर 2.50 लाख रुपये दस प्रतिशत ब्याज पर लिया था। जिसके बदले में 23 हजार प्रति माह की किश्त दे रहे थे। आरोप है कि मूलधन से दो गुना ब्याज देने के बाद भी आरोपी मूलधन देने का दबाव बना रहे थे। पिछले कई महीनों से सूदखोर आए दिन घर में घुसकर गाली-गलौज और अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

**पहलगाम आतंकी हमला: सड़क पर उतरे डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी, कहा-**

# आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में हम सरकार के साथ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से देशभर के नागरिक दुखी और नाराज हैं। आतंक के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग सड़कों पर उतरकर पीड़ितों को न्याय दिलाने और आतंक के खात्मे की मांग कर रहे हैं।

पहलगाम में आतंकियों की कायराना हरकत से कई पर्यटकों की जान चली गई, जिससे आम लोगों में दुख और गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। उसी दुख और गुस्से को जाहिर करने के लिए राजधानी लखनऊ में भी पैदल मार्च और प्रदर्शन का दौर जारी है।

गुरुवार को केजीएमयू टीचर एसोसिएशन के समर्थन में नर्सेस एसोसिएशन और कर्मचारी संगठन भी उतर आए और सड़क पर उतरकर पीड़ितों को न्याय दिलाने और आतंक के खात्मे की मांग की।

दरअसल, कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा की गई आम लोगों की नृशंस हत्या के विरोध में केजीएमयू टीचर एसोसिएशन ने




आज शांति मार्च निकाला। जिसमें केजीएमयू नर्सेस एसोसिएशन और कर्मचारी संघ के सैकड़ों लोगों ने भी हिस्सा लिया। यह शांति मार्च केजीएमयू स्थित कुलपति कार्यालय से लेकर शहीद स्मारक तक निकाला गया। जिसमें करीब 1 हजार लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी शामिल हुए।

इस शांति मार्च का नेतृत्व स्वयं कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने किया। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा है कि इस आतंकवादी हमले में निर्दोष भारतीयों की मौत पर पूरा केजीएमयू परिवार शोक व्यक्त करता है, दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी संवेदना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में हम प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार और पूरे देश के साथ खड़े हैं। वहीं प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने कहा है कि मानवता के हत्यारों की सोच के अनुसार ऐसे जघन्य कृत्य हमें हिंदू और मुसलमान में नहीं बांट सकते। हम सब गंगा जमुनी तहजीब के हिस्से के रूप में एकजुट हैं।

केजीएमयू नर्सेस एसोसिएशन की तरफ से कहा गया है कि आतंकवादियों द्वारा की गई कायराना हरकत की भर्त्सना और निंदा करते हैं, संरक्षक प्रदीप गंगवार ने कहा कि हम सभी सरकार के साथ हैं, सरकार इस मामले में सख्त कदम उठाए, यही हमारी मांग है।

## छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ रूपये स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु किया जायेगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 50/-रूपये प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित/बेसहारा गोवंश के निराकरण के लिये उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है, जिसके तहत संरक्षित छुट्टा गोवंश की देखभाल का निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

## अंबर फाउंडेशन ने शहीदों और पीड़ितों की याद में की शोक सभा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पहलगाम, कश्मीर में हुए भीषण आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले शहीदों और पीड़ितों की याद में आज अंबर फाउंडेशन की ओर से संस्था के मुख्य कार्यालय, नबीउल्लाह रोड, लखनऊ में एक भावपूर्ण शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने की और संचालन का दायित्व अली आगा ने निभाया। कश्मीर जो अभी-अभी अपने पैरों पर खड़ा हो रहा था, उसे फिर से गिराने की साज़िश क्यों? आतंकवाद का हर रूप अमन और तरक्क़ी का दुश्मन है। हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि इस नृशंस हमले के खिलाफ सख्त से सख़्त कार्रवाई की जाए। आज जो परिवार उजड़ गए, वे हमारे ही परिवार हैं। हम उतनी ही तकलीफ़ में हैं जैसे कोई अपना चला गया हो। हमारी अर्थव्यवस्था में पर्यटन की अहम भूमिका है, और इसे आतंक की साजिश से नहीं दबने देंगे। सभा को जनाब डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा आज का यह आयोजन न सिर्फ़ एक श्रद्धांजलि है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी सोच और भावना का प्रतीक है। हमें एकजुट होकर इंसानियत के पक्ष में आवाज़ बुलंद करनी होगी। सभा में ऐनुद्दीन, पुष्प राज शुक्ल, शाज़िया हसन, नूरुद्दीन भाई सहित अंबर फाउंडेशन के सभी समर्पित स्वयंसेवकों और मीडिया प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनकी सहभागिता ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हुई लखनऊ की जनता




- कैंडल मार्च निकालकर किया आतंकवाद का विरोध
- शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को दी गई श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के समर्थन में लखनऊ में कैंडल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन का आयोजन हुआ। लखनऊ के ऐतिहासिक घंटाघर से शुरू होकर रूमी गेट तक एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह मार्च हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने एवं उनके परिजनों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें हर धर्म, जाति, वर्ग और समुदाय से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह देश को एक स्पष्ट संदेश था कि भारत की जनता आतंकवाद और नफरत के खिलाफ एकजुट है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निम्नलिखित माँगें रखी गईं। जिसमें आतंकी हमले के दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सबसे कठोर सजा दी जाए। प्रत्येक शहीद के परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। प्रत्येक शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। घायलों को उच्चतम स्तर की मुफ्त चिकित्सा सुविधा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। देश की सुरक्षा एजेंसियों को आधुनिक तकनीक और मजबूत खुफिया तंत्र से सुसज्जित किया जाए। यह प्रदर्शन केवल शोक प्रकट करने का माध्यम नहीं था,बल्कि यह दर्शाने का प्रयास था कि देश का प्रत्येक नागरिक आतंकवाद के विरुद्ध एक साथ खड़ा है। एक भारत, सुरक्षित भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट राष्ट्र कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में अब्बास हैदर, अरशद आजमी, मौलाना मुश्ताक, मौलाना सूफियान, मौलाना कल्बे सिब्तेन नूरी, मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना फजल मनन, डॉ. रूपरेखा वर्मा, फरीदुल हसन, अमीर हैदर, आफताब अहमद, सैयद शुएब, ताहिरा हसन, रुबिना मुर्तजा, मेराज हैदर, मसूद अब्दुल्ला, प्रदीप कपूर, अजीज सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, जुबैर अहमद, परवेज अख्तर, जमील मालिक, सैयद गुलाम हुसैन, शबाब नूर, अलिफ खान पठान, नूर आलम, डॉ रुबीराज सिन्हा, मो अली साहिल, हसन काजमी, सिराज राइन, नौशाद बिलग्रामी आदि थे।

## पहलगाम मे मासूमों का क़त्लेआम पूरी इंसानियत का कत्ल है : मौलाना यासूब अब्बास



**लखनऊ।** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव शिया धर्म गुरू मौलाना यासूब अब्बास ने पहलगाम में हुए दहशतगर्दाना हमले को लेकर एक बयान जारी करते हुए कहा कि यह एक बुज़दिलाना और कायराना हमला है। मैं इसकी पुरज़ोर मज़म्मत (विरोध) करता हूं। कोई भी मज़हब किसी इंसान पर बेगुनाह जुल्म करने या उसे मारने की इजाज़त नहीं देता। हमारा देश कई बार आतंकवाद का निशाना बन चुका है। जिसमें हज़ारों की संख्या में मासूम बच्चों, औरतों और मर्दो को अपनी जान गंवाना पड़ी। मौलाना ने कहा कि भारत को ऐसे हमले करके डराया नहीं जा सकता, मगर इससे ज़ालिम के चेहरों से नक़ाब ज़रूर उतर जाती है, जो मज़हब का लिबास पहनकर बेगुनाह मासूमों का क़त्लेआम कर रहे हैं। मौलाना ने कहा कि आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए ख़तरा है। भारत के साथ हर देश को आगे आकर दुनिया में फैली दहशतगर्दी के ख़िलाफ़एक बड़ा कदम उठाना होगा। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि पहलगाम में हुए इस नरसंहार से पूरे देश में एक ग़म और गुस्से की लहर दौड़ गयी है। मैं इस आतंकवादी हमले में अपनी जान गवाने वालों के परिवारों की ख़िदमत में ताज़ियत (शोक) व्यक्त करता हूँ और इस हमले में घायल हुए लोगों के लिए जल्द स्वस्थ्य होने की दुआ करता हूँ। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि मैं भारत सरकार से यह मांग करता हूं कि इस हमले को अंजाम देने वाले दहशतगर्दों तथा भारत के ख़िलाफ़ इस साज़िश में शामिल सभी लोगों के ख़िलाफ़ कठोर से कठोर कार्यवाही कर हमारे देश में शहीद हुए नागरिकों को इंसाफदिलायें और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दें।

### पहलगाम में आतंकवादी हमले के खिलाफ जुमे की नमाज़ के बाद आसिफी मस्जिद में होगा विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद की ओर से मौलाना कल्बे जवाद नक़वी के नेतृत्व में जुमे की नमाज़ के बाद आसिफी मस्जिद में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। यह विरोध प्रदर्शन जुमे की नमाज़ के बाद ठीक दोपहर 1:30 बजे होगा, जिसमे आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी।

# दरोगा और पटरी दुकानदारों में विवाद

- आक्रोशित दुकानदारों ने की कार्रवाई की मांग

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** साप्ताहिक बाजार के चलते साउथ सिटी अंडर पास के पास लगे जाम को खुलवाने के दौरान आशियाना थाने के दरोगा लक्ष्मण अग्रवाल का पटरी दुकानदार मनीष गुप्ता व अन्य से विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों मे जमकर धक्का मुक्की हुई। दुकानदारों ने दरोगा पर डंडे से पीटने और दुकानों का सामान फेंकने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। दुकानदारों ने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। हंगामे की सूचना पर इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों को समझाकर शांत कराया और दरोगा के खिलाफ जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद दुकानदारों ने हंगामा बंद किया। पटरी दुकानदार मनीष गुप्ता ने बताया कि रविवार और बुधवार को साप्ताहिक बाजार लगती है। बुधवार रात दरोगा लक्ष्मण अग्रवाल बुलेट से पहुंचे और दुकानदारों से गाली-गलौज की। विरोध पर डंडों से पीटना शुरू कर दिया। कई दुकानों का सामान फेंकते हुए जेल भेजने की धमकी दी। महिला दुकानदारों के विरोध पर दरोगा ने अभद्रता शुरु कर दी। इसपर पटरी दुकानदारों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। बवाल की सूचना पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ललित सक्सेना व्यापारियों के साथ पहुंचे। दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। जिलाध्यक्ष ने 24 घंटे के अंदर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन की बात कही। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि अंडर पास के पास जाम लगा था। जाम की सूचना पर दरोगा मौके पर गए थे। वहां विवाद हो गया। दुकानदारों के आरोपों की जांच की जा रही है।

### पुलकित खरे ने पदभार संभाला

**लखनऊ।** पुलकित खरे ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के नवनियुक्त मिशन निदेशक के पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार को लखनऊ स्थित मिशन मुख्यालय में आयोजित परिचय सत्र में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यालय स्थित विभिन्न प्रकोष्ठों का निरीक्षण भी किया तथा मिशन की कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। परिचय सत्र में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह सहित मिशन से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पुराने लखनऊ में भीषण आग

- आग ने मजदूरों को किया बेघर

आलम रिज़्वी



**लखनऊ।** पुराने लखनऊ स्थित एलडीए कॉलोनी के पास शीतला देवी वार्ड में झुग्गी झोपड़ियों में भीषण आग लग गई इस आग ने कई घर चपेट में ले लिए। थाना साहतगंज के पीछे गुरुवार लगभग 3 बजे झुग्गी झोपड़ियां में आग लग गई इस आग लगने का सही कारण स्पष्ट नहीं हो पाया वहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की शुरुआत कूड़े के ढेर से हुई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कई घरों को चपेट में ले लिया मौके पर स्थानीय लोगों ने जुट कर आग बुझाने की कोशिश की वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़िया भी कुछ ही समय बाद मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया गया। इस आग में मजदूरों का सभी सामान जल गया साथ में उनके पास रखा हुआ कैश भी जल गया। इस आग लगने की वजह से सभी मजदूरों का आसरा उनके घर जलकर खाक हो गये फिलहाल उनके पास सर पर कोई छत नहीं है। मौके पर तकरीबन आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौजूद रही और फोर्स भी मौजूद रही इस आग पर काबू पा लिया गया है जनहानि का किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

# मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति को मिली मंजूरी

- परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य (स्वतंत्र प्रभार)दयाशंकर सिंह की पहल पर उत्तर प्रदेश लंबे समय से परिवहन निगम में मृतक आश्रित कोटे के तहत होने वाली भर्तियों को आज मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के इस फैसले से 1165 मृतक आश्रितों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि 2016 में मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति हुई थी, परंतु 2020 में कोरोना जैसी महामारी के आ जाने से मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति नहीं हो पाई थी। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम जैसे ही लाभ की स्थिति में आया वैसे ही विभागीय प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए नियुक्ति के लिए शासन को पत्र भेजा गया। परिवहन मंत्री ने बताया कि मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति होने से परिवहन निगम में कर्मियों की कमी पूरी होगी। जनशक्ति में वृद्धि होगी,जिसका सीधा लाभ परिवहन निगम की आय पर पड़ेगा। परिवहन निगम की बसों की संचालन बेहतर होने से प्रदेश के लोगों को भी बेहतर परिवहन सुविधाएं मुहैया होंगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही मृतक आश्रित कोटे के तहत उनके आश्रितों को नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी।

# नवागत सूचना निदेशक ने किया, सूचना निदेशालय का निरीक्षण

- प्रत्येक प्रभागों में जाकर प्रभागों की कार्यप्रणाली का लिया जायजा
- कार्मिकों को समर्पणभाव से दायित्व निर्वहन के दिये निर्देश
- सोशल मीडिया प्लेटफार्मस का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाये: सूचना निदेशक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नवागत सूचना निदेशक विशाल सिंह ने आज सूचना निदेशालय का निरीक्षण किया। प्रत्येक प्रभागों में जाकर प्रभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा कार्मिकों से समर्पण-भाव से दायित्व निर्वहन के निर्देश दिये। निदेशक सूचना सिंह आज प्रातः 9:30 बजे सूचना निदेशालय पहुँचे। निदेशालय पहुँचकर उन्होने निदेशालय के समस्त तलों पर स्थित विभिन्न प्रभागों एवं अधिकारियों के कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभागीय प्रभारी अधिकारियों से उनके दायित्वों एवं उनकी कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त किया। कार्मिकों द्वारा दी गई कार्यप्रणाली की जानकारी से नवागत निदेशक संतुष्ट नजर आये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक एवं समर्पणभाव से करते रहने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सूचना विभाग की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत रखते हुए शासन की योजनाओं, उपलब्धियों एवं नीतियों के प्रचार-प्रसार में नवीन तकनीकों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मस का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाये। साथ ही आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी जोर दिया।नवागत निदेशक ने निदेशालय के पंचम तल पर स्थित अधिकारियों के कक्षों, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय एवं प्रथम तल स्थित प्रभागों सहित सभागार का बारीकी से निरीक्षण किया। क्षेत्र प्रचार प्रभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा की जनपदीय कार्यलयों को और भी अधिक सक्रिय किया जाये तथा जनपदों की खबरों पर भी विशेष नजर रखी जाये। प्रशासन प्रभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिये। इसी प्रकार विज्ञापन प्रभाग, प्रकाशन, निरीक्षा, गीत एवं नाट्य, सूचना का अधिकार प्रकोष्ट, सन्दर्भ शाखा, टी0वी0 शाखा, लेखा प्रभाग, सूचना ब्यूरो, फोटो शाखा, संपादकीय कक्ष, प्रेस, व्यवस्था, वेव मीडिया/डिजिटल मीडिया निकासी सहित अन्य समस्त प्रभागों में जाकर निरीक्षण किया तथा कार्मिकों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक जितेन्द्र प्रताप सिंह, सतीश भारती, संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रो हाउस बनाने का झांसा देकर दंपति ने ऐंठे 7 लाख

अवधनामा ब्यूरो

**धोखाधड़ी का खेल**

**लखनऊ।** चिनहट के शाहपुर में रो हाउस बनाने का झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलर ने सचिवालय कॉलोनी के रहने वाले राजेश कुमार पांडेय से 7 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने 16 माह में निर्माण कार्य पूरा होने की बात कहकर नकद और पत्नी के खाते में रुपये लिए। तय समय बाद आधा अधूरा काम देख पीड़ित ने संपर्क किया तो टालमटोल की। रुपये वापस मांगने पर एक चेक दिया, जो बाउंस हो गया। शिकायत पर भाई ने धमकाया। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर के निर्देश पर चिनहट पुलिस ने दंपति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बादशाहनगर स्थित राजकीय सचिवालय कॉलोनी निवासी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मोहल्ले में रमेश गोस्वामी के घर पर श्रावस्ती निवासी कुंज विहारी शुक्ल और उनकी पत्नी शशि अंजनी का आना जाना था। दंपति चिनहट के मटियारी में किराए पर रहकर प्रॉपर्टी का काम करते थे। पीड़ित ने बताया कि अप्रैल 2024 में दंपति से मुलाकात हुई। दंपति ने चिनहट के शाहपुर मोहल्ले में रो हाउस बनाकर देने की बात कही।

पीड़ित ने 28 मई को प्लॉट पर मकान बनाने के लिए कुंज विहारी को 2 लाख नकद और उनकी पत्नी के खाते में 5 लाख रुपये ट्रांसफर किए। दंपति ने 16 माह में निर्माण कार्य पूरा कर मकान देने की बात कही थी।